भोपाल
सोमवार, 27 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-13
वर्ष : 13, अंक : 116
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 25

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026

# मीराबाई चानू ने भारत को दिलाया पहला गोल्ड



महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में 190 किग्रा वजन उठाकर रचा इतिहास

मीराबाई चानू

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारत का पहला स्वर्ण पदक आ गया है। भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने महिलाओं की 48 किग्रा कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस गेम्स में यह उनका लगातार तीसरा स्वर्ण पदक है। मीराबाई ने कुल 190 किग्रा (स्नैच 85 + क्लीन एंड जर्क 105 किग्रा) का भार उठाया। उन्होंने अपने ▸▸ शेष पेज 6 पर

कॉमनवेल्थ गेम्स में लगाई स्वर्णिम हैट्रिक

### मणिपुर की हैं मीराबाई

8 अगस्त 1994 को मणिपुर के इम्फाल पास जन्मी मीराबाई का बचपन संघर्षों से भरा रहा। शुरुआती दिनों में वे ट्रेनिंग के लिए रोजाना ट्रक ड्राइवरों से लिफ्ट लेकर एकेडमी जाती थीं। टोक्यो ओलंपिक 2020 में ▸▸ शेष पेज 6 पर

‘मन की बात’ में गूंजी मप्र के जल संरक्षण की गूंज, पीएम मोदी ने की सीधी और नरसिंहपुर मॉडल की तारीफ

# जनशक्ति बनी जलशक्तिः श्रमदान से 79 हजार से अधिक कंटूर ट्रेंच... हरियाली की ‘नई उम्मीद’

- जल संरक्षण के साथ भूजल संवर्धन और पर्यावरण संरक्षण को मिली नई दिशा
- सीधी-नरसिंहपुर में तालाब, बावड़ियां और नदियों के पुनर्जीवन पर विशेष अभियान

अनुरोध पटेरिया ▸▸ जबलपुर

अलग खबर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम ‘मन की बात’ में मध्यप्रदेश के जल संरक्षण और भूजल संवर्धन के प्रयासों की जमकर सराहना की। ‘कैच द रेन’ अभियान पर चर्चा करते हुए उन्होंने विशेष रूप से सीधी और नरसिंहपुर जिलों में जनभागीदारी से किए गए अनुकरणीय कार्यों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से बारिश की हर बूंद को सहेजने को एक जन-आंदोलन ▸▸ शेष पेज 6 पर



नरसिंहपुर में खंतियां बनाकर भूजल संवर्धन का बेहतरीन प्रयास

### सीधी में पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन पर फोकस

सीधी जिले में पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन पर विशेष फोकस किया गया। तालाबों की गाद निकासी, चोई की सफाई, बांधों से सिल्ट हटाने और सार्वजनिक स्थलों पर सोख्ता प्वॉइंट बनाने का कार्य जनसहयोग से किया गया। विधायक रीति पाठक के श्रमदान आह्वान पर कई प्राचीन बावड़ियों का जीर्णोद्धार हुआ। साथ ही हिरण और सुखा नदियों की सफाई कर जलधाराओं को पुनर्जीवित करने का अभियान चलाया गया। नरसिंहपुर के ▸▸ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### इस्तीफे के बाद चंपत राय की मौन साधना



**अयोध्या।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी प्रकरण के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव पद से इस्तीफा देने वाले चंपत राय ने देवशयनी एकादशी से चातुर्मास साधना शुरू कर दी है। वह अगले चार महीने तक अयोध्या में रहकर मौन व्रत, श्रीराम मंत्र का जप करेंगे। देवशयनी एकादशी से देवोत्थान एकादशी तक चलेगा।

### प्रह्लाद जोशी ने संभाला शिक्षा मंत्रालय का पदभार



**नई दिल्ली।** छात्रों और विभिन्न राजनीतिक दलों के आंदोलन के बाद धर्मेंद्र प्रधान ने शिक्षा मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे के बाद केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। रविवार को उन्होंने पदभार संभालते हुए अधिकारियों के साथ संक्षिप्त बैठक की। ▸▸ पढ़ें पेज 11 भी

### इंडियन आइडल 16 की विनर बनी ज्योतिर्मयी



**नई दिल्ली।** 10 महीनों के लंबे इंतजार के बाद ‘इंडियन आइडल 16’ को अपना विजेता मिल गया है। ओडिशा की रहने वाली ज्योतिर्मयी नायक ने चमचमाती ट्रॉफी के साथ 20 लाख रु. की प्राइज मनी अपने नाम कर नया इतिहास रच दिया है। ज्योतिर्मयी ने सफलता का श्रेय कैंसर मरीजों को दिया। वहीं, जबलपुर के तनिष्क शुक्ला शो के रनर-अप रहे।

परीक्षा सुधारों पर पीएम मोदी का बड़ा ऐलान

पेपरलीक रोकने के लिए आज संसद में कठोर कानून लाएंगे

# इंफोसिसस को-फाउंडर नीलेकणी के नेतृत्व में टास्क फोर्स का गठन

प्रधानमंत्री ने कहा कि भविष्य को ध्यान में रखते हुए परीक्षा प्रणाली को भरोसेमंद, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाया जाना जरूरी है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी, भरोसेमंद और आधुनिक बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। पीएम मोदी ने शाम 7 बजे के करीब अपने सोशल मीडिया पर परीक्षा प्रणाली में सुधार को लेकर नया वीडियो जारी किया। उन्होंने बताया कि परीक्षा सुधारों के लिए नंदन नीलेकणि के नेतृत्व में हाई पावर्ड टास्क फोर्स का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार छात्रों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए लगातार कई कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने छात्रों के भविष्य से छेड़छाड़ की, वे आज जेल में हैं। पहले ही फास्ट-ट्रैक कोर्ट स्थापित किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार संसद में ऐसे नए कानून की दिशा में भी आगे बढ़ रही है, जिसमें कड़े कानूनी प्रावधान शामिल होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भविष्य को ▸▸ शेष पेज 6 पर

पीएम ने सोशल मीडिया पर एक और वीडियो जारी कर दी जानकारी



- जिन लोगों ने छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया, वे जेल में
- परीक्षा प्रणाली में तकनीक और पारदर्शिता पर रहेगा जोर

### जल्द ही आएगी टास्क फोर्स की रिपोर्ट

प्रधानमंत्री ने बताया कि यह टास्क फोर्स परीक्षा सुधारों पर काम करेगी। इसकी रिपोर्ट के आधार पर जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि आने वाली परीक्षाओं की विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके।

### पिछले दो वीडियो में क्या रहे बड़े ऐलान

सबसे पहले 23 जुलाई की रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर 2 मिनट 56 सेकंड का वीडियो संदेश साझा किया था। इसमें उन्होंने कहा था कि पेपर लीक से जुड़े मामलों के जल्द निपटारे के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने का निर्देश भी दिया गया है। इसके अगले दिन 24 जुलाई को पीएम मोदी ने एक और वीडियो जारी कर कहा कि उन्हें पिछली रात लोगों से ▸▸ शेष पेज 6 पर

कौन हैं नंदन नीलेकणि?

### घर-घर में जिन्होंने दिया ‘आधार’

नंदन नीलेकणि का जन्म देश के आईटी हब कहे जाने वाले बंगलुरू शहर में 2 जून 1955 को हुआ था। नीलेकणि ने अपने इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग की पढ़ाई आईआईटी बॉम्बे से पूरी की। खास बात यह है कि उन्होंने बिना किसी कोचिंग के दम पर आईआईटी बॉम्बे में दाखिला पाया था। वर्ष 1981 में उन्होंने एनआर नारायण मूर्ति और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर इंफोसिस की स्थापना की। ▸▸ शेष पेज 6 पर



नंदन नीलेकणि

दतिया उपचुनावः आयोग के निर्देश पर एक्शन

# 6 थानों के प्रभारी समेत 14 पुलिस अफसरों के तबादले




पीएचक्यू ने जारी किए आदेश, कई अफसर भोपाल अटैच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल/दतिया

दतिया विधानसभा उपचुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के सख्त निर्देशों के अनुपालन में मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा चंबल-ग्वालियर अंचल तथा दतिया जिले में पदस्थ 14 निरीक्षक, ▸▸ शेष पेज 6 पर

सीजेपी के बाद दो नए आंदोलनों की तैयारी

# अब ‘ई 20 जनता पार्टी’ और ‘रिजर्वेशन हटाओ’ की दस्तक




एथनॉल मिश्रण और आरक्षण नीति के खिलाफ युवाओं का मोर्चा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के जंतर-मंतर पर ‘कॉकरोच जनता पार्टी’ (सीजेपी) के 36 दिनों के आंदोलन के बाद पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से उत्साहित होकर अब सोशल मीडिया पर नए डिजिटल आंदोलनों की बाढ़ आ गई है। सीजेपी की तर्ज पर अब ‘ई 20 जनता पार्टी’ और ‘रिजर्वेशन हटाओ आंदोलन’ (आरएचए) जैसे अभियान तेजी से वायरल हो रहे हैं। पेट्रोल में 20% ▸▸ शेष पेज 6 पर

गुड़ खिला रहे ऑटो ड्राइवर पर हाथी का हमला

# अपनी सूंड से पटक कर कुचल डाला, इलाज के दौरान हुई मौत

महावत को हिरासत में ले लिया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

इंदौर में एक दर्दनाक हादसे में हाथी के हमले से ऑटो ड्राइवर की जान चली गई। घटना शनिवार शाम राजनगर पुलिस चौकी के पास की है, जिसका वीडियो रविवार को सामने आया। मृतक की पहचान 49 वर्षीय विजय उर्फ लक्ष्मण राव होलकर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार हाथी को उज्जैन से जैन समाज के एक मांगलिक कार्यक्रम में इंदौर लाया गया था। कार्यक्रम के बाद महावत हाथी को इलाके में घुमाकर भिक्षावृत्ति करा रहा था।



कॉलोनी में घूमता हाथी

इसी दौरान ऑटो चालक विजय ने हाथी को रोककर गुड़ खिलाना शुरू किया, तभी अचानक हाथी भड़क गया। उसने विजय को सूंड से उठाकर जमीन पर पटका और फिर पैर से कुचल दिया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह हाथी को काबू में किया और गंभीर रूप से घायल विजय को अस्पताल ▸▸ शेष पेज 6 पर



4700 करोड़ रुपए से तैयार हुआ

# उद्घाटन के 12 दिनों में धंसा लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे



एजेंसी ▸▸ उन्नाव

- सपा नेता ने वीडियो जारी कर उठाए सवाल

लखनऊ-कानपुर एलिवेटेड एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के महज 12 दिन बाद उन्नाव के कोरारी क्षेत्र में सड़क का 5 से 7 मीटर हिस्सा धंस गया। बारिश के कारण मिट्टी खिसकने से ▸▸ शेष पेज 6 पर




एक सप्ताह में पूरा प्रदेश भीगेगा, पहले पूर्वी मप्र में जोर पकड़ेगी बरसात

प्रदेश में अभी सामान्य से 15 फीसदी कम बारिश

# प्रदेश में कल से होगी तेज बारिश अगस्त की शुरूआत तक यह दौर

आज भोपाल सहित 3 दर्जन जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में मंगलवार से मौसम में फिर बदलाव होगा। इससे पूर्वी मप्र के अधिकांश जिलों में दिन के तापमान में तेजी से कमी आएगी। बीते तीन दिन से प्रदेश का औसत अधिकतम पारा 33 डिग्री के करीब रहा है, जिसमें अगले दो दिन में करीब से दो से तीन डिग्री तक की कमी आएगी।

प्रदेश में रविवार तक सामान्य से औसतन 15 फीसदी कम बारिश हुई है। यह कमी काफी हद तक इस सप्ताह की बारिश में कवर होने की उम्मीद है। अभी पूर्वी ▸▸ शेष पेज 6 पर



राजधानी का बोट क्लब, शाम 6 :45 बजे का दृश्य

### आज यहां हल्की से मध्यम बारिश

सोमवार तक भोपाल, विदिशा, सीहोर, राजगढ़, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होगी। रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, नरिसंहपुर, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा में कुछ जगह तेज बारिश की उम्मीद है।


समृद्ध किसान
समृद्ध प्रदेश
किसान
कल्याण वर्ष 2026
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
बलराम कृषि महोत्सव
27 जुलाई, 2026 | नई कृषि उपज मंडी, खण्डवा
मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की राशि
₹ 3300 करोड़+ का
82 लाख + किसानों को
अंतरण एवं संवाद
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण
आधुनिक खेती का मंत्र
उन्नत बीज, कृषि यंत्रीकरण, ड्रोन, स्मार्ट सिंचाई और डिजिटल कृषि सेवाओं की जानकारी
जैविक खेती से बढ़ेगी आय
प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण और टिकाऊ कृषि पर विशेष फोकस
जानकारी का एक मंच
कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता सहित विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी
विशेषज्ञों से सीधा संवाद
खेती की समस्याओं का समाधान, नई तकनीकों और बाजार आधारित कृषि मॉडल की जानकारी
मौसम के अनुसार खेती की तैयारी
मृदा स्वास्थ्य, मौसम आधारित खेती और जलवायु अनुकूल कृषि के टिप्स
D-11065/26
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 27 जुलाई 2026



## इक्का-दुक्का यात्री ही सफर कर रहे

# भोपाल मेट्रो की रफ्तार बढ़ी लेकिन यात्री नहीं, अब रोज 50 ट्रिप, कई फेरे खाली

**पीक ऑवर्स में हर 15 मिनट पर ट्रेन, फिर भी 100-150 यात्रियों तक सिमटी सवारी**



रविवार को मेट्रो में खाली कोच।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रो ने प्रायोरिटी कॉरिडोर पर संचालन बढ़ाते हुए अब रोजाना 50 ट्रिप शुरू कर दी हैं, लेकिन यात्रियों की संख्या अभी भी उम्मीद के अनुरूप नहीं बढ़ पा रही है। हालात यह हैं कि कई फेरों में इक्का-दुक्का यात्री ही सफर करते दिखाई दे रहे हैं, जबकि तीनों कोच लगभग खाली रहते हैं। मेट्रो के संचालन में बढ़ोतरी के बावजूद प्रतिदिन महज 100 से 150 यात्री ही सफर कर रहे हैं।

यात्रियों की सुविधा और संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से मेट्रो प्रशासन ने नई समय सारिणी लागू की है। इसके तहत सुबह 9 बजे से 10:30 बजे तक और शाम 5:30 बजे से 7 बजे तक पीक आवर्स में हर 15 मिनट के अंतराल पर मेट्रो उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं, बाकी समय ट्रेनों का संचालन 30-30 मिनट के अंतराल पर किया जा रहा है।

### मेट्रो में कुल यात्री संख्या अभी भी काफी कम

मेट्रो प्रशासन का दावा है कि नई समय सारिणी लागू होने के बाद पीक आवर्स में यात्रियों की संख्या में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि कुल यात्री संख्या अभी भी काफी कम है। अधिकांश ट्रिप में सीटें खाली रहती हैं और कई बार पूरे कोच में गिने-चुने यात्री ही नजर आते हैं। अधिकारियों का कहना है कि अभी मेट्रो सेवा शुरुआती चरण में है। वर्तमान में प्रायोरिटी कॉरिडोर सीमित क्षेत्र तक संचालित हो रहा है। जैसे-जैसे सुभाष नगर से एम्स तक नियमित आवागमन बढ़ेगा और बोर्ड ऑफिस जैसे व्यस्त स्टेशन पर यात्रियों की संख्या बढ़ेगी, वैसे-वैसे मेट्रो का उपयोग भी बढ़ने की उम्मीद है। मेट्रो प्रबंधन को आरकेएमपी रेलवे स्टेशन पर स्काईवॉक शुरू होने से भी काफी उम्मीदें हैं। स्काईवॉक बनने के बाद रेलवे स्टेशन से मेट्रो स्टेशन तक यात्रियों की आसान पहुंच होगी, जिससे ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों का एक बड़ा वर्ग मेट्रो से जुड़ सकता है।

**28 किमी का होगा सबसे लंबा रूट, 21 किमी का सबसे छोटा रूट**

# शहर को बड़ी सौगात... आधुनिक सुविधाओं से लैस ई-बसों में आज से कर सकेंगे सफर, तीन रूटों पर चलेंगी दस ई-बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लंबे इंतजार के बाद आखिकर सोमवार से शहर में पीएम ई-बस सेवा के तहत मिलीं ई-बसों का संचालन यात्रियों के लिए शुरू हो जाएगा। शहर के लोग आधुनिक सुविधाओं से लैस ई-बसों में यात्रा कर सकेंगे। बीसीएलएल पहले चरण में चिरायु से बोर्ड ऑफिस मेट्रो स्टेशन से बैरागढ चिचली तक एवं चिरायु हॉस्पिटल से बोर्ड ऑफिस मेट्रो स्टेशन से रेल्वे कोच फैक्ट्री तक 10 ई-बसों का यात्रियों सहित ट्रायल संचालन करेगा। ई-बस संचालन में यात्री किराया वर्ष-2022 में परिवहन विभाग द्वारा पूर्व अनुमोदित किराया दर के मान से लिया जायगा।

शहर में बीते पांच दिनों से ई-बसों का ड्राय ट्रायल रन चल रहा था। इस दौरान बसों को निर्धारित रूटों पर चलाकर तकनीकी परीक्षण किया गया। इस दौरान बसों को मुढने, बस स्टॉप पर रुकने, यात्रियों को चढने-उतरने को लेकर होने वाली दिक्कतों आदि को परखा गया। तकनीकी टीम को इस दौरान कोई भी खामी नहीं मिली। इसी तरह घाटी पर किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं आई। लिहाजा बीसीएलएल ने पहले चरण में दस बसों को तीन रूटों पर चलाने का निर्णय लिया। यह बसें डिपों में सोमवार से शहर की सडकों पर चलने के लिए तैयार हैं। रविवार को इस बसों का तकनीकी और व्यवहारिक परीक्षण पूरा कर लिया गया। यह बसें सुबह 9 बजे संत नगर स्थित डिपो से अपने-अपने रूटों पर रवाना होंगी।

> चिरायु से बोर्ड ऑफिस, मेट्रो स्टेशन से बैरागढ़ चिचली तक एवं चिरायु हॉस्पिटल से बोर्ड ऑफिस मेट्रो स्टेशन से रेल्वे कोच फैक्ट्री तक ट्रायल

**सुबह 9 बजे संत नगर स्थित डिपो से अपने-अपने रूटों पर रवाना होंगी**



फाइल फोटो

### इन मार्गों से गुजरेगी

*चिरायु हॉस्पिटल, वैरागढ़, लालघाटी, कलेक्ट्रेट, रॉयल मार्केट, पीरगेट, कमला पार्क, रविंद भवन, रंगमहल, रोशनपुरा, नानके पेट्रोल पंप. मेन रोड नं. 1. रेड क्रॉस हॉस्पिटल, बोर्ड ऑफिस चौराहा मेट्रो स्टेशन, चेतक ब्रिज, आईएसबीटी, शाति निकेतन, सुभाष नगर, प्रभात चौराहा पंप. अशोका गार्डन पुष्पा नगर, भोपाल रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नं. 1. रेलवे कॉलोनी, द्वारका नगर, कोच फैक्ट्री*

चिरायु हॉस्पिटल, बैरागढ़, लालघाटी, कलेक्ट्रेट, रॉयल मार्केट, पीरगेट, कमला पार्क, रविंद्र भवन, रंगमहल, रोशनपुरा, नानके पेट्रोल पंप, मेन रोड नं. 1. रेड क्रॉस हॉस्पिटल, बोर्ड ऑफिस चौराहा मेट्रो स्टेशन, एमपी नगर मेट्रो स्टेशन, भाजपा कार्यालय, बिट्टन मार्केट, 1100 क्याटर्स हनुमान मंदिर, मनीषा मार्केट, बंसल हॉस्पिटल, चूना भट्टी चौराहा, कोलार सिक्स लेन रोड, नयापुरा, ललिता नगर, गेहूं खेडा, बैरागढ़ चिचली।

बस नंबर- बी36 - रेल्वे कोच फैक्ट्री (रेल्वे प्लेटफॉर्म नं. 1) से बैरागढ़ चिचली (कोलार रोड़) तक (21 किमी)।

### शहर के इन रूटों पर आज चलेंगी ई-बसें

बस नंबर- बी35/बी36-चिरायु से बोर्ड ऑफिस मेट्रो स्टेशन से बैरागढ चिचली तक (28 किमी)।

### इन मार्गों से गुजरेगी

कोच फैक्ट्री, द्वारका नगर, रेलवे कॉलोनी, भोपाल रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नं. 1. पुष्पा नगर, अशोका गार्डन, प्रभात चौराहा, सुभाष नगर, शांति निकेतन, आईएसबीटी, चेतक ब्रिज, बोर्ड ऑफिस चौराहा मेट्रो स्टेशन, एमपी नगर मेट्रो स्टेशन, भाजपा भवन, बिट्टन मार्केट, 1100 क्वाटर्स हनुमान मंदिर, मनीषा मार्केट, बसल हॉस्पिटल, चूना भट्टी चौराहा, कोलार सिक्स लेन रोड, नयापुरा, ललिता नगर, गेहूं खेड़ा एवं बैरागढ़ चिचली।

बस नंबर-B35/B36 - चिरायु हॉस्पिटल से बोर्ड ऑफिस मेट्रो स्टेशन से रेल्वे कोच फैक्ट्री तक (26.4 किमी)।

### ई-बसों के लिए यह रूट किए गए तय

- सूखी सेवनिया से भोजपुर (49 किमी)
- अटल बिहारी यूनिवर्सिटी से आरआरएफ कैंप बगरोदा (50.6 किमी)
- औद्योगिक क्षेत्र अचारपुरा से बीडीए कॉलोनी (32 किमी)
- औद्योगिक क्षेत्र अचारपुरा से बिलकिसगंज (41.8 किमी)
- परवलिया सड़क से औबेदुल्लागंज (56.8 किमी)
- सीहोर से रातापानी (68.5 किमी)
- सीहोर से कटारा बायपास तिराहा (53.7 किमी)
- कोच फैक्ट्री से औबेदुल्लागंज (41.3 किमी)
- फंदा से मंडीदीप (65.3 किमी)
- बिलखिरिया से सीहोर (61.5 किमी)
- फंदा से आईबीडी रॉयल सलैया (40.2 किमी)
- कोच फैक्ट्री से गोल-जोड़ (28 किमी)।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत पुलिस ने की कार्रवाई, नशा बेचने वालों में हड़कंप

# 200 जवान, ड्रोन व स्निफर डॉग्स के साथ इतवारा में नशा माफिया पर रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत तलैया पुलिस ने इतवारा में सुनियोजित तरीके से दबिश दी। पुलिस के दो सौ जवान, ड्रोन कैमरे और स्निफर डॉग्स, डॉग कैचर, सहित लैडर और कटर के साथ रेड की गई।

इस रेड से इतवारा में नशे का कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया। शनिवार देर रात हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने महिला गांजा तस्करों सहित छह तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से साढ़े सात किलो गांजा, 90 ग्राम चरस और हथियार सहित अवैध हथियार, शराब और वन्य जीवों के अंग बरामद किए हैं। तस्करों में एक महिला से वन्यजीव के अंग मिले हैं। दबिश के दौरान आरोपी भाग न सके। लिहाजा पुलिस ने आरोपियों के भागने पर रोकने के लिए प्रत्येक टारगेट पर 'कट-ऑफ पार्टी' और 'सर्चिंग पार्टी' तैनात कर रखी थी।

> इतवारा से महिला सहित छह तस्करों से गांजा, चरस, अवैध हथियार सहित शराब और वन्य जीवों के अंग किए बरामद

**कार्रवाई के लिए पुलिस जवानों को बस के माध्यम से बुलाया**

**रात साढ़े बारह बजे के करीब 200 पुलिसकर्मियों ने शुरू की कार्रवाई**



पुलिस कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपी।

## आरोपियों को दबोचने प्रत्येक चिन्हित घर पर अलग-अलग 'कट-ऑफ पार्टी' लगाई

तलैया थाना प्रभारी दीपक डेहरिया ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों से उन्होंने नशे के खिलाफ कार्रवाई करने का प्लान बताया था। वरिष्ठ अधिकारियों ने प्लान पूरा करने मार्गदर्शन दिया। मार्गदर्शन के तहत शनिवार रात को जोन के पुलिस जवानों को बस के माध्यम से बुलाया गया। सूचनाएं लीक न हो इसका पूरा ध्यान रखा गया। पुलिस जवानों को कहा गया कि कॉम्बिंग गश्त में ड्यूटी लगाई गई है। इतवारा मार्केट पहुंचने के बाद उन्हें सही मकसद बताया गया। रात साढ़े बारह बजे के करीब 200 पुलिसकर्मियों का बल और नारकोटिक्स स्निफर डॉग, डॉग कैचर, लैडर (सीढ़ी), कटर एवं ड्रोन कैमरों की वीडियोग्राफी टीम के साथ इतवारा व तिलक मार्केट में दबिश दी।

दबिश से पहले प्रत्येक चिन्हित घर पर अलग-अलग 'कट-ऑफ पार्टी' लगाई गई, ताकि कोई भी आरोपी पुलिस को देखकर भाग न सके और तलाशी करने अलग 'सर्चिंग पार्टी' बनाई गई। प्लान के तहत घेराबंदी में 6 आरोपियों को धर-दबोचा गया, जिनके कब्जे से मादक पदार्थ, अवैध तलवार, छुरी और वन्य जीव के अंग बरामद किए गए। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के कुल 6 अपराध, आर्म्स एक्ट एवं वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम का 1 एवं आबकारी एक्ट का 1 अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों से गांजे की खरीद, परिवहन एवं सप्लाई नेटवर्क के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त करने के लिएसभी आरोपियों का पुलिस रिमांड प्राप्त किया जा रहा है।

### पुलिस की दबिश में इन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया



कार्रवाई के दौरान मौजूद पुलिस अधिकारी।

माधुरी संकत पति कामिनी संकत उर्फ कामिल संकत (36) इतवारा, चौकी के पीछे तलैया। उमेश मेशकर पिता उदल कुचबंदिया मेशकर (38) तिलक मार्केट सुनीता संकत पति सूरज संकत (45) सईदिया स्कूल के पास इतवारा, मुन्नी बाई कुचबंदिया पिता चिमनलाल कुचबंदिया (52) सईदिया स्कूल रोड इतवारा। उत्तम कुचबंदिया पिता पृथ्वी कुचबंदिया (35) तिलक मार्केट इतवारा, रामकली पति गरीबदास कुचबंदिया (60)तिलक मार्केट के पीछे इतवारा को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। इसी प्रकार शिवानी संकत पति शनि उर्फ गणेश कुचबंदिया (35) सईदिया स्कूल के पास इतवारा को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट एवं वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की धाराओं में कार्रवाई की गई।

## कलियासोत और केरवा वेटलैंड में हादसे की आशंका

# शिकायत के बाद भी नहीं थम रही मड रैली वेटलैंड में हर वीकेंड वाहनों का जमघट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलियासोत और केरवा वेटलैंड इन दिनों हर सप्ताह अवैध मड कार रैली का केंद्र बनते जा रहे हैं। शनिवार और रविवार को यहां बड़ी संख्या में लोग चार पहिया वाहनों के साथ प्रतिबंधित और संवेदनशील कैचमेंट क्षेत्र तक पहुंच रहे हैं।

कीचड़ भरे इलाकों में तेज रफ्तार वाहन दौड़ाए जा रहे हैं। इससे बड़े हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है। स्थानीय रहवासियों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोगों का आरोप है कि कलेक्टर और पुलिस कमिश्नर को शिकायतें किए जाने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। उनका कहना है कि रातीबड़ थाना क्षेत्र में हर सप्ताह के अंत में हजारों लोग एकत्र होते हैं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से यह गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। इससे न केवल कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि पर्यावरणीय नियमों की भी अनदेखी हो रही है।



कीचड़ भरे इलाके में मड रैली को देखने पहुंचे लोग।

## तीसरी बार बस संचालकों का अल्टीमेटम

# 7 अगस्त तक मांगें नहीं मानीं तो 8 से रोक देंगे बसों के पहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में बस परिवहन व्यवस्था अगले कुछ दिनों में प्रभावित हो सकती है। दरअसल रविवार को मप्र बस ओनर्स एसोसिएशन की प्रदेश स्तरीय बैठक में 55 जिलों के बस ऑपरेटरों ने सर्वसम्मति से सरकार को अंतिम चेतावनी देने का निर्णय लिया। उल्लेखनीय है कि दो माह में यह तीसरी बार है, जब बस संचालकों की ओर से सरकार हड़ताल को लेकर अल्टीमेट दिया है।

जानकारी के अनुसार बैठक में तय किया गया कि यदि 7 अगस्त तक बस संचालकों की मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया, तो 8 अगस्त की रात 12 बजे से प्रदेशभर की निजी बसों का संचालन बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी।

एसोसिएशन के महामंत्री जय कुमार जैन ने बताया कि बैठक में सात सूत्रीय एजेंडे पर चर्चा हुई। इनमें सबसे प्रमुख मुद्दा पिछले कई वर्षों से लंबित बस किराया वृद्धि का रहा।

बस संचालकों का कहना है कि वर्ष 2021 में डीजल करीब 69 रुपए प्रति लीटर था, जो अब 100 रुपए प्रति लीटर के पार पहुंच चुका है। इसके बावजूद किराए में संशोधन नहीं किया गया। वहीं पड़ोसी राज्यों में कई बार किराया बढ़ाया जा चुका है और हाल ही में महाराष्ट्र में भी बस किराया बढ़ाकर करीब 2 रुपए प्रति यात्री प्रति किमी कर दिया गया है।

### नामांतरण-लीज नवीनीकरण के दो हजार से ज्यादा मामले अटके

**भोपाल।** नगर निगम के सभी 21 जोन कार्यालयों में संपत्तियों के नामांतरण, अंतरण और लीज नवीनीकरण के दो हजार से अधिक मामले लंबित हैं। निगम प्रशासन के नए निर्देशों के चलते लोगों की मुश्किलें बढ गई हैं। दरअसल अप्रैल माह में निगम प्रशासन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि बिना रजिस्टर्ड (पंजीकृत) दस्तावेज के किसी भी संपत्ति का नामांतरण, अंतरण या लीज नवीनीकरण नहीं किया जाएगा। इससे ऐसे आवेदकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं जिनके पास रजिस्टर्ड दस्तावेज नहीं हैं। इस तरह के दो हजार से ज्यादा आवेदक जोन कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। जारी आदेश में राजस्व अधिकारियों और जोनल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संपत्ति संबंधी सभी प्रकरणों में पंजीकृत दस्तावेजों के आधार पर ही कार्रवाई की जाए।

## यूपीपीएससी, बैंक, रेलवे सहित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आते हैं विद्यार्थी

# सेंट्रल लाइब्रेरी में 500 स्टूडेंट्स नाले की बदबू के बीच कर रहे पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की ऐतिहासिक सेंट्रल लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं की पहली पसंद है, लेकिन यहां पढ़ाई का माहौल नाले से उठने वाली दुर्गंध बिगड़ रहा है। रोजाना करीब 500 छात्र-छात्राएं एमपीपीएससी, यूपीएससी, बैंकिंग, रेलवे, एसएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए लाइब्रेरी पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें बदबू के बीच बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

118 वर्ष पुरानी इस लाइब्रेरी में शहरभर के करीब 12 हजार पंजीकृत सदस्य हैं और यहां एक लाख से अधिक पुस्तकों का समृद्ध संग्रह मौजूद है। आधुनिक रीडिंग हॉल और शांत वातावरण के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थी यहां नियमित अध्ययन करते हैं, लेकिन लाइब्रेरी के समीप से गुजर रहे खुले नाले की बदबू के चलते सही ढंग से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं।

*निगम अमला हर दूसरे दिन नाले की कर रहा है सफाई*

*स्टूडेंटस बोले- गुजर रहे नाले को कवर्ड किया जाए*

*118 साल पुरानी लाइब्रेरी में शहर के 12 हजार स्टूडेंटस हैं रजिस्टर्ड*

**तेज दुर्गंध के कारण लंबे समय तक पढ़ाई करना मुश्किल**



लाइब्रेरी के पास स्थित नाला।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों का कहना है कि सुबह और शाम के समय नाले से उठने वाली तेज दुर्गंध के कारण लंबे समय तक पढ़ाई करना मुश्किल हो जाता है। कई बार उन्हें बीच में ही बाहर निकलना पड़ता है। उनका कहना है कि नाले को स्थाई रूप से कवर्ड कर दिया जाए, जिससे समस्या का समाधान हो सके। यह मामला विभिन्न बैठकों में कलेक्टर तक भी पहुंचा, लेकिन इसे कवर्ड नहीं किया गया।

### नाले पर हो रहे कब्जे

नाले पर कब्जे की भी शिकायतें हैं। पक्के निर्माण तक किए गए हैं, लेकिन निगम के अतिक्रमण अमले का ध्यान इस ओर नहीं है। इस संबंध में निगम के अधिकारियों का कहना है कि सेंट्रल लाइब्रेरी क्षेत्र में अगर नाले पर कब्जे हैं तो सख्ती से हटाया जाएगा।



लाइब्रेरी में पढ़ाई करते विद्यार्थी।

### निगम का तर्क- ऊंचे क्षेत्र में रहने वाले लोग नाले में फैलाते हैं गंदगी

नगर निगम में जोन-5 के एएचओ हेमंत राठौर का कहना है कि नाले की हर दूसरे दिन सफाई करवाई जा रही है। गंदगी फैलाने वालों पर स्पॉट फाइन भी कर रहे हैं। पहाडी क्षेत्र में रहने वाले लोग गंदगी नाले में बहा रहे हैं। इससे लाइब्रेरी में स्टूडेंटस को दिक्कत होती है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करेंगे।

# इंटर्न डॉक्टरों की हड़ताल के समर्थन में आईएमए जेडीएन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्टायपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर हड़ताल कर रहे इंटर डॉक्टर के समर्थन में आईएमए जेडीएन उतरा पड़ा है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जूनियर डॉक्टर्स नेटवर्क ने मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री से शीघ्र सकारात्मक निर्णय की अपील की।

नेटवर्क ने प्रदेश के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्यरत एमबीबीएस इंटर्न डॉक्टरों की लंबे समय से लंबित स्टाइपेंड वृद्धि की मांग का पूर्ण समर्थन किया है। संगठन द्वारा मुख्यमंत्री को एक औपचारिक पत्र प्रेषित कर इंटर्न डॉक्टरों का स्टाइपेंड वर्तमान 14 हजार 337 से बढ़ाकर 30 हजार रुपए प्रतिमाह किए जाने की पुरजोर मांग की गई है। संगठन के महासचिव डॉ कुलदीप गुप्ता ने बताया कि इंटर्न डॉक्टर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं। अस्पतालों की ओपीडी, आईपीडी, इमरजेंसी, लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर और सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं में ये डॉक्टर 24 से 36 घंटे तक लगातार ड्यूटी देकर मरीजों की सेवा करते हैं।

संगठन ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में दिया जा रहा 14 हजार 337 प्रति माह का स्टाइपेंड अत्यधिक कार्यभार, बढ़ती महंगाई और जीवन-यापन लागत की तुलना में अत्यंत अपर्याप्त है।

देश के अन्य कई राज्यों की तुलना में मध्यप्रदेश में इंटर्न्स को दिया जाने वाला स्टाइपेंड काफी कम है, जिससे युवा डॉक्टरों में निराशा का माहौल है।

## कृतज्ञता प्रकट करने होंगे गुरु पूजन के विशेष कार्यक्रम

# गुरु पूर्णिमा 29 को, 56 साल बाद एक साथ 3 राजयोगों का बना रहा दुर्लभ संयोग: बुधादित्य राजयोग, शश महापुरुष और हंस राजयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरु पूर्णिमा 29 जुलाई को मनाई जाएगी। इस बार गुरु पूर्णिमा पर चार अद्भुत संयोग और राजयोग बन रहा है। इस दिन गुरु के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए गुरु पूजन के कार्यक्रम होंगे। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार गुरु पूर्णिमा पर 56 साल बाद एक साथ 3 राजयोगों का निर्माण हो रहा है।

इस दिन बुधादित्य राजयोग, शश महापुरुष और हंस राजयोग बन रहा है। बुधादित्य राजयोग सूर्य और बुध की युति से बनता है, जो बौद्धिक क्षमता, करियर और मान-सम्मान में वृद्धि करेगा। वहीं, इस दिन



ग्रहों की विशेष स्थिति के कारण शश राजयोग जैसे शक्तिशाली योग भी बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि गुरु पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान व श्रीहरि विष्णु की विधिवत पूजा विष्णु सहस्त्रनाम, पुरुष सूक्त का पाठ, ऊं नमो भगवते वासुदेवाय नमः का जाप करने से अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है।

### गुरु पूर्णिमा के शुभ मुहूर्त

आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 28 जुलाई को शाम 06:18 बजे से होगी। इसका समापन 29 जुलाई को रात 08:05 बजे होगा। उदयातिथि के अनुसार, गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व 29 जुलाई को मनाया जाएगा।

### गुरु पूजन... शहर में यहां भी होंगे विशेष आयोजन

- मां चामुंडा दरबार शाहजहांनाबाद भोपाल में 59वां गुरू पूर्णिमा महोत्सव दरबार में रात्रि 10 से 2 बजे तक गुरू पूजा के साथ दीक्षा दी जाएगी। इस दौरान पंडित रामजीवन दुबे गुरुजी के प्रदेश व देश के अन्य राज्यों से आए शिष्य गुरू पूजन कर आशीर्वाद लेंगे।
- मां पीतांबरा बगलामुखी मंदिर कोटरा में गुरु पूजा होगी। इसी तरह दादाजी धाम पटेल नगर और धूनी वाले दादा दरबार श्यामला हिल्स में गुरु पूर्णिमा मनाई जाएगी।

### गुरु पूर्णिमा पर पूजा विधि

पुजारी रामजीवन दुबे का कहना है कि सुबह सूर्योदय से पहले उठें और स्नान करें। स्वच्छ वस्त्र पहनें और पूजा स्थान को साफ करें। भगवान वेद व्यास और अपने गुरु की प्रतिमा स्थापित करें। दीप प्रज्ज्वलित करें और धूप-बत्ती लगाएं।



फूल, फल और मिठाई अर्पित करें। गुरु मंत्रों का जाप करें। गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें। गुरु पूर्णिमा के दिन दान करना भी अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। गरीबों, ब्राह्मणों या किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को दान दिया जा सकता है।

### आज देशभर की गौशालाओं में होंगे गो सेवा, पूजन और जनजागरण के आयोजन

## गो सेवा, संरक्षण और संवर्धन के लिए गायत्री परिवार का देशव्यापी अभियान

**भोपाल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा गौ सेवा, संरक्षण एवं संवर्धन के लिए देशव्यापी गौ सम्मान आह्वान अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत देशभर में गायत्री परिवार द्वारा संचालित अथवा संरक्षित गौशालाओं में श्रद्धापूर्वक गौ सेवा, पूजन तथा गौ संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जनजागरण के रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अखिल विश्व गायत्री परिवार के मुख्यालय शांतिकुंज हरिद्वार, गायत्री तपोभूमि मथुरा तथा मध्य प्रदेश के भोपाल, इमलिया (रायसेन), सेंधवा, खड़खोद बुरहानपुर, गुना जिले में भुलाए गौशाला, आमला आगर सहित अनेक स्थानों पर गायत्री परिवार द्वारा गौशालाओं का संचालन एवं संरक्षण किया जा रहा है। इन गौशालाओं में गौ आधारित विभिन्न औषधियों, गौअर्क,



घनवटी आदि तथा धूप, साबुन, फिनाइल, शैंपू ,, गौकाष्ट,कंधे,जैविक एवं क्रम कम्पोज खाद सहित अनेक उपयोगी उत्पादों का निर्माण भी किया जा रहा है।

## मोबाइल एप, कॉल सेंटर और सीएलसी की सुविधा से बना नया रिकॉर्ड

# कॉलेजों में ई-प्रवेश से 4 लाख 89 हजार छात्रों को मिला घर बैठे एडमिशन, बना नया रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*अंतिम तिथि 31 जुलाई, उच्च शिक्षा विभाग ने शासकीय एवं गैर सरकारी कॉलेजों को निर्देश*

उच्च शिक्षा विभाग की विद्यार्थी-केंद्रित ई-प्रवेश प्रणाली ने उच्च शिक्षा में प्रवेश का नया रिकॉर्ड बना है। विभाग द्वारा प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल, पारदर्शी और सरल बनाने के लिए किए गए नवाचारों का परिणाम इस साल दिखाई दिया है। इस साल 24 जुलाई तक प्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में 4,89,169 विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त कर लिया है, जो पिछले चार वर्षों में समान अवधि का सवाज़्धिक आंकड़ा है।




फाइल फोटो

### 7 लाख से अधिक ने कराया पंजीयन

वर्तमान शैक्षणिक सत्र में अब तक 7,18,386 विद्यार्थियों ने ई-प्रवेश पोर्टल पर पंजीयन कराया है। इनमें से 6,31,854 विद्यार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन पूरा हो चुका है। 4,89,169 विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया है। इन विद्यार्थियों में 3,38,148 स्नातक (यूजी), 1,04,455 स्नातकोत्तर (पीजी) तथा 46,566 एनसीटीई पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए एडमिशन लिया है।

### प्रवेश मेला अभियान से मिली रफ्तार

अतिरिक्त कॉलेज लेवल काउंसिलिंग (सीएलसी) राउंड के दौरान उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेशभर के शासकीय, अशासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में प्रवेश मेला अभियान संचालित किया। इसका उद्देश्य रिक्त सीटों पर अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाना था।

### 31 जुलाई तक एडमिशन का अवसर

सीएलसी चरण की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी शासकीय एवं गैर सरकारी कॉलेजों को निर्देश दिए हैं कि अंतिम चरण में भी हेल्प सेंटर पूरी सक्रियता से संचालित रहें तथा हर पात्र विद्यार्थी तक पहुंच सुनिश्चित की जाए।

### विद्यार्थियों को शिड्यूल स्पेशलाइजेशन के साथ एमबीए करने का अवसर

## आरजीपीवी: एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त स्कूल ऑफ एप्लाइड मैनेजमेंट प्रवेश शुरू

**भोपाल।** एआईसीटीई से मान्यता ऑटोनोमस संस्थान स्कूल ऑफ अप्लाइड मैनेजमेंट आरजीपीवी कैंपस में दो वर्षीय एमबीए (सत्र 2026-28) में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यार्थियों को ड्यूल स्पेशलाइजेशन के साथ एमबीए करने का अवसर मिलेगा। प्रभारी निदेशक स्कूल ऑफ अप्लाईड मैनेजमेंट आरजीपीवी कैंपस प्रो सीमा सक्सेना ने बताया कि प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी ह्यूमन रिसोर्स (एचआर), मार्केटिंग, डिजिटल मार्केटिंग, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और ऑपरेशन्स मैनेजमेंट जैसे विषयों में अपनी रुचि के अनुसार दो विशेषज्ञताओं का चयन कर सकते हैं। संस्थान में विद्यार्थियों के लिए बस, छात्रावास एवं मेस सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट असिस्टेन्स भी प्रदान किया जाता है, जिससे विद्यार्थियों के बेहतर करियर निर्माण में सहायता मिलती है। प्रवेश मध्यप्रदेश के डीटीई की काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से किए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी डीटीई पोर्टल पर पंजीयन कर प्रवेश प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। अधिक जानकारी अभ्यर्थी आरजीपीवी कैंपस के स्कूल ऑफ अप्लाईड मैनेजमेंट से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

### चार साल में सर्वाधिक प्रवेश, प्रवेश प्रक्रिया में वृद्धि दर्ज

उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2023-24 में समान अवधि तक 3,21,154, वर्ष 2024-25 में 3,25,095, वर्ष 2025-26 में 4,15,655 तथा वर्ष2026-27 में 4,89,169 विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त किया। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में 73,514 तथा वर्ष 2023-24 की तुलना में 1,68,015 अधिक विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा से जुड़कर नया रिकॉर्ड बनाया है। यह वृद्धि प्रदेश में उच्च शिक्षा के प्रति बढ़ते विश्वास, डिजिटल सुविधाओं के विस्तार तथा विद्यार्थी-अनुकूल नीतियों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रवेश में इस उल्लेखनीय वृद्धि का सबसे बड़ा कारण विभाग द्वारा विकसित ई-प्रवेश पोर्टल एवं मोबाइल एप है।

### कॉल सेंटर और सीएलसी से मिला लाभ

विभाग के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाने के लिए विभाग ने प्रदेशभर के कॉलेजों में हेल्प सेंटर, विद्यार्थियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 24 घंटे कॉल सेंटर, जिला और संभाग स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग तथा प्रभावी तकनीकी सहायता की व्यवस्था की है। विशेष रूप से कॉलेज लेवल काउंसिलिंग (सीएलसी) चरण को पूरी तरह विद्यार्थी-केंद्रित बनाया गया है। विद्यार्थियों को उसी दिन पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन और प्रवेश की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिसके कारण अंतिम चरण में भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी अपनी पसंद के महाविद्यालयों में तत्काल प्रवेश प्राप्त कर रहे हैं।



कोलार स्थित खाटूश्याम मंदिर में आयोजन।

### मंदाकिनी नगर में विशाल दाल-चूरमा भंडारे का आयोजन

## श्याम बाबा के दरबार में उमड़ी भक्तों की भीड़ भजन और कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंदाकिनी नगर में स्थित श्याम मंदिर में रविवार को विशाल दाल-चूरमा भंडारे का आयोजन किया गया। खाटू श्याम आराधना ग्रुप की अध्यक्ष राखी परमार ने बताया कि इस दौरान कोलार सहित राजधानी के आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे



और श्याम बाबा के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही, जिससे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। इस मौके पर राहुल सिंह राठौड़, रितेश जैन, बंटी शर्मा, मीनाक्षी सिंह, लक्ष्मी झा एवं दुर्गा सहित अनेक श्याम भक्त मौजूद थे।

## रवि प्रदोष पर फलों के रस से हुआ बटेश्वर का रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री बड़वाले महादेव मंदिर समिति द्वारा रविवार को रवि प्रदोष के अवसर पर बाबा बटेश्वर का पांच प्रकार के फलों के रस से रुद्राभिषेक किया गया। मंदिर समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया सभी भक्तों के कष्ट एवं मनवांछित फल प्राप्ति के लिए प्रदोष काल में गन्ना, आम, अन्नानास, अनार, एवं मौसंबी के रस से बाबा बटेश्वर का अभिषेक कर जल्द ही सभी की मनोकामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना की गई। सायंकाल बाबा बटेश्वर का



बड़वाले महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक।

विभिन्न प्रकार के फूलों से दिव्य श्रृंगार एवं महा आरती की गई । इस अवसर पर आकाश अग्रवाल, अनुराग सोनी, मोनू राठौर, अभिषेक लाला व प्रकाश मालवीय सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

### कई बार शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान

## कटारा हिल्स में खराब सड़क को लेकर अनूठा प्रदर्शन, रोड पर की धान की रोपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के कटारा हिल्स के रहवासियों ने रविवार को कीचड़ भरे रोड पर धन की रोपाई करके अनूठा विरोध प्रदर्शन किया। स्वर्ण कुंज कॉलोनी में लोगों ने एकत्र होकर धान की रोपाई कर दी। दरअसल, यह विरोध खराब सड़क को लेकर किया गया। शहर में कभी तेज तो कभी धीरे हो रही बारिश के चलते रहवासियों को गड्ढों और जर्जर सड़क से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहवासी नर्मदाप्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि हर साल बारिश के दिनों में सड़कें तालाब जैसी बन जाती हैं। जिससे पैदल चलना और वाहनों का आवागमन मुश्किल हो जाता है। जलभराव के कारण



बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि नगर निगम से कई बार शिकायत की गई। जिम्मेदारों को आवेदन भी सौंपे गए, लेकिन जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई। इस वजह से बारिश में सड़क पर पानी भर जाती है।

### महापौर और मंत्री सारंग रहे मौजूद

## श्री सहस्त्रबाहू ग्रीन वैली मंगल भवन का भव्य लोकार्पण



लोकार्पण करते मंत्री एवं महापौर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण व सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को महापौर मालती राय व निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की उपस्थिति में भगवान श्री सहस्त्रबाहू मंदिर परिसर में श्री सहस्त्रबाहू ग्रीन वैली मंगल भवन का लोकार्पण फीता काटकर किया। इस अवसर पर पश्चिम चंपारण के सांसद डॉ संजय जैसवाल, सिवनी विधायक दिनेश राय, मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग तथा अल्पसंख्यक वित्तीय विकास निगम के अध्यक्ष रविन्द्र मालवीय आदि लोग मौजूद थे।

### पर्यावरण को बचाने का दिया जरूरी संदेश

## हमीदिया कॉलेज के पूर्व विद्यार्थियों ने अपने पूर्वजों की स्मृति में रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासकीय हमीदिया महाविद्यालय पूर्व विद्यार्थी संगठन समिति (एलुमिनाई) द्वारा माता-पिता एवं पूर्वजों की पावन स्मृति में पौधरोपण का आयोजन शासकीय हमीदिया महाविद्यालय परिसर 'स्मृति वन' में किया गया। 21 विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा अपने माता-पिता एवं पूर्वजों की पावन स्मृति में एक एक पौधा रोपा गया। इस अवसर पर पूर्व विद्यार्थी संगठन द्वारा हमीदिया महाविद्यालय की नवनियुक्त प्रभारी प्राचार्या डॉ. रचना मिश्रा, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार धूमकेतु का शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं पुष्प माला से सम्मान किया गया।



पौधरोपण करते हमीदिया के पूर्व विद्यार्थी।

### पौधरोपण कार्यक्रम में ये लोग रहे विशेष रूप से मौजूद

पौधरोपण कार्यक्रम में पूर्व विद्यार्थी संगठन के हरिविठ्ठल दुबे, जीके श्रीवास्तव, विजय गोंडल, विजय तैलंग, संतोष अग्रवाल, राजेश नारायण श्रीवास्तव, पंकज कुलश्रेष्ठ, दीपक जोशी, अजय नारायण श्रीवास्तव नीलू, नितिन श्रीवास्तव, हेमन्त वर्मा, हेमांगी अरोडा, सन्तोष समरोदिया, राहुल सिंह परिहार, यशस्व नारायण श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो आदित्य पांडे, प्रो शरद तिवारी, प्रो आरके विजयवर्गीय, प्रो जीके परमार, प्रो मनोज सिन्हा, प्रो पुष्पेंद्र त्रिपाठी, प्रो रामकुमार आर्य, आरएस नरवरिया, अर्पणा गौर, मीरा लोधी, रितू वर्मा, भूमि विकास, राकेश शर्मा, आरवी धाकड़ सहित अनेकों पूर्व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### आर्ट ऑफ़ लिविंग की कार्यशाला, संवाद कौशल और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रशिक्षण

## युवा नेतृत्व से गांवों में बढ़ेगा आनंद का अभियान, 45 युवाओं का प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग और आर्ट ऑफ़ लिविंग के संयुक्त नेतृत्व में रविवार से सात दिवसीय युवा नेतृत्व प्रशिक्षण (वाईएलटीपी) कार्यशाला शुरू हुई। यह प्रशिक्षण रविवार से एक अगस्त तक चलेगा। इसमें प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए 45 युवा भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संस्थान के निदेशक सत्यप्रकाश आर्य ने कहा कि जीवन को आनंदमय बनाने का सबसे आसान तरीका खुद से जुड़ना है। जब व्यक्ति खुद को समझता है, तभी वह परिवार, समाज और प्रकृति के साथ बेहतर संबंध बना पाता है। राज्य आनंद संस्थान प्रदेश में आनंद ग्रामों के विस्तार के लिए काम कर रहा है और इसमें युवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है।



आर्ट ऑफ़ लिविंग की कार्यशाला, संवाद कौशल-सामाजिक जिम्मेदारी का प्रशिक्षण



युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करते प्रशिक्षक।

### युवा खुद समाधान का हिस्सा बनें...

कार्यक्रम समन्वयक देवाशीष विश्वास ने कहा कि समाज में कुछ युवा समस्याओं को देखकर चुप रहते हैं, कुछ केवल शिकायत करते हैं, जबकि कुछ युवा खुद आगे बढ़कर समाधान का हिस्सा बनते हैं। आज ऐसे युवाओं की जरूरत है जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का नेतृत्व करें।

### युवाओं को व्यायाम, बुजुर्गों को सैर के लिए बेहतर स्थान

## महापौर राय ने किया अंसल प्रधान कॉलोनी में नए पार्क का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर की अंसल प्रधान कॉलोनी के रहवासियों को रविवार को एक नई सौगात मिली। महापौर मालती राय ने कॉलोनी में विकसित नवीन पार्क का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने और नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम लगातार कार्य कर रहा है। महापौर राय ने स्थानीय नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि नए पार्क के विकसित होने से बच्चों को खेलने, युवाओं को व्यायाम करने और बुजुर्गों को सुबह-शाम सैर करने के लिए बेहतर स्थान मिलेगा। उन्होंने कहा



पार्क का लोकार्पण करतीं महापौर।

कि पार्क न केवल स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराएगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने नागरिकों से पार्क की स्वच्छता बनाए रखने और पौधों की सुरक्षा में सहयोग करने की अपील भी की।

# कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष की कांग्रेस में ही पूछ-परख नहीं, ये केवल भ्रम फैलाना जानते हैं

## केंद्रीय मंत्री चौहान ने दतिया विधानसभा के बसई में प्रत्याशी तिवारी के समर्थन में की जनसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं पार्टी को धन्यवाद देता हूं कि आज बसईवासियों से मिलने का मौका मुझे दिया। आज आप सबको देख कर, आपके उत्साह को देख कर मेरा मन संतोष से भरा हुआ है।

भारतीय जनता पार्टी के लिए राजनीति न तो कोई शौक है, और न ही कोई धंधा, बल्कि यह जनता की सेवा का माध्यम है। हम भाजपा के कार्यकर्ता राष्ट्र के पुनर्निर्माण, जनता के कल्याण, दरिद्र नारायण की सेवा एवं एक विकसित देश और मप्र बनाने के लिए राजनीति करते हैं। केंद्रीय मंत्री चौहान ने रविवार को दतिया विधानसभा के बसई में पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया।



उन्होंने कहा कि एक वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध, आत्मनिर्भर विकसित भारत के निर्माण के लिए हम काम कर रहे हैं। पार्टी जो काम देती है, हम निष्ठा के साथ करते हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की ही कांग्रेस पार्टी में कोई पूछ-परख नहीं है, ऐसी पार्टी जनता का भला नहीं कर सकती। जनसभा को मप्र शासन के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने भी संबोधित किया।

### मोदी-मोहन के नेतृत्व में मप्र के विकास को मिली नई रफ्तार

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश को न अच्छी शिक्षा, न सड़कें, न पानी और न ही लोगों को सम्मान दिया। सीएम के नेतृत्व में मप्र भी लगातार विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण काम हुए। कांग्रेस ने कभी ऐसे विकास कार्यों के बारे में नहीं सोचा, जबकि भाजपा सरकार ने उन्हें जमीन पर उतारा। अब सिर्फ लाड़ली बहना नहीं, लखपति दीदी बनाना लक्ष्य- केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मप्र के गरीब परिवारों के लिए लगभग 15 लाख मकान स्वीकृत किए गए हैं।

## भाजपा सरकार और संगठन सभी समाजों के कल्याण, उत्थान और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध

**भोपाल।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने रविवार को दतिया उपचुनाव कार्यालय में परिहार समाज के प्रबुद्धजनों व समाज के गणमान्य व्यक्तियों की बैठक को संबोधित किया। परिहार समाज के प्रबुद्धजनों, समाज के प्रमुखों व गणमान्य व्यक्तियों ने पूरे समाज की ओर से भाजपा को अपना समर्थन व्यक्त किया। परिहार समाज ने दतिया उपचुनाव में भाजपा को अपना पूरा समर्थन देते हुए समाज के सभी लोगों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने का संकल्प लिया। प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा सभी समाज वर्ग को साथ लेकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का कार्य कर रही है।



### कांग्रेस सिर्फ एक परिवार तक सीमित

खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित है, वहीं कांग्रेस पार्टी केवल तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति करती है। गुटों में बटी कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र पूरी तरह खत्म हो चुका है, जबकि भाजपा में लोकतंत्र और सर्वसमावेशी प्रतिनिधित्व सबसे मजबूत स्तंभ हैं।

### भाजपा सरकार का ध्येय सबका साथ, सबका विश्वास

खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा सरकार और संगठन सभी समाज वर्गों के हितों, कल्याण, आर्थिक सशक्तिकरण और उन्हें समाज में मान-सम्मान दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। भाजपा सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर चल रही है। भाजपा सरकारों का मुख्य ध्येय केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है।

## तीन साल में 10 वंदे भारत, 14 अमृत भारत की सौगात



**भोपाल।** ट्रेन के सफर में जब बात वीआईपी सहूलियत और रफ्तार की आती है तो 'वंदे भारत' का नाम सबसे आगे रखा जाता है, लेकिन आम यात्रियों की दैनिक जरूरतों और किफायती सफर का असली सहारा अमृत भारत ट्रेनें बन रही हैं। दरअसल राज्यसभा में कांग्रेस सांसद अशोक सिंह के सवाल के जवाब में रेल मंत्रालय द्वारा जानकारी दी गई। रेलवे द्वारा कहा गया कि मध्य प्रदेश के यात्रियों को तीन सालों में प्रीमियम सफर देने वाली 10 वंदे भारत ट्रेनें मिली हैं, वहीं आम नागरिकों की जेब और सुगम सफर का ध्यान रखते हुए 14 अमृत भारत' ट्रेनों की सौगात भी मिली है। वंदे भारत एक्सप्रेस पूरी तरह से वातानुकूलित ट्रेन है, जिसे उच्च गति, आधुनिक सुख-सुविधाओं और प्रीमियम सफर चाहने वाले यात्रियों के लिए तैयार किया गया है। यह ट्रेन सेल्फ-प्रोपेल्ड इंजन तकनीक पर काम करती है, जिससे यह बहुत कम समय में तेज रफ्तार पकड़ लेती है। सुरक्षा के लिए इसमें ऑटोमैटिक स्लाइडिंग दरवाजे, सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस आधारित यात्री सूचना प्रणाली और 'कवच' एंटी-कोलिजन तकनीक मौजूद है। इसकी बोगियों में 180-डिग्री घूमने वाली गद्देदार सीटें, ऑन-बोर्ड वाई-फाई और प्रीमियम कैटरिंग जैसी सुविधाएं मिलती हैं। इसका किराया सामान्य ट्रेनों की तुलना में अधिक होता है।

## मुख्यमंत्री ने 109 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के 44 कार्यों का किया लोकार्पण

# निवाड़ी में शुरू हो रहा विकास का नया अध्याय, यूसीसी एक ऐतिहासिक कदम

**84 करोड़ रुपए के 15 कार्यों का हुआ भूमिपूजन, निवाड़ी को मिली नए संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन की सौगात**

**जिला चिकित्सालय निवाड़ी, उन्नयन के बाद हुआ लोकार्पित, मुख्यमंत्री ने निवाड़ी में किया सभा को संबोधित**

**प्रदेश सरकार गरीब, युवा, नारी और किसानों के कल्याण के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य कर रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार गरीब, युवा, नारी और किसानों के कल्याण के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य कर रही है। सबका कल्याण ही राज्य सरकार का उद्देश्य है। इसी भाव से राज्य में समान नागरिक संहिता 2026 पारित हुई है। माताओं-बहनों और बेटियों को समान अधिकार और सुरक्षा देने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम है। किसान कल्याण, राज्य सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है।

किसानों की बेहतरी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस वर्ष 14 लाख किसानों से समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जित किया गया। किसानों की आय बढ़ाने के लिए दुग्ध उत्पादन को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। दुग्ध उत्पादन को 20 प्रतिशत तक ले जाना राज्य सरकार का लक्ष्य है। कृषकों को मछली पालन, सिंघाड़े की खेती जैसी की आय बढ़ाने की गतिविधियों में सहायता और सलाह दी जा रही है।



निवाड़ी में कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम।

### बुंदेलखंड का विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आल्हा-ऊदल का स्मरण करते हुए कहा कि निवाड़ी और ओरछा की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर पर प्रदेशवासियों को गर्व है। यह भूमि, वीरों-महावीरों के संघर्ष और बलिदान की धरती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड का विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। केन-बेतवा लिंक परियोजना का लाभ क्षेत्र के सभी जिलों को मिलेगा। निवाड़ी के 168 ग्रामों के लाखों किसान इस योजना से लाभान्वित होंगे।



### निवाड़ी के विकास को आगे बढाएगी-

निवाड़ी जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि निवाड़ी जिले में मुख्यमंत्री का आगमन और निवाड़ी जिले को मिली सौगातें निवाड़ी के विकास को आगे बढाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है। राज्यसभा सांसद महेश केवट ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार भारत को विकसित भारत बनाने में अपना योगदान दे रही है।

### सीएम ने किया ओरछाधीश राजाराम सरकार को नमन

मुख्यमंत्री ने निवाड़ी में विकास का नया अध्याय शुरू करते हुए 109 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 44 कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने 54 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 15 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने ओरछाधीश रामराजा सरकार को नमन करते हुए कहा कि हम निवाड़ी में रामराज्य की स्थापना के पथ पर अग्रसर हैं। टीकमगढ़ से अलग कर निवाड़ी को नया जिला बनाया गया है। यहां विकास की अनन्त संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री निवाड़ी में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों और विभिन्न सड़कों का हुआ लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने 25 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से बने नए संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन और लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से 100 बिस्तरीय जिला चिकित्सालय, निवाड़ी के उन्नयन और सुदृढ़ीकरण कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने 12 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विरौरा, सकेरा, अतर्रा, जमुनिया, जिखनगांव, गुवावली, चुरारा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सड़क और अन्य निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।

### मुख्यमंत्री ने निवाड़ी के नवीन संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज. भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को निवाड़ी में 25 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से निर्मित नवीन संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कलेक्टर कक्ष सहित विभिन्न शाखाओं और परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहुप्रतीक्षित नवीन कलेक्टर कार्यालय की सौगात मिलने से जनसामान्य को पहले से बेहतर और सुलभ तरीके से नागरिक सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। जिला मुख्यालय पर एक ही स्थल पर विभागों के कार्यालय संचालित होने से समयबद्ध और त्वरित रूप से नागरिकों को विभिन्न योजनाओं एवं सरकारी सेवाओं का लाभ सहजता से प्राप्त होगा।



## जलसंसाधन विभाग में रोकी प्रमोशन सूची

# कम्प्यूटर दक्षता का हवाला देकर लिपिकों की पदोन्नतियों पर विराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जल संसाधन विभाग में लिपिक कर्मचारियों की प्रमोशन सूची रोक दी गई है। यह सभी कर्मी सहायक ग्रेड तीन पर हैं। इनकी संख्या 300 से ज्यादा है। जिन्हें सहायक ग्रेड 2 पर प्रमोशन पाना है। अफसरों ने तर्क दिया है कि जब तक पदोन्नति पाने वाले सेवकों के पास सीपीसीटी यानी कंप्यूटर दक्षता का प्रमाण पत्र नहीं होगा। तब तक उन्हें प्रमोशन नहीं दिए जायेंगे। इस मामले को लेकर अफसरों से उन कर्मचारियों को विवाद हुआ।

जिनकी प्रमोशन सूची तैयार हुई है। ग्रेड 3 से सहायक ग्रेड 2 पर पहुंचने वाले कर्मचारियों ने सवाल किया कि जब डीपीसी हो चुकी है तो आदेश जारी करने में क्या दिक्कत है। सवाल यह भी उठाया है कि हाल ही में 19 सहायक ग्रेड 2 को ग्रेड-1 बनाया गया है। जबकि 13 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी सहायक ग्रेड 3 पर प्रमोशन दिया गया है। बाकायदा दो आदेश जारी हुए। फिर उनके लिए सीपीसीटी का प्रमाण क्यों नहीं मांगा गया। इस मामले में मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखा गया है।

### सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण कर्मचारी की सूची करें सार्वजनिकः पांडेय

कर्मचारी नेता सुशील कुमार पांडेय का कहना है कि उपरोक्त दोनों आदेशों के तहत जितने कर्मचारियों को पदोन्नति किया गया है। इनमें से कितने लोगों द्वारा सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण की गई है?। जानकारी को सार्वजनिक की जानी चाहिए। इन कर्मचारियों को प्रमोशन दिये जाने पर अगर सीपीसीटी परीक्षा की शर्त को अनिवार्य नहीं किया गया है। तो फिर ऐसी स्थिति में सहायक ग्रेड 3 से सहायक ग्रेड 2 की पदोन्नति सूची को मात्र इसलिए क्यों रोका गया है कि इन्होंने सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है। पांडे का कहना है कि एक ही विभाग में दो-दो प्रकार के नियम क्यों और किस आधार पर दिलीप पाटिल अधीक्षक द्वारा लागू करवाए जा रहे हैं।

## वन अधिकारियों ने वन कर्मचारियों को नहीं दिया अपलेखन का लाभ

भोपाल। वन मुख्यालय के स्पष्ट आदेश होने के बावजूद भी वन अधिकारियों ने कर्मचारियों को पदोन्नति के वक्त अपलेखन का लाभ नहीं दिया है। जिस कारण प्रदेश के हजारों वन कर्मचारियों को पदोन्नति से वंचित होना पड़ा है। मध्य प्रदेश वन कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर वन कर्मचारियों को वन मुख्यालय के आदेश के पालन में वन राजस्व हानि 20 हजार तक अपलेखन का लाभ देकर पदोन्नति का लाभ देने की मांग की है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में वन कर्मचारियों को वन हानि की वसूली बताकर पदोन्नति से वंचित किया गया है उन्हें पुनः पदोन्नति समिति की बैठक करके पदोन्नति का लाभ देने की भी गुहार लगाई है। पांडे ने बताया कि वन मुख्यालय वित्त एवं बजट शाखा ने वर्ष 2020 में स्पष्ट आदेश जारी करें थे कि प्रदेश के वन कर्मचारियों को राजस्व वन हानि में दो हजार तक का अपलेखन का लाभ वन मंडल अधिकारी दे सकते हैं और पांच हजार से ज्यादा का लाभ के लिए शासन से अनुमति लेना होगी फिर भी प्रदेश के वन कर्मचारियों को वन अधिकारियों ने 100 या 200 की वन राजस्व हानि की वसूली बताकर पदोन्नति से वंचित कर दिया है जबकि वन मुख्यालय के आदेश के तहत वन हानि का अप लेखन करके वन कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया जा सकता था।





### तुलसी को लेकर भविष्यवाणी कर बैठे दिग्विजय

इंदौर एयरपोर्ट में अचानक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और दिग्विजय सिंह आमने-सामने हुए। 15-20 मिनट दोनों में चर्चा हुई तो दिग्विजय ने उनके सामने ही एक भविष्यवाणी कर दी। मौके पर मौजूद भाजपा नेता सावन सोनकर को देख कर उन्होंने कह दिया कि सांवेर से इस बार तुलसी सिलावट का टिकट कट रहा है, इसलिए इस सीट से तैयारी कर लो। सिलावट केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के खास समर्थक हैं। वे प्राथमिकता पर जो 3-4 टिकट मांगते हैं, उनमें एक तुलसी सिलावट का होता है। दिग्विजय का कहा कैसे सच होगा, यह वे ही बता सकते हैं।

### दतिया में सीजेपी आंदोलन के असर से भाजपा चिंतित

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के बैनर तले चल रहे छात्र आंदोलन समाप्त हो गया है। इससे केंद्र सरकार ने राहत की सांस ली है। बावजूद इसके छात्र आंदोलन के देश भर में बढ़ते असर ने दतिया विधानसभा सीट के उप चुनाव में प्रदेश भाजपा को चिंतित कर रखा है। प्रदेश भाजपा को इस संकट का अहसास है। इसे ध्यान में रख कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने रणनीति बनाई है। अब जब प्रचार के लिए 2 दिन का समय ही शेष है। सरकार के मंत्रियों, विधायकों और प्रमुख नेताओं की फौज क्षेत्र में उतार दी गई है। भाजपा की कोशश है कि दतिया के उप चुनाव पर छात्र आंदोलन का असर न पड़े और पार्टी सम्मानजनक जीत दर्ज करे।

### तो तब, नरोत्तम खुद को बचा सकते हैं

दतिया विधानसभा सीट के उप चुनाव में इस बार मुकाबला बराबरी का दिख रहा था। किसकी जीत होगी और किसकी हार, अभी भी तय नहीं है। अलबत्ता, नतीजे से प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा की प्रतिष्ठा जुड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को जिताने की जवाबदारी उनके कंधों पर ही डाल दी है। भाजपा यदि हारती है तो उसका ठीकरा नरोत्तम के सिर फूटना तय है। लेकिन, दिल्ली का छात्र आंदोलन नरोत्तम के लिए संजीवनी का काम कर सकता है। भाजपा हारी तो ठीकरा नरोत्तम से ज्यादा इस आंदोलन के सिर फूटेगा। इस तरह नरोत्तम खुद को बचा सकते हैं।

### दतिया चुनाव-छात्र आंदोलन की भेंट चढ़ गया सत्र

विधानसभा का मानसून सत्र कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में हुए छात्र आंदोलन और दतिया विधानसभा सीट के उप चुनाव की भेंट चढ़ गया। विपक्ष ने हर रोज छात्र आंदोलन पर चर्चा को लेकर हंगामा किया, जिसे स्पीकर और सत्तापक्ष ने स्वीकार नहीं किया। लिहाजा, जनहित से जुड़े मुद्दों और विधेयकों पर सदन के अंदर जो सार्थक चर्चा होना चाहिए थी, नहीं हो सकी। दूसरा, दतिया विधानसभा सीट का उप चुनाव भाजपा और कांग्रेस दोनों की साख और प्रतिष्ठा से जुड़ा है। दोनों दलों के नेताओं को प्रचार में जाने की जल्दी थी। इसकी वजह से सत्र को 3 दिन में ही समाप्त कर दिया।

### 2028 में पूरा हो पाएगा अवधेश को दिया गया आश्वासन

दतिया में अवधेश नायक को कांग्रेस नेतृत्व से फिर आश्वासन मिला है। वैसा ही वादा किया गया है जैसा 2023 में उनका टिकट काट कर किया गया था। अब प्रदेश कांग्रेस की कमान जीतू पटवारी के पास है और प्रदेश प्रभारी हैं हरीश चौधरी। अवधेश को इनसे अगली बार कांग्रेस टिकट का आश्वासन मिला। नायक समझ चुके हैं कि अगले चुनाव तक कांग्रेस में ये दोनों ताकतवर रहेंगे, इसकी कोई गारंटी नहीं। विधानसभा चुनाव तक नेतृत्व बदल भी सकता है। इसीलिए जीतू ने अवधेश की सीधे राहुल गांधी से बात कराई और उनका आश्वासन मिलने के बाद वे चुनाव प्रचार में जुटे हैं।

दिनेश निगम 'त्यागी'

## क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने दतिया में सुना 'मन की बात' कार्यक्रम



क्षेत्रीय संगठन महामंत्री मालवाल ने सुना 'मन की बात'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने रविवार को दतिया के वार्ड क्रमांक 29 के बूथ क्रमांक 122 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का पार्टी के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ श्रवण किया। इस अवसर विधायक व प्रदेश प्रवक्ता अर्चना चिटनिस उपस्थित रहीं।

## विद्युत कंपनी ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध की महत्वपूर्ण कार्रवाई

# ठेकेदारों से अवैध वसूली के आरोपों को लेकर कार्यपालन अभियंता बिसेन को आरोप-पत्र जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनी 'जीरो टॉलरेंस पॉलिसी' को प्रभावी रूप से लागू करते हुए एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की है।

कंपनी प्रबंधन ने ठेकेदारों से कथित रूप से अवैध धनराशि की मांग एवं अन्य गंभीर अनियमितताओं के आरोपों के चलते शरद बिसेन, कार्यपालन अभियंता (शहर), छिंदवाड़ा के विरुद्ध विभागीय जांच शुरू करते हुए औपचारिक आरोप-पत्र जारी किया है। जारी दस्तावेजों के अनुसार उनके विरुद्ध ठेकेदारों से बिलों के भुगतान एवं अन्य कार्यों के एवज में अवैध राशि की मांग, पद का दुरुपयोग तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियमों के उल्लंघन जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। साथ ही तत्काल प्रभाव से उन्हें स्थानांतरित कर कार्यपालन अभियंता (प्रवर्तन), छतरपुर पदस्थ किया गया है। कंपनी प्रबंधन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि भ्रष्टाचार, अनियमितता एवं कदाचार के मामलों में किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## भारतीय सेना पर की गई अशोभनीय टिप्पणियों का अभाविप ने किया प्रतिवाद

**कारगिल विजय दिवस पर राष्ट्र प्रथम के संकल्प पुनः उद्घोषित**

# कारगिल विजय दिवस राष्ट्रभक्ति, वीरता एवं राष्ट्रीय एकता का अमर प्रतीक: अभाविप ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को कारगिल विजय दिवस पर भोपाल में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) द्वारा तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं की अभूतपूर्व सहभागिता ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत की युवा पीढ़ी राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ राष्ट्रनिर्माण एवं राष्ट्रीय अखंडता की रक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

अभाविप का स्पष्ट मत है कि विद्यार्थियों के न्यायोचित विषयों को किसी भी राजनीतिक स्वार्थ अथवा राष्ट्रविरोधी एजेंडे का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। एबीवीपी ने सभी देशवासियों को कारगिल विजय दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कारगिल युद्ध में मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी अमर वीर सैनिकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।



### राष्ट्र सर्वोपरि का हमेशा करता है स्मरण

कारगिल विजय दिवस भारत की राष्ट्रभक्ति, वीरता, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का अमर प्रतीक है। इस अवसर पर अभाविप भोपाल द्वारा राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में युवाओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई एवं भारत माता की आरती की गई जिसमें भोपाल महानगर के विद्यार्थियों एवं युवाओं ने सहभागिता कर राष्ट्र प्रथम की भावना को सशक्त किया।

### सेना के शौर्य को याद करने का दिन

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि राष्ट्र सर्वोपरि है। अभाविप सदैव विद्यार्थियों के न्यायोचित विषयों के समाधान के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। अभाविप के प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि आज कारगिल विजय दिवस यह सेना के पराक्रम, शौर्य एवं वीर सैनिकों के बलिदान को स्मरण करने का दिन है।

## पेज एक का शेष....

### जनशक्ति बनी जलशक्ति...

बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि आज बचाई गई हर बूंद, आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवाड़ी जिले की धार्मिक व पर्यटन नगरी ओरछा के कंचना घाट पर स्थानीय नागरिकों के साथ 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। मध्यप्रदेश सरकार के जल गंगा संवर्धन मिशन ने जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप दे दिया है। अभियान के तहत जनभागीदारी, श्रमदान और स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भूमिका से प्रदेश में जल संरक्षण के उल्लेखनीय परिणाम सामने आए हैं। नरसिंहपुर और सीधी जिले इस अभियान के प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरे हैं, जहां जल संरचनाओं के निर्माण के साथ हरियाली बढ़ाने का अभिनव प्रयास भी सफल होता दिखाई दे रहा है। नरसिंहपुर जिले में प्रशासन ने भूजल संवर्धन और वर्षा जल संरक्षण के लिए सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर कंटूर ट्रेंच (खंतियां) बनाने का अभियान चलाया। शुरुआत में 10 हजार ट्रेंच बनाने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीणों के श्रमदान से 79 हजार से अधिक कंटूर ट्रेंच तैयार कर नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। विशेष बात यह रही कि यह पूरा कार्य बिना किसी अतिरिक्त सरकारी खर्च के जनसहयोग से पूरा हुआ। इन ट्रेंचों में फलदार प्रजातियों के बीज डाले गए हैं, जिनमें अब अंकुरण शुरू हो चुका है। आने वाले वर्षों में ये क्षेत्र हरित पट्टी के रूप में विकसित होंगे। गोटेगांव जनपद की श्रीनगर ग्राम पंचायत, चांवरपाठा की बरमान कला सहित कई स्थानों पर वर्षा जल का भराव शुरू हो गया है, जिससे भूजल स्तर में सुधार की उम्मीद बढ़ी है।

कलेक्टर रजनी सिंह के नेतृत्व में जिले के सरकारी एवं निजी विद्यालयों, शासकीय भवनों और सार्वजनिक परिसरों में सोखपिट तथा रूफ वाटर हार्वेस्टिंग जैसी संरचनाएं विकसित की गईं। अभियान में महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी ने इसे सामाजिक आंदोलन का रूप दिया।

### सीधी में पारंपरिक ....

बरखेड़ा चौगान, भटरा, चिचली, खुर्सीपार और चांवरपाठा की बावड़ियों के जीर्णोद्धार ने भी जल संरक्षण को नई गति दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन प्रयासों से भूजल स्तर में वृद्धि, सिंचाई के लिए जल उपलब्धता और पर्यावरण संरक्षण को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा।

### मीराबाई चानू ने ...

निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 22 किलोग्राम अधिक वजन उठाकर एकतरफा जीत दर्ज की। स्नैच राउंड में उन्होंने 85 किग्रा उठाकर नया कॉमनवेल्थ गेम्स रिकॉर्ड भी स्थापित किया। ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का यह कुल तीसरा पदक है। इससे पहले पुरुषों के 60 किग्रा वर्ग में ऋषिकांत सिंह ने सिल्वर और हैवीवेट पैरा पावरलिफ्टिंग में झंडू कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

### मणिपुर की हैं ....

सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रचने वाली मीराबाई वर्तमान में मणिपुर पुलिस में एडिशनल एसपी के पद पर कार्यरत हैं।

### इंफोसिस को-फाउंडर...

ध्यान में रखते हुए परीक्षा प्रणाली को भरोसेमंद, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाया जाना जरूरी है। सोमवार को पेपरलीक रोकने के लिए संसद में सरकार बिल पेश करेगी। संभव है कि कांग्रेस व विपक्षी दल सोमवार से संसद की कार्यवाही में भाग लें।

### पिछले दो वीडियो ...

जुड़ने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि उनके वीडियो पर लोगों ने जिस तरह प्रतिक्रिया दी और सकारात्मक सुझाव दिए, उसके लिए वह सभी का धन्यवाद करते हैं।

### घर-घर में ...

कंपनी में उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और बाद में गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई। नंदन नीलेकणि को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में देश की सबसे बड़ी डिजिटल और सामाजिक पहचान परियोजना 'आधार' का नेतृत्व करने का श्रेय दिया जाता है। भारत सरकार ने उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया है। इसके अलावा, वे डिजिटल साक्षरता मंच एकेस्टेप के सह-संस्थापक भी हैं।

### 6 थानों के...

उप निरीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों के तत्काल प्रभाव से तबादले के आदेश जारी किए गए हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर दतिया विधानसभा क्षेत्र के 6 प्रमुख थानों के प्रभारियों को उनके वर्तमान पदों से हटा दिया गया है। इनमें से कई अधिकारियों को पुलिस मुख्यालय भोपाल अटैच किया गया है। इसमें थाना अजाक निरीक्षक केहरी परिहार,थाना सिविल लाइन उप निरीक्षक अमित ओसारे, थाना बड़ौनी उप निरीक्षक नीरज कुमार, थाना जिगना उप निरीक्षक रचना माहौर,थाना गोराघाट उप निरीक्षक अर्चना पाल, थाना धीरपुरा उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह जाट के नाम शामिल हैं। जारी आदेशों के अनुसार, लंबे समय से एक ही स्थान पर टिके अधिकारियों को हटाकर जिले की नई इकाइयों, थानों और चौकियों में पदस्थ किया गया है। तबादला सूची में विश्वविद्यालय थाना, बड़ौनी, इंदरगढ़, भांडेर, सिविल लाइन, कोतवाली, थरेट, सेवढ़ा, गोदन, लांच और रतनगढ़ सहित विभिन्न थानों व चौकियों के अधिकारी शामिल हैं। 30 जुलाई को होने जा रहे दतिया उपचुनाव के मद्देनजर पुलिस प्रशासन निष्पक्ष कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर रहा है। सभी स्थानांतरित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

### अब 'ई 20...

एथनॉल (ई20) के मिश्रण के विरोध में गठित ई20 जनता पार्टी के फॉलोअर्स रविवार रात 10 बजे तक एक्स पर 32 हजार लोग फॉलो कर चुके थे, जबकि इंस्टाग्राम पर भी 52 हजार से अधिक लोग जुड़े हैं। पार्टी की मुख्य मांगें ई 20 ईंधन से पुरानी गाड़ियों के इंजन को नुकसान पहुंच रहा है। संगठन का कहना है कि हमारी गाड़ियां कोई टेस्ट मशीन नहीं हैं। जनता को शुद्ध पेट्रोल चुनने का अधिकार मिलना चाहिए। दिल्ली टैक्सी एंड टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स और टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने संसद घेराव की घोषणा की है। 4 अगस्त 2026 को पहले जंतर-मंतर पर विशाल प्रदर्शन करेंगे और फिर संसद घेराव करेंगे।

वहीं, सोशल मीडिया पर आरएचए को भी जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है, जिसके इंस्टाग्राम पर 15 लाख (1.5 मिलियन) से अधिक फॉलोअर्स हो चुके हैं। आंदोलनकारी सारी जाति एक समान, मेरा बस ये देश महान के नारे के साथ केवल 'भारतीय' पहचान की वकालत कर रहे हैं। आरएचए की मांग है कि आरक्षण को जाति के बजाय आर्थिक जरूरत और योग्यता के आधार पर लागू किया जाए। सीजेपी की सफलता ने देश में सोशल मीडिया अभियानों को एक नई दिशा दी है, जहां आम नागरिक अब डिजिटल मंचों से अपनी आवाज मजबूती से उठा रहे हैं।

### अपनी सूंड से ...

पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान रात करीब 7:30 बजे उनकी मौत हो गई। चंदन नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर महावत को हिरासत में ले लिया है और इंदौर जू के अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक प्राथमिक जांच में विजय के नशे में होने की बात सामने आई है, जिसकी पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट के बाद होगी।

### उद्घाटन के 12....

कानपुर से लखनऊ जाने वाली लेन में यह हादसा हुआ, जिसके बाद निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सपा नेता मधुसूदन यादव ने घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार एजेंसियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है। वहीं, स्थानीय लोगों ने भी इतने नए प्रोजेक्ट में आई खराबी पर चिंता जताई है। सूचना मिलते ही निर्माण एजेंसी की टीम ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त हिस्से का मरम्मत कार्य (पैच वर्क) पूरा किया और यातायात को सामान्य कराया। विभाग का कहना है कि वास्तविक कारणों का पता तकनीकी जांच के बाद चलेगा। गौरतलब है कि 13 जुलाई को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और सीएम योगी आदित्यनाथ ने 4200 करोड़ रुपए की लागत से बने 63 किमी लंबे कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे (एनई 6) का उद्घाटन किया था।

### प्रदेश में कल ...

मप्र में औसत से 18 और पश्चिमी हिस्से में औसतन 13 फीसदी कम बारिश दर्ज हुई है। मंगलवार से पूर्वी मप्र में तेज बारिश का दौर इस कमी को कुछ हद तक कवर कर सकता है, जबकि पश्चिमी हिस्से में 28 से 29 जुलाई के बीच बारिश जोर पकड़ेगी। इससे अगस्त के पहले सप्ताह तक बारिश के आंकड़े कवर होंगे। मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार तक दो दर्जन जिलों में बारिश होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अब सिस्टम बन रहा है। इससे दो दिन बाद बारिश बढ़ेगी।

---

नशा मुक्ति अभियान 2 .0के तहत गरोठ पुलिस की कार्रवाई

### एमडी ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

# 2 तस्कर गिरफ्तार, केमिकल व कारें जब्त, चार आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

मप्र पुलिस के नशा मुक्ति अभियान 2.0 के तहत गरोठ थाना पुलिस ने अवैध एमडी ड्रग्स के निर्माण और तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने पावटी गांव में रणजीत सिंह के बाड़े पर अचानक दबिश देकर ड्रग्स बनाने की अवैध लैब का पर्दाफाश किया।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से दो आरोपियों रणजीत सिंह (30) और ईश्वर सिंह (37) को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया, जबकि चार अन्य आरोपी पुलिस की भनक लगते ही फरार हो गए। पुलिस ने मौके से 173 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स



(कीमत 1.73 लाख) के साथ-साथ इसे बनाने में इस्तेमाल होने वाला भारी मात्रा में केमिकल जब्त किया है, जिसमें 12.75 किलो हाइड्रोक्लोरिक एसिड, 6.46 किलो एमएमए केमिकल और 5.36 किलो एमडीसी केमिकल शामिल हैं। इसके अलावा, तस्करी में प्रयुक्त एक वेन्यू कार, एक स्विफ्ट कार और 4 एंड्रॉइड मोबाइल भी जब्त किए गए हैं।

पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया है।

# शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर, रोपे पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कारगिल युद्ध में वीर गति को प्राप्त सैनिकों की याद में रविवार को अखिलेश रावत, सतीश राव, हरीश राव, विजय चौधरी, जितेंद्र कंसाना, संतोष बाहेती, अजय दुबे, चतुर्भुज मालपानी, पांडुरंग नामदेव, रजनीश त्रिपाठी, राजेश गुप्ता, डॉ योगेंद्र कुमार सक्सेना, पंडित रुपराज शर्मा, राधेश्याम अग्रवाल, योगेंद्र हरदेनिया, कुलदीप सिंगोरिया, राजकुमार माहेश्वरी, शरद जोशी, शेखर बाहेती, वरुण साहबानी ने भदभदा केंपस में सेवाभावी साथियों के साथ पौधे रोपे। समिति अध्यक्ष अरुण चौधरी ने शौर्य स्मारक पर पूर्णा सिंह,समता अग्रवाल, संतोष कंसाना, मीता वाधवा, डॉ लालिमा शर्मा, अनुष्का शर्मा के साथ मशाल प्रज्ज्वलित किया। विश्राम घाट समिति के सचिव मम्तेश शर्मा ने बताया कि पीपल, बरगद, आंवला, नीम, महुआ,बहेरा अमरूद, शहतूत,रुद्राक्ष, कटहल, लबेरा, जामुन, कदम्ब और चंदन के जो पौधे आपसे लगवाए हैं।



# सीएम ने ओंकारेश्वर दुर्घटना पर जताया दुःख, दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ओंकारेश्वर में हुई सेप्टिक टैंक दुर्घटना पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्घटना की जवाबदेही तय कर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने संपूर्ण प्रकरण की विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में लापरवाही करने वाले अधिकारी- कर्मचारियों को निलंबित किया जाए। विभागीय जांच में दोषी पाए जाने वालों को बर्खास्त किया जाएगा। राज्य सरकार के लिए आमजन की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला प्रशासन की ओर से अतिक्रमण नोडल अधिकारी, उपयंत्री सुरेश चंद्र पाटीदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### जिला प्रशासन और नगरपरिषद सभी आवश्यक सावधानियां बरतें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घाटों पर गंदगी और सीवेज नहीं गिरे, इसके लिए हर संभव व्यवस्था करने के निर्देश जिला प्रशासन और नगरपरिषद को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि घाटों और खतरनाक स्थलों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड और पुलिस, होमगार्ड की तैनाती आवश्यक रूप से की जाए। सभी सीवर चैंबर का सर्वे कर टूटे-फूटे ढक्कन तुरंत बदले जाएं और सभी तरह के मरम्मत कार्य तत्काल किए जाएं।


// कार्यालय पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण शाला (एमटी), भोपाल //

पुलिस विभाग के वाहनों के रख-रखाव हेतु बैट्रीयां क्रय करने हेतु 03 माह के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण शाला (एमटी), भोपाल में पुलिस विभाग के वाहनों के रख-रखाव हेतु बैट्रीयां आवश्यकतानुसार क्रय करने हेतु 03 माह के लिए दर अनुबंध किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है। नियम एवं शर्ते तथा अनुबंध की विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in तथा www.mppolice.gov.in की बेवसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रकाशन की दिनांक | 21/07/2026 के 17:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभ दिनांक | 21/07/2026 के 18:00 बजे |
| प्री-बिड मीटिंग दिनांक | 24/07/2026 के 11:00 बजे |
| निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 27/07/2026 के 11:00 बजे |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 11/08/2026 के 14:00 बजे |
| तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक | 12/08/2026 के 16:00 बजे |

पुलिस अधीक्षक,
पीटीएस (एमटी), भोपाल

जी - 16306/26    स्वच्छा ही सेवा है।






JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION | AFFORDABLE FEES | A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED अंतिम अवसर
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A.
• B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ
• B.Sc. Microbiology / Biotechnology
• B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology • Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS D.El.Ed. B.Ed. B.P.Ed. M.P.Ed. M.Ed.
Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660949, 2661064 www.jncbpl.com jnpgcollege_bhopal@yahoo.com

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644





नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
Timing 10:30 am to 8:00 pm
44 वर्षों का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 6299



मंगलार

**बाएँ से दाए**
1. ईष्ट कृपा, वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा, बैर-3
11. जंगल, वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा, लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**
2. वलय, घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी, मदमस्त-4
7. यज्ञ, होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर, धनवान-3

### शब्द पहेली- 6298 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | न | त | ■ | अ | ■ | बी | र | ब | ल |
| ■ | ला | ■ | वा | ■ | म | हि | मा | ■ | ल | व |
| म | ■ | ■ | य | की | न | ■ | र | ■ | ■ | कु |
| त | क | ली | फ | ■ | चै | त्र | ■ | क | ल | श |
| वा | ■ | ड | ■ | रा | न | ■ | गै | ■ | ह | ■ |
| ला | प | र | वा | ह | ■ | का | र | गु | जा | री |
| ■ | र | ■ | दा | ■ | अ | स्त | ■ | मा | ■ | मा |
| प्र | ख | र | ■ | पा | प | ■ | म | न | च | ला |
| जा | ■ | ■ | शा | ■ | ह | न | न | ■ | ■ | गू |
| प | र | ■ | पि | ह | र | ■ | ह | ■ | शा | ■ |
| ति | जा | र | त | ■ | ण | ■ | र | ह | म | त |

## सूडोकु नवताल - 6309

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6308 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## खबर संक्षेप

### हिंदुस्तान जिंक का शुद्ध लाभ 5,469 करोड़ रुपए हुआ

**उदयपुर।** हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में रिकॉर्ड वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 145 प्रतिशत बढ़कर 5,469 करोड़ रुपए पहुंच गया, जबकि परिचालन से राजस्व 77 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 13,747 करोड़ रहा। कंपनी ने पहली तिमाही में 8,074 करोड़ रुपए का एबिटडा दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 109 प्रतिशत अधिक है। कंपनी सबसे कम लागत वाले जस्ता उत्पादकों में अपनी स्थिति और मजबूत की है।

### बिरला सीमेंट का राजस्व 7 फीसदी बढ़ा

**कोलकाता।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की जून तिमाही में मजबूत परिचालन प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी ने 98त्न की उच्च क्षमता उपयोग बनाए रखते हुए सीमेंट बिक्री बढ़ाकर 5.05 मिलियन टन कर दी, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में बेहतर रही। महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान में ट्रेड सेगमेंट की मजबूत मांग ने इस वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कंपनी का रेवेन्यू 2,669 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 7 फीसदी अधिक है।

### सुमीत का 199.75 करोड़ का राइट्स इश्यू सफल

**सूरत।** एकीकृत पॉलिएस्टर निर्माता सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपना 199.75 करोड़ का राइट्स इश्यू सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। कंपनी के इस कदम से उसकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी और विनिर्माण क्षमता बढ़ाने के साथ परिचालन दक्षता में सुधार की योजनाओं को गति मिलेगी। कंपनी के निदेशक मंडल ने 2 रुपए अंकित मूल्य वाले 16,84,24,217 इक्विटी शेयरों के आवंटन को 11.86 रुपए प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर मंजूरी दी।

### फ्यूजन एडुटेक का आईपीओ 31 जुलाई को

**नई दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी (एडटेक) क्षेत्र की कंपनी फ्यूजन क्लासरूम एडुटेक लिमिटेड ने अपने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम की घोषणा कर दी है। कंपनी का आईपीओ 31 जुलाई 2026 से निवेशकों के लिए खुलेगा और 4 अगस्त 2026 तक खुला रहेगा। वहीं, एंकर निवेशकों के लिए बोली प्रक्रिया 30 जुलाई से शुरू होगी। कंपनी ने आईपीओ के लिए ?151 से ?159 प्रति इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। इस निर्गम में 19,89,400 नए इक्विटी शेयर (फ्रेश इश्यू) और 4,65,800 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है।

### आईआईएफएल के गोल्ड लोन ब्रांच 3 हजार के पार

**नई दिल्ली।** आईआईएफएल फाइनेंस ने देशभर में अपने समर्पित गोल्ड लोन ब्रांच की संख्या 3,000 के पार पहुंचने की घोषणा की है। कंपनी का कहना है कि इस विस्तार से लाखों ग्राहकों, विशेषकर छोटे उद्यमियों, किसानों, व्यापारियों, कारीगरों और स्वरोजगार करने वाले लोगों तक औपचारिक ऋण सेवाओं की पहुंच और मजबूत होगी। कंपनी के अनुसार, नए ब्रांच नेटवर्क के माध्यम से ऐसे लोगों को भी संस्थागत ऋण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी, जिनकी पारंपरिक बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच सीमित रही है।

### फोल्डेबल स्मार्टफोन सीरीज जेड फोल्ड 8 लांच


**गुरुग्राम।** सैमसंग इंडिया ने अपनी नई फोल्डेबल स्मार्टफोन सीरीज़ गैलेक्सी जेड फोल्ड 8, गैलेक्सी जेड फोल्ड 8 अल्ट्रा और गैलेक्सी जेड फ्लिप 8 के लिए भारत में प्री-ऑर्डर बुकिंग शुरू कर दी है। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट एवं सीईओ जेबी पार्क ने कहा कि कंपनी ने प्री-ऑर्डर के लिए 10 हजार रुपए का अपग्रेड ऑफर, 9,000 रुपए तक का बैंक/यूपीआई कैशबैक और 30 महीने तक की नो-कॉस्ट ईएमआई की भी घोषणा की है।


# आईटीआर फाइलिंग से पहले ई-फाइलिंग पोर्टल ठप, करदाता और कर सलाहकारों की बढ़ी परेशानी

**कई लोगों को पोर्टल पर लॉग-इन करने में भी दिक्कत, जबकि कुछ ने दावा किया कि पोर्टल कई घंटों तक ठप रहा**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आयकर रिटर्न दाखिल करने की 31 जुलाई की अंतिम तिथि से पहले आयकर विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल में तकनीकी दिक्कत आने से टैक्सपेयर्स और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई उपयोगकर्ताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शिकायत की,कि पोर्टल ठीक से काम नहीं कर रहा, जिससे रिटर्न दाखिल करने और टैक्स भुगतान में बाधा आई। उपयोगकर्ताओं के अनुसार कई लोगों को पोर्टल पर लॉग-इन करने में भी दिक्कत हुई, जबकि कुछ ने दावा किया कि पोर्टल कई घंटों तक पूरी तरह ठप रहा। इसके कारण न तो आईटीआर फाइल हो सका और न ही टैक्स का भुगतान किया जा सका। वरिष्ठ कर सलाहकार राजेश जैन ने पोर्टल की तकनीकी समस्या को लेकर नाराजगी जताई।


राजेश जैन



आईटीआर भरने में आ रही समस्या

एक उपयोगकर्ता ने लिखा कि दो घंटे से अधिक समय तक पोर्टल काम नहीं कर रहा था, जिससे रिटर्न फाइलिंग और भुगतान दोनों प्रभावित हुए। वहीं, अन्य उपयोगकर्ताओं ने कहा कि यदि तकनीकी समस्या जल्द दूर नहीं होती है तो 31 जुलाई की अंतिम तिथि बढ़ाई जानी चाहिए।

### 3.5 करोड़ से अधिक आईटीआर हो चुके हैं दाखिल

आयकर विभाग की वेबसाइट के अनुसार, आकलन वर्ष 2026-27 के लिए अब तक 3.5 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। हर वर्ष अंतिम तिथि के करीब बड़ी संख्या में लोग रिटर्न दाखिल करते हैं, जिसके कारण पोर्टल पर ट्रैफिक बढ़ने से तकनीकी दिक्कतें सामने आती रही हैं। फिलहाल, आयकर विभाग ने पोर्टल में आई तकनीकी समस्या के कारणों या उसके समाधान की समयसीमा को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की है। ऐसे में जिन करदाताओं को पोर्टल का उपयोग करने में परेशानी हो रही है, उन्हें विभाग की अगली सूचना का इंतजार करना होगा। अभी तक आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई ही निर्धारित है।

## वित्त मंत्री की नसीहत, आम जनता को बेवजह न दौड़ाएं अधिकारी

**मुंबई।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आयकर विभाग के अधिकारियों को आम नागरिकों के काम में अनावश्यक देरी और परेशानियों से बचने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि सरकारी तंत्र का सुस्त रवैया चिंताजनक है और इसे बदलने की जरूरत है। वित्त मंत्री ने बताया कि इस इमारत के निर्माण के लिए आवश्यक मंजूरियां प्राप्त करने में आयकर विभाग के अधिकारियों को भी विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़े। उन्होंने कहा कि यदि प्रशिक्षित और जिम्मेदार अधिकारियों को ऐसी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, तो आम नागरिकों की स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। सीतारमण ने अधिकारियों से कहा कि वे नियमों के दायरे में रहकर काम करें, लेकिन किसी भी नागरिक को उसके वैध कार्य के लिए बेवजह कार्यालयों के चक्कर न लगवाएं। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने अधिकारों और वैध कार्यों के लिए अनावश्यक संघर्ष नहीं करना पड़ना चाहिए।




**!! कार्यालय अधीक्षक, केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम (म.प्र.)!!**

**ई-टेण्डरिंग निविदा वित्तीय वर्ष 2026-27**

Email- hbdjail40@gmail.com
Email - jscjhbd@mp.gov.in

दूरभाष क्रमांक 07574-252428

ई-निविदा सूचना (तृतीय आमंत्रण)

**म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 एवं म.प्र. भण्डार क्रय नियम के अंतर्गत (फार्म (अ) नियम 6 देखिये)**

समस्त पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम में परिरूद्ध बंदियों के लिए खाद्य सामग्रियों, स्वच्छता सामग्री, एवं भवन सामग्री के क्रय करने हेतु तृतीय वार्षिक निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से बेवसाइट http//www.mptender.gov.in पर दिनांक 10.08.2026 को शाम 05.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यापारीगण सबंधित जेल की बेवसाइट पर जाकर निविदा की सूचना प्राप्त कर सकते है।
निविदा में संशोधन की स्थिति में बेवसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमत्रंण सूचना व अन्य शर्तों से सबंधित जानकारी उक्त बेवसाइट पर ही देखी जा सकेगी।

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम

जी - 16260/26 स्वच्छा ही सेवा है।


### 10 नंबर मार्केट से अरेरा कॉलोनी तक घमासान, व्यापारी बोले- मिक्स लैंड यूज लागू हो

# व्यापारी और रहवासी आमने-सामनेः रेजिडेंशियल बनाम कमर्शियल विवाद तेज, हजारों व्यापारियों की नजर भविष्य पर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी की पॉश कॉलोनियों में आवासीय और व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर विवाद अब बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। 10 नंबर मार्केट, अरेरा कॉलोनी, 11-12 नंबर मार्केट, 1100 क्वार्टर्स, बावडिया कला सहित कई क्षेत्रों में संचालित दुकानों, क्लीनिक, कार्यालयों और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर व्यापारी और रहवासी आमने-सामने हैं।

व्यापारियों का कहना है कि भोपाल की आबादी और क्षेत्रफल में पिछले दो दशकों में तेजी से विस्तार हुआ है, लेकिन नया मास्टर प्लान लंबे समय से लागू नहीं होने के कारण पर्याप्त व्यावसायिक स्थान विकसित नहीं हो सके। इसके चलते हजारों छोटे-बड़े व्यवसाय आवासीय भवनों से संचालित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर रहवासी संगठनों का तर्क है कि कॉलोनियों का मूल स्वरूप आवासीय है। बढ़ती व्यावसायिक गतिविधियों से पार्किंग की समस्या, ट्रैफिक दबाव, शोर और सुरक्षा जैसी परेशानियां बढ़ रही हैं। उनका कहना है कि विकास जरूरी है, लेकिन रहवासियों की सुविधाओं और शांति का भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

### परिवारों की आजीविका प्रभावित होगी

व्यापारिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि शहर के मुख्य मार्गों और विकसित क्षेत्रों में मिक्स लैंड यूज नीति लागू की जाए, जिससे आवासीय और व्यावसायिक गतिविधियों को नियमों के तहत संचालित किया जा सके। दस नंबर मार्केट स्थित व्यापारी आनंद सोनी का कहना है कि वे नगर निगम को कमर्शियल टैक्स, व्यावसायिक बिजली शुल्क और लाइसेंस शुल्क का भुगतान कर रहे हैं। ऐसे में अचानक कार्रवाई से हजारों व्यापारियों, कर्मचारियों और उनसे जुड़े परिवारों की आजीविका प्रभावित हो सकती है।

### एमआईटी-डब्ल्यूपीयू ने शुरू किया स्कूल ऑफ कंस्ट्रक्शन इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट

**मुंबई।** एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी ने प्रो. मकरंद हस्तक स्कूल ऑफ कंस्ट्रक्शन इंजी.एंड मैनेजमेंट की शुरुआत की है। यह नई अकादमिक पहल देश के लिए ऐसे प्रोफेशनल्स तैयार करने पर केंद्रित होगी, जो तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ प्रबंधन और नेतृत्व क्षमता से भी लैस हों। शैक्षणिक वर्ष 2026-27 से शुरू होने वाला यह स्कूल इंजीनियरिंग और इंडस्ट्री आधारित लर्निंग को एक साथ जोड़कर विद्यार्थियों को भविष्य की इंफ्रास्ट्रक्चर जरूरतों के अनुरूप तैयार करेगा।


**// कार्यालय पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण शाला (एमटी), भोपाल //**

**पुलिस विभाग के वाहनों में पर्दे, सीट कवर एवं हुड की सिलाई विथ फिटिंग तथा वाहनों की इंटीरियर क्लीनिंग का कार्य हेतु 01 वर्ष के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित**

कार्यालय पुलिस मुख्यालय द्वारा क्रय किये गये पुलिस वाहनों में आवश्यकतानुसार पर्दे, सीट कवर एवं हुड की सिलाई विथ फिटिंग तथा वाहनों की इंटीरियर क्लीनिंग का कार्य व रख-रखाव हेतु 01 वर्ष के लिए अनुबंध किये जाने हेतु कार्यालय पुलिस अधीक्षक पीटीएस (एमटी) भोपाल द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है। नियम एवं शर्ते तथा अनुबंध की विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in तथा www.mppolice.gov.in की बेवसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रकाशन की दिनांक | 21/07/2026 के 17:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभ दिनांक | 21/07/2026 के 18:00 बजे |
| प्री-बिड मीटिंग दिनांक | 24/07/2026 के 11:00 बजे |
| निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 27/07/2026 के 11:00 बजे |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 11/08/2026 के 14:00 बजे |
| तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक | 12/08/2026 के 16:00 बजे |

पुलिस अधीक्षक,
पीटीएस (एमटी), भोपाल

जी - 16219/26 स्वच्छा ही सेवा है।


### व्यापार और निवेश बढ़ाने पर जोर

## सीआईआई और दक्षिण अफ्रीका के वाणिज्य दूतावास के बीच चर्चा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच आर्थिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और दक्षिण अफ्रीका के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापार, विनिर्माण और निवेश के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान दक्षिण अफ्रीका के मुंबई स्थित महावाणिज्यदूत (कॉन्सुल जनरल) गेडियन लाबाने और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सीआईआई की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अल्पा अंतानी के साथ विचार विमर्श किया।


बैठक

बैठक में दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने, निवेश को प्रोत्साहित करने और विनिर्माण क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही पश्चिमी भारत में उद्योग जगत के साथ कारोबारी सहभागिता बढ़ाने के लिए सीआईआई के व्यापक उद्योग नेटवर्क का बेहतर उपयोग करने पर भी सहमति बनी। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच बढ़ता आर्थिक सहयोग दोनों देशों के उद्योगों के लिए नए अवसर पैदा कर सकता है तथा व्यापार और निवेश को नई गति देने में मददगार साबित होगा।

### तेज उछाल के बाद गिरावट

## मुनाफावसूली से तेजी पर लगा ब्रेक हल्दी, धनिया और जीरा के दाम फिसले

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पिछले कुछ सप्ताह से लगातार बढ़ रही मसालों की कीमतों में इस सप्ताह नरमी देखने को मिली है। बाजार के जानकारों के अनुसार तेज उछाल के बाद मुनाफावसूली और मानसून की स्थिति में सुधार के चलते हल्दी, धनिया और जीरा के भाव में गिरावट दर्ज की गई है।



माना जा रहा है कि लंबी अवधि में इन मसालों की कीमतों में फिर मजबूती देखने को मिल सकती है। गौरतलब है कि हल्दी का अगस्त वायदा अनुबंध 20 जुलाई को 21,492 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ था, जो 24 जुलाई को गिरकर 20,720 रुपए प्रति क्विंटल के निचले स्तर तक पहुंच गया। इसी अवधि में धनिया का अगस्त अनुबंध 16,298 रुपए से घटकर 15,460 रुपए प्रति क्विंटल रह गया, जबकि जीरे का अगस्त अनुबंध 21,285 रुपए से फिसलकर 20,950 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गया। तेज उछाल के बाद निवेशकों की मुनाफावसूली के चलते कीमतों में कुछ गिरावट आई है। धनिया और जीरे में भी यही रुझान देखने को मिला। बाजार जानकार अनिल कुकरेजा ने कहा कि मानसून में सुधार से आगामी फसल को लेकर चिंताएं कुछ कम हुई हैं।

### मारुति सुजुकी का नया ब्रेजा टर्बो बूस्टरजेट लांच



**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने युवाओं का ध्यान रखते हुए अपना लोकप्रिय ब्रांड मॉडल न्यू ब्रेजा टर्बो बूस्टरजेट लॉन्च किया है। का दावा है कि नया मॉडल बिल्डर, आधुनिक तकनीक के साथ युवा उद्यम कंपनी को पूरा करेगा। शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 7,39,900 रुपए रखी गई है। ब्रेज़ा का एक अन्य विकल्प के15 सी ड्रैगन जेट स्केट वीवीटी इंजन और स्मार्ट हाइब्रिड टेक्नोलॉजी के साथ भी उपलब्ध रहेगा।


**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड़ संभाग भोपाल-01
Mobile No. 9425601545 ई-मेल : mpphc.bhopal@yahoo.com
क्र.-मप्रपुआअविनि/734/पयं/भोपाल-01/तशा/2026
भोपाल, दिनांक : 23.07.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

भोपाल संभाग-1 अंतर्गत भोपाल जिलें में निर्माण/मरम्मत/रेनोवेशन/वाटर प्रुफिंग कार्य हेतु निविदा **क्रमांक.-08/2026-27** ऑनलाइन निविदा क्रमांक - 2026_MPPHC_523641_1, 2026_MPPHC_523642_1, 2026_MPPHC_523643_1, 2026_MPPHC_523645_1, 2026_MPPHC_ 523646_1, 2026_MPPHC_523971_1, आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 03.08.2026 सायं 5:00 बजे तक ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/127172/2026 परियोजना यंत्री


### विशेषज्ञों ने जताई साइलेंट लिवर डैमेज पर चिंता

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भारत में बढ़ रहे लिवर संबंधी रोगों पर चिंता जताते हुए लोगों से लिवर की सुरक्षा के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की है। वरिष्ठ आयुर्वेदिक विशेषज्ञ डॉ. प्रीति छाबड़ा के अनुसार शरीर का प्राकृतिक डिटॉक्सिफिकेशन केंद्र माना जाने वाला लिवर पाचन, शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने सहित 500 से अधिक महत्वपूर्ण कार्य करता है, लेकिन इसके बावजूद लिवर स्वास्थ्य को अक्सर नजरअंदाज किया जाता है।


**// कार्यालय, पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण शाला (एमटी), भोपाल (म.प्र.) //**

**पुलिस विभाग के वाहनों के रख-रखाव के लिये आवश्यकतानुसार विविध प्रकार की सामग्री क्रय करने हेतु 03 माह के लिऐ अनुबंध हेतु**

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, पी.टी.एस. (एमटी), पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा पुलिस विभाग के वाहनों के रख-रखाव के लिये आवश्यकतानुसार विविध प्रकार की सामग्री (स्टोर-2 भाग-1) क्रय करने हेतु 03 माह के लिए दर अनुबंध किये जाने हेतु खुली ई-निविदा आंमत्रित की गई है। नियम एवं शर्ते तथा अनुबंध की विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in तथा www.mppolice.gov.in की बेवसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रकाशन की दिनांक | 22/07/2026 के 17:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभ दिनांक | 22/07/2026 के 18:00 बजे |
| प्री-बिड मीटिंग दिनांक | 24/07/2026 के 11:00 बजे |
| निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 27/07/2026 के 11:00 बजे |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 12/08/2026 के 14:00 बजे |
| तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक | 13/08/2026 के 16:00 बजे |

पुलिस अधीक्षक
पी.टी.एस. (एमटी), भोपाल

जी - 16249/26 स्वच्छा ही सेवा है।



**कार्यालय कलेक्टर जिला रायसेन मध्य प्रदेश एवं पदेन उपसचिव मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग रायसेन**

प्रकरण क्रमांक 0283/बी-121/25-26 अंतर्गत धारा 19 भू अर्जन पुनर्वास एवं प्रनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 ( क्र. सन 2013) चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची में महुआखेडा कलॉ से महगवॉ टप्पा मार्ग पर पुल निर्माण हेतु तहसील बेगमगंज जिला रायसेन के ग्राम महगवॉ टप्पा सुनेहरा के लिये प्रभावित भूमि हेतु आवश्यक वर्णित भूमि जिसका कृषकवार, सर्वे क्रमांक विवरण अनुसूची में उल्लेखित है । सार्वजनिक प्रयोजन की आवश्यक्ता है अतः भू अर्जन पुनर्वास एवं प्रनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 ( क्र. सन 2013 की धारा-19 के अंतर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न अनुसूची के पद 03 में वर्णित भूमि एवं स्थाई परिसम्पतिया लोक प्रयोजन हेतु अपेक्षित है। :-

(1) - भूमि का विवरण
(क) - जिला रायसेन ।
(ख) - तहसील / तालुका बेगमगंज ।
(ग) - ग्राम महगवॉ टप्पा सुनेहरा

- :: अनुसूची :: -
-:: भूमि का विवरण:: -

| जिला | तहसील / ग्राम | कृषक का नाम | खसरा क्रमांक | कुल रकवा हेक्टेयर में | अर्जित रकवा हेक्टेयर में | धारा 11 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| रायसेन | मेहगवॉं टप्पा सुनेहरा | मनोरमा वेवा रविशंकर, सुरेश कुमार, दिनेश कुमार भास्कर, कालेन्द्री आ रविशंकर जाति ब्राम्हण | 50/2 | 0.918 | 0.180 | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग भोपाल | महुआखेडा कलॉं से महगवॉं टप्पा मार्ग पर सेमरी नदी पर पुल निर्माण हेतु |
| | | | 51/2 | 0.093 | 0.050 | | |

नोट - भूमि का नकशा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय बेगमगंज में देखा जा सकता है।

अरूण कुमार विश्वकर्मा
कलेक्टर
जिला रायसेन

जी - 16214/26 स्वच्छता ही सेवा



**मुख्यालय, राज्यआपदा आपातकालीन मोचन बल, मध्य प्रदेश**

पुलिस आफिसर मैस के सामने, नूरबाग कैम्प, भोपाल.-462008

क्रमांकः-/21/आ.प्र. /2026 भोपाल, दिनांकः- 23/07/2026

**ई-निविदा सूचना**

मुख्यालय, राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल मध्य प्रदेश, पुलिस आफिसर मैस के सामने, भोपाल द्वारा नीचे दर्शित तालिका अनुसार आनलाईन ई-निविदा https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है:-

| स. क्र. | उपकरण का नाम | निविदा क्रमांक/दिनांक | निविदा डायनलोड/जमा प्रारंभ करने की तिथि / | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डीप डायविंग प्रशिक्षण | 2026_HCDDM_523433_1 | 23-07-2026 18:00 बजे | 12-08-2026 15:00 बजे | 13-08-2026 15:30 बजे |

01. टेंडर डॉक्यूमेंट्स की कीमत (टेंडर फीस) नॉन-रिफंडेबल है और किसी भी स्थिति में इसमें छूट नहीं दी जा सकती।
02. टेंडर तय तारीख और समय के अंदर https://www.mptenders.gov.in वेबसाइट पर डिविजनल कमांडेंट SDERF MP, भोपाल के पक्ष में ऑनलाइन जमा करे। टेंडर फीस और EMD वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन जमा की जानी चाहिए
03. टेंडर डॉक्यूमेंट्स विभागीय वेबसाइट (www.homeguard.mp.gov.in) पर भी उपलब्ध है।

(संगीता डी कुमार)
डिवीजनल कमांडेण्ट
एसडीईआरएफ मुख्या. (म.प्र.)

जी - 16221/26 स्वच्छता ही सेवा



**मुख्यालय, राज्यआपदा आपातकालीन मोचन बल, मध्य प्रदेश**

पुलिस आफिसर मैस के सामने, नूरबाग कैम्प, भोपाल.-462008

क्रमांकः-/27/आ.प्र. /2026 भोपाल, दिनांकः- 24/07/2026

**ई-निविदा सूचना**

मुख्यालय, राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल मध्य प्रदेश, पुलिस आफिसर मैस के सामने, भोपाल द्वारा नीचे दर्शित तालिका अनुसार आनलाईन ई-निविदा https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है:-

| स. क्र. | उपकरण का नाम | निविदा क्रमांक/दिनांक | निविदा डायनलोड/जमा प्रारंभ करने की तिथि / | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | REPAIR AND SERVICING OF OUTBOARD MOTOR ENGINE (OBM) | 2026_HCDDM_ 524040_1 | 24-07-2026 18:00 बजे | 13-08-2026 15:00 बजे | 14-08-2026 15:30 बजे |

01. टेंडर डॉक्यूमेंट्स की कीमत (टेंडर फीस) नॉन-रिफंडेबल है और किसी भी स्थिति में इसमें छूट नहीं दी जा सकती।
02. टेंडर तय तारीख और समय के अंदर https://www.mptenders.gov.in वेबसाइट पर डिविजनल कमांडेंट SDERF MP, भोपाल के पक्ष में ऑनलाइन जमा करे। टेंडर फीस और EMD वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन जमा की जानी चाहिए
03. टेंडर डॉक्यूमेंट्स विभागीय वेबसाइट (www.homeguard.mp.gov.in) पर भी उपलब्ध है।

(संगीता डी कुमार)
डिवीजनल कमांडेण्ट
एसडीईआरएफ मुख्या. (म.प्र.)

जी - 16232/26 स्वच्छता ही सेवा



**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू अर्जन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन**

दिनांक 14.07.2026

- :: सार्वजनिक सूचना ::-

प्रकरण कमांक 00/ अ-82/2026-27 चूंकि राज्य शासन को प्रतीत होता है कि निम्न अनुसूची में खाने (1) से (6) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (8) में उनके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यक्ता है अथवा आवश्यक्ता पडने की संभावना है। उक्त प्रयोजन हेतु प्रकरण में मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के परिपत्र कमांक एफ 12-2/2014/सात/शा 2 ए भोपाल दिनांक 12 नबम्बर 2014 के द्वारा प्रतिपादित आपसी सहमति से भूमि क्रय की नीति के तहत कार्यवाही प्रचलित है। अतएव निम्न दर्शित भूमि धारको से परियोजना के लिये राज्य सरकार से संबधित विभाग / उपक्रम में पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति की भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह नियत अवधि (सार्वजनिक सूचना प्रकाशन, के 07 दिवस के भीतर) में आधार सहित प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियो पर विचार नही किया जावेगा ।

- :: अनुसूची :: -
भूमि का वर्णन

| क्र. | भूमि स्वामी का नाम | ग्राम का नाम | सर्वे क्रमांक | कुल रकवा हे. में | अर्जित रकवा हे. में | प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 01 | दीनदयाल आ हरगोविंद | हिनोतिया बमनई | 360/1 | 0.069 | 0.060 | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग रायसेन | बेगमगंज सागर मोर्ग (SH-86 A) से महुआखेडाकलां, गोरखा, पडरिया राजाधार, से सिलवानी सागर (SH-15) मार्ग निर्माण |
| 02 | तिजई उर्फ प्यारेलाल आ करनसिह | हिनोतिया बमनई | 360/1 | 0.069 | 0.060 | | |
| | | | | 0.138 | 0.115 | | |

सक्षम प्राधिकारी (भू अर्जन)
एवं अनुविभागीय आधिकारी (राजस्व)
अनुविभाग बेगमगंज जिला - रायसेन

जी - 16302/26 स्वच्छता ही सेवा

चिंतन

# आंदोलन खत्म, अब सुधारों की बारी

नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर चला छात्रों का आंदोलन आखिरकार केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद समाप्त हो गया। अब आंदोलन खत्म होने के बाद देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लागू करने की बारी है, ताकि जवाबदेही तय हो सके और परीक्षाओं में पारदर्शिता आए। परीक्षा प्रणाली में ऐसे ठोस और संस्थागत सुधार किए जाएं, जो भविष्य में इस तरह के संकट की पुनरावृत्ति रोक सकें और करोड़ों विद्यार्थियों का भरोसा फिर से मजबूत करें। अब देश की निगाहें सरकार द्वारा प्रस्तावित परीक्षा सुधारों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर टिकी हैं। वहीं, केंद्र सरकार सोमवार को लोकसभा में कड़े नकल विरोधी कानून से जुड़ा 'सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026' पेश करेगी। प्रस्तावित संशोधनों के तहत दोषियों के लिए 10 वर्ष तक की सजा और 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। यदि संसद से पारित होकर ये प्रावधान प्रभावी ढंग से लागू होते हैं, तो परीक्षा माफिया के खिलाफ एक स्पष्ट और सख्त संदेश जाएगा। मामलों की सुनवाई के लिए विशेष फास्ट ट्रैक अदालतों का प्रस्ताव भी महत्वपूर्ण है। जांच को दो माह के भीतर पूरा करने और आरोप-पत्र दाखिल होने के बाद तीन माह के भीतर सुनवाई समाप्त करने की समय-सीमा तय करना न्याय प्रक्रिया को गति देने का प्रयास है। यदि यह व्यवस्था व्यवहार में भी उतनी ही प्रभावी साबित होती है, तो वर्षों तक लंबित रहने वाले मामलों की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है और कानून का भय भी बढ़ेगा। दूसरी तरफ सरकार ने इन्फोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणी की अध्यक्षता में परीक्षा सुधारों के लिए एक हाई पावर्ड टास्क फोर्स का गठन किया है। यह कदम इस बात का संकेत है कि सरकार परीक्षा व्यवस्था में केवल तात्कालिक नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और संरचनात्मक बदलाव चाहती है। इस टास्क फोर्स से अपेक्षा है कि वह प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, डिजिटल निगरानी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित जोखिम पहचान, परीक्षा संचालन, डेटा सुरक्षा और संस्थागत जवाबदेही को मजबूत करने के लिए व्यावहारिक सुझाव देगी। यदि इसकी सिफारिशों को समयबद्ध तरीके से लागू किया जाता है, तो देश की परीक्षा प्रणाली अधिक आधुनिक, सुरक्षित और विश्वसनीय बन सकती है। सरकार ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षाओं (सीबीटी) के विस्तार, परीक्षा केंद्रों की निगरानी और तकनीकी सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने की दिशा में भी आगे बढ़ रही है। प्रतियोगी परीक्षाएं करोड़ों युवाओं के सपनों का आधार होती हैं। यदि उन्हें यह भरोसा नहीं रहेगा कि उनकी सफलता केवल उनकी मेहनत से तय होगी, तो पूरी शिक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लग जाएगा। इसलिए सुधारों का लक्ष्य केवल अपराधियों को दंडित करना नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था बनाना होना चाहिए, जिसमें गड़बड़ी की गुंजाइश ही न्यूनतम रह जाए। आंदोलन समाप्त हो चुका है, लेकिन सुधारों की असली परीक्षा अब शुरू हुई है। यदि सरकार घोषित कानूनी, प्रशासनिक और तकनीकी सुधारों को ईमानदारी और समयबद्ध तरीके से लागू करती है, तो यह केवल परीक्षा प्रणाली ही नहीं, बल्कि देश के युवाओं के भविष्य में विश्वास को भी नई मजबूती देगा। अब देश को इस्तीफों से आगे बढ़कर स्थायी सुधारों का परिणाम देखना है।



अर्थव्यवस्था
डॉ.जयंतीलाल भंडारी

अमेरिकी सीनेट में पेश किए गए एक नए विधेयक के तहत एच-1बी वीजा जारी करने पर तीन साल की रोक लगाने का प्रस्ताव रखा गया है। इस कदम से अमेरिका जाने का सपना देख रहे भारतीय आईटी और तकनीकी क्षेत्र के पेशेवरों पर सीधा और बड़ा असर पड़ सकता है। वीजा के लिए नए प्रस्तावों में 1,00,000 डॉलर (लगभग 85-95 लाख रुपये) तक का भारी-भरकम शुल्क और कठोर न्यूनतम वेतन मानदंड शामिल हैं। वीजा के लिए पारंपरिक रैंडम लॉटरी खत्म करके केवल उच्च वेतन और वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों को प्राथमिकता देने की तैयारी है। वीजा धारकों के आश्रितों और परिजनों पर भी कई तरह की पाबंदियां लगाने की चर्चा है।

# अमेरिका से बढ़ती आर्थिक चुनौतियां

इन दिनों अमेरिका में एच-1बी वीजा रोक की तैयारी और भारत के लिए बढ़ते हुए टैरिफ से संबंधित तीन परिदृश्य भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए नई चुनौतियां के रूप में दिखाई दे रहे हैं। एक, 25 जुलाई को अमेरिकी सीनेट में एच-1बी वीजा पर 3 साल तक रोक लगाने संबंधी एक नया और बेहद सख्त विधेयक पेश किया गया है। दो, 24 जुलाई से धारा 301 के तहत अमेरिका में भारतीय आयातों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लागू किया गया है। तीन, 1 अगस्त 2026 से अमेरिका के द्वारा आयात की जाने वाली भारत की जेनेरिक दवाओं पर चरणबद्ध तरीके से 200 प्रतिशत तक टैरिफ का ऐलान किया गया है।

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी सीनेट में पेश किए गए एक नए विधेयक के तहत एच-1बी वीजा जारी करने पर तीन साल की रोक लगाने का प्रस्ताव रखा गया है। इस कदम से अमेरिका जाने का सपना देख रहे भारतीय आईटी और तकनीकी क्षेत्र के पेशेवरों पर सीधा और बड़ा असर पड़ सकता है। वीजा के लिए नए प्रस्तावों में 1,00,000 डॉलर (लगभग 85-95 लाख रुपये) तक का भारी-भरकम शुल्क और कठोर न्यूनतम वेतन मानदंड शामिल हैं। वीजा के लिए पारंपरिक रैंडम लॉटरी खत्म करके केवल उच्च वेतन और वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों को प्राथमिकता देने की तैयारी है। वीजा धारकों के आश्रितों और परिजनों पर भी कई तरह की पाबंदियां लगाने की चर्चा है। हालांकि, 1 लाख डॉलर की भारी फीस वाले प्रशासनिक आदेश पर अदालती रोक फिलहाल बरकरार है, फिर भी संसद में पेश इस नए विधेयक ने अनिश्चितता का माहौल बना दिया है। यदि यह कानून लागू होता है, तो भारतीय पेशेवरों और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए चुनौतियां काफी बढ़ सकती हैं। शुरुआत में भारत पर 12.5 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव था, जिसे घटाकर 10 प्रतिशत किया गया है। भारत द्वारा अपनी विदेश व्यापार नीति में सुधार कर जबरन मजदूरी से बने सामानों पर प्रतिबंध लगाने के कारण यह राहत मिली है। यह बात महत्वपूर्ण है कि अमेरिका भारत का सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार और सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। वर्ष 2025-26 में दोनों देशों के बीच लगभग 141 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ था, जिसमें भारत का कुल निर्यात 87.3 अरब डॉलर रहा था। भारत के कुल वस्तु निर्यात में अमेरिका की बड़ी हिस्सेदारी होने के कारण वस्त्र उद्योग, रत्न एवं आभूषण, वाहन कलपुर्जे जैसे क्षेत्रों के लाभ मार्जिन पर सीधा प्रहार होगा। इसी परिप्रेक्ष्य में यह भी चिंताजनक है कि 22 जुलाई को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा आयातित जेनेरिक दवाओं पर चरणबद्ध तरीके से टैरिफ लागू करने की घोषणा की गई है। इस नीति के तहत 1 अगस्त 2026 से 31 जुलाई 2028 तक, यानी शुरुआती दो वर्षों के लिए, आयातित जेनेरिक दवाओं को टैरिफ से पूरी तरह मुक्त रखा गया है, ताकि अमेरिकी बाजार में दवा आपूर्ति में तुरंत कोई बाधा न आए। इसके पश्चात, 1 अगस्त 2028 से 31 जुलाई 2029 तक एक वर्ष के लिए दवाओं के मूल्य पर सीधे 100 प्रतिशत का टैरिफ लागू किया जाएगा। अंततः 1 अगस्त 2029 के बाद इस टैरिफ को बढ़ाकर 200 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया जाएगा। ट्रंप द्वारा जेनेरिक दवाओं पर इस कड़े टैरिफ ढांचे को




अपनाने का मुख्य उद्देश्य विदेशी दवा कंपनियों को अमेरिका के भीतर निर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए बाध्य करना है। जो दवा निर्माता दी गई इस समयावधि के भीतर अपना उत्पादन घरेलू स्तर पर अमेरिका में स्थानांतरित नहीं करेंगे, उन पर 200 प्रतिशत का भारी आर्थिक दंडस्वरूप टैरिफ लागू होगा। अब अमेरिकी टैरिफ की इस नई चुनौती से निपटने के लिए भारत को कई रणनीतिक बिंदुओं पर तुरंत ध्यान केंद्रित करना होगा। अगस्त 2026 से जुलाई 2028 तक मिलने वाली शून्य प्रतिशत शुल्क की अवधि का उपयोग भारतीय कंपनियों और सरकार को दीर्घकालिक रणनीति बनाने में करना चाहिए। बड़ी भारतीय दवा कंपनियों को यह मूल्यांकन करना होगा कि क्या अमेरिका में स्थानीय संयंत्र स्थापित करना या वहां की कंपनियों के साथ रणनीतिक साझेदारी करना आर्थिक रूप से व्यावहारिक है। चूंकि अमेरिका में प्लांट लगाने और एफडीए मंजूरी में भारी निवेश लगता है, इसलिए यह देखना होगा कि टैरिफ लगने के बाद भी क्या भारतीय दवाएं अमेरिकी विकल्पों से सस्ती रह पाती हैं या नहीं। भारत को अपनी निर्भरता केवल अमेरिकी बाजार तक सीमित न रखकर यूरोपीय संघ, लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और एशिया के उभरते बाजारों में अपना निर्यात तेजी से बढ़ाना चाहिए। पारंपरिक जेनेरिक दवाओं के स्थान पर अब जटिल जेनेरिक और बायोसिमिलर दवाओं के शोध व विकास पर अधिक ध्यान देना होगा। भारत को अपनी लागत-कुशल उत्पादन रणनीति और दवाओं की विश्वस्तरीय गुणवत्ता पर निरंतर ध्यान देना होगा। सरकार को फार्मा पार्कों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना होगा और दवा उद्योग के साथ आईटी व डिजिटल विशेषज्ञता को एकीकृत करना होगा। स्वदेशी फार्मास्युटिकल अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए दवा अनुमोदन प्रक्रियाओं को सरल, त्वरित और पारदर्शी बनाना होगा तथा वैश्विक नियामक प्राधिकरणों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करना होगा। यद्यपि पिछले वर्ष ब्रांडेड दवाओं पर लगाया गया टैरिफ भारत के लिए बेअसर साबित हुआ था, लेकिन अब जेनेरिक दवाओं पर टैरिफ की यह नई चुनौती अधिक गंभीर है।

भारत को अपनी फार्मा रणनीति को नए सिरे से गढ़ना होगा। निश्चित रूप से टैरिफ की चुनौतियों के मद्देनजर अमेरिका व भारत के बीच अंतिम आकार ले रहे द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की अहमियत बढ़ गई है। ऐसा एक औपचारिक और संतुलित व्यापार समझौता भारत के प्रमुख निर्यात उत्पादों जैसे दवाई, रत्न एवं आभूषण, वस्त्र, मसाले और हस्तशिल्प पर अमेरिकी शुल्क दरों को काफी कम या शून्य दर पर ला सकता है। इससे धारा 301 के तहत लगे 10 प्रतिशत टैरिफ और भविष्य में जेनेरिक दवाओं पर लगने वाले भारी टैरिफ का असर स्वतः समाप्त या सीमित हो जाएगा, जिससे भारतीय निर्यातक अमेरिकी बाज़ार में अपनी मजबूत पकड़ बनाए रख सकेंगे। द्विपक्षीय व्यापार समझौते का दूसरा सबसे बड़ा लाभ वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की केंद्रीय भूमिका के रूप में सामने आएगा। दुनिया के प्रमुख देश अब किसी एक बाज़ार पर अति-निर्भरता समाप्त कर सुरक्षित विकल्पों की तलाश कर रहे हैं। इस समझौते के माध्यम से अमेरिकी कंपनियां इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन कलपुर्जे, सौर ऊर्जा और सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्रों में भारत को एक विश्वसनीय और पसंदीदा वैश्विक केंद्र के रूप में चुनेंगी। इससे न केवल देश में बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि घरेलू विनिर्माण क्षमता का भी अभूतपूर्व विस्तार होगा। लॉजिस्टिक्स लागत घटाकर तथा अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक अपनाकर भारतीय उत्पादों को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाना आवश्यक है।

(लेखक अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

इस्तीफा
डॉ. घनश्याम बादल



# सत्ता की सबसे बड़ी परीक्षा चुनाव नहीं, विश्वास

सत्ता कभी यह स्वीकार नहीं करती कि वह दबाव में है। वह निर्णयों को दूरदर्शिता का नाम देती है, परिस्थितियों को सामान्य बताती है और विरोध को राजनीति कहकर खारिज करती है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि कभी-कभी सड़क संसद से अधिक प्रभावशाली हो जाती है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफ़ा भी उसी सत्य की पुनर्पुष्टि है। यह केवल एक मंत्री के पद छोड़ने की घटना नहीं है। यह उस बेचैनी का राजनीतिक स्वीकार है जो पिछले कुछ समय से देश के युवाओं के मन में उबल रही थी। प्रश्न केवल परीक्षा का नहीं था।

प्रश्न यह था कि क्या इस देश में मेहनत करने वाले छात्र का भविष्य सुरक्षित है? क्या उसकी सफलता उसकी योग्यता तय करेगी या व्यवस्था की लापरवाही? जब ये प्रश्न लाखों युवाओं के भीतर एक साथ उठते हैं, तब उनका उत्तर किसी प्रेस कॉन्फ्रेंस से नहीं, बल्कि राजनीतिक निर्णयों से देना पड़ता है। धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफ़ा उसी उत्तर का पहला वाक्य है, पूरी कहानी नहीं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि सरकार ने वह किया, जिसे वह लंबे समय तक करने से बचती रही। पहले सफ़ाइयां दी गईं। फिर जांच बैठी। फिर सुधारों का आश्वासन दिया गया। उसके बाद भी जब आक्रोश शांत नहीं हुआ तो अंततः राजनीतिक उत्तरदायित्व स्वीकार करना पड़ा। यह स्वीकारोक्ति जितनी आवश्यक थी, उतनी ही विलंबित भी। राजनीति में देर से लिया गया सही निर्णय भी कई बार अधूरा साबित होता है।


यदि यही कदम तब उठाया जाता, जब युवाओं का विश्वास पहली बार डगमगाया था, तो शायद सड़कों पर उतरने की नौबत ही नहीं आती। सरकार ने अंततः घाव पर मरहम लगाया, लेकिन तब जबकि घाव नासूर बनने लगा था। भाजपा के लिए यह घटना एक गंभीर राजनीतिक संदेश है। पिछले एक दशक में पार्टी ने निर्णायक नेतृत्व और मज़बूत प्रशासन की छवि बनाई है। किंतु निर्णायक नेतृत्व का अर्थ केवल कठोर निर्णय लेना नहीं होता; समय पर सही निर्णय लेना भी होता है। यदि जनता यह मानने लगे कि सरकार केवल दबाव पड़ने पर ही प्रतिक्रिया देती है, तो उसकी सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी-विश्वसनीयता-धीरे-धीरे क्षीण होने लगती है। यहां विपक्ष भी पूरी तरह निर्दोष नहीं है। किसी मंत्री का इस्तीफ़ा लोकतंत्र की अंतिम विजय नहीं होता। यदि विपक्ष इसे केवल राजनीतिक ट्रॉफी बनाकर रख देगा और शिक्षा व्यवस्था के व्यापक सुधारों पर गंभीर विमर्श नहीं करेगा, तो वह भी युवाओं की अपेक्षाओं के साथ न्याय नहीं कर पाएगा। आंदोलन का उद्देश्य व्यक्ति नहीं, व्यवस्था होनी चाहिए। अब सबसे बड़ा प्रश्न जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन का है। क्या मंत्री के इस्तीफ़े के बाद धरना समाप्त हो जाएगा?

यदि ऐसा होता है, तो यह मानना पड़ेगा कि आंदोलन का लक्ष्य व्यक्ति था, व्यवस्था नहीं। लेकिन यदि आंदोलन जारी रहता है और उसकी मांगें परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, संस्थागत सुधार, जवाबदेही और युवाओं के भविष्य की सुरक्षा तक विस्तृत होती हैं, तब यह भारतीय लोकतंत्र के लिए अधिक परिपक्व संकेत होगा। आंदोलनों की सफलता किसी पदत्याग से नहीं, नीतिगत परिवर्तन से मापी जाती है। आगामी चुनावों पर इसका प्रभाव अवश्य पड़ेगा, पर उसकी तीव्रता सरकार के अगले कदम तय करेंगे। मतदाता भूल भी जाता है, पर युवा अपमान नहीं भूलता। यदि उसे लगे कि उसकी मेहनत का सम्मान लौटा है, तो राजनीतिक क्षति सीमित रह जाएगी। लेकिन यदि यह धारणा बनी कि केवल एक चेहरा बदला गया और व्यवस्था वैसी ही रही, तो यह असंतोष मतदान की चुप्पी में भी दिखाई देगा। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा सबक शायद यही है कि भारत की नई राजनीति का केंद्र अब जाति और धर्म के साथ-साथ युवा आकांक्षाएं भी बन चुकी हैं। यह पीढ़ी भाषणों से अधिक अवसर चाहती है, नारों से अधिक निष्पक्षता और आश्वासनों से अधिक विश्वसनीय संस्थाएं। जो राजनीति इस बदलाव को नहीं समझेगी, वह धीरे-धीरे अपनी ज़मीन खोती जाएगी। धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफ़ा एक व्यक्ति का राजनीतिक अवसान नहीं है। यह सत्ता के लिए चेतावनी है कि लोकतंत्र में जनता केवल सरकार नहीं चुनती, जवाबदेही भी तय करती है।

जब करोड़ों युवाओं का भविष्य दांव पर हो, तब सत्ता की सबसे बड़ी परीक्षा चुनाव नहीं, विश्वास होती है। अब देश की निगाह नए शिक्षा मंत्री पर नहीं, नई शिक्षा व्यवस्था पर है। क्योंकि मंत्री बदलने से राजनीति बदल सकती है, लेकिन व्यवस्था तभी बदलती है, जब सत्ता यह स्वीकार करे कि जनता केवल शासन नहीं, न्याय भी चाहती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# योग के सभी सूत्र जीवन की आधारशिला



संकलित
दर्शन

योग प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। इसके आदिम सूत्रधार परमयोगी भगवान शिव हैं। योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है। समाधि अर्थ में इसका प्रयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए किया जाता है, जब साधक अपनी साधना की चरमावस्था में परमात्मा से एकाकार होकर उसका साक्षात्कार कर लेता है। अग्निपुराण में भी मन एवं आत्मा तथा आत्मा और परमात्मा के संयोग को योग कहा गया। सांख्यदर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष का भेद होने पर भी पुरुष का आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना योग कहलाता है। कठोपनिषद् के अनुसार, जब इंद्रियां मन के साथ और मन अविचल बुद्धि के साथ स्थिर हो जाता है तो यह अवस्था योग की होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम्' कहकर योग का जो स्वरूप अजरुन के समक्ष प्रस्तुत किया है वह सामान्य जन के सर्वाधिक निकट है। कोई भी मनुष्य एकाग्रचित्त होकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग को सिद्ध कर सकता है। योगसूत्र के प्रणोता महर्षि पतंजलि संयमन अर्थ में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। उनके अनुसार यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा आदि आठ अंगों से संपन्न प्राणायाम की विविध क्रियाएं योग कहलाती हैं। इससे चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि में स्थिरता आती है। चिंतन उत्कृष्ट होता है। मन में सद्विचारों का उदय होता है। नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं। परिणामतः आत्मिक और शारीरिक शक्तियों में वृद्धि होती है।

# अहंकार ही व्यक्ति की समस्याओं का कारण



संकलित
प्रेरणा

एक बार नारद मुनि ने कामदेव को पराजित कर दिया तो इस बात का घमंड हो गया। इसके बाद नारद जी जहां जाते, वहां अपनी तारीफ करने लगते। ऐसे ही एक दिन वे शिव जी के पास पहुंच गए। नारद जी ने शिव जी के सामने अपनी प्रशंसा करना शुरू कर दी। शिव जी नारद मुनि की बातें सुनकर समझ गए कि इन्हें अहंकार हो गया है। शिव जी से विदा लेकर नारद मुनि विष्णु जी के पास पहुंच गए और विष्णु जी के सामने अपनी तारीफ करनी शुरू कर दी। विष्णु जी के सामने नारद मुनि ने अहंकार दिखाया तो विष्णु जी ने तय किया कि नारद जी भक्त हैं और इनका घमंड करना सही नहीं है। इसके बाद विष्णु जी ने अपनी माया रची। नारद मुनि विष्णु जी के यहां लौट रहे थे तो उन्हें रास्ते में एक सुंदर राज्य दिखा। वे उस राज्य में पहुंचे तो वहां देखा कि एक राजकुमारी का स्वयंवर हो रहा है। राजकुमारी बहुत सुंदर थी। उसे देखकर नारद ही मोहित हो गए और तुरंत ही विष्णु जी के पास पहुंच गए। नारद मुनि ने विष्णु जी से कहा कि आप मुझे सुंदर रूप दे दीजिए। ताकि मैं उस स्वयंवर राजकुमारी से विवाह कर सकूं। इसके बाद नारद मुनि उस स्वयंवर में पहुंच गए। विष्णु जी ने नारद मुनि को बंदर का मुख दे दिया था। स्वयंवर में नारद पहुंचे तो वहां बंदर जैसे मुख की वजह से उनका बहुत अपमान हुआ। गुस्से में नारद मुनि ने विष्णु जी को शाप दे दिया, लेकिन जब उनका मन शांत हुआ तो उन्हें पूरी बात समझ आ गई। जब नारद का घमंड टूटा तो उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी।

## सटाका




## आज की पाती


### आयकर के प्रति गंभीरता जरूरी

24 जुलाई को आयकर दिवस मनाया गया। वर्ष 1860 को सर जेम्स विल्सन ने कर व्यवस्था को शुरू किया था। आयकर दिवस मनाने का मुख्य कारण करदाताओं का देश के विकास में जो महत्वपूर्ण योगदान है, उसके लिए इन्हें सम्मान देना और लोगों को आयकर के प्रति जागरूक करना भी है। जितने भी करदाता हैं, चाहे वो बिजनेसमैन हों, छोटे-बड़े उद्योगपति हों, दुकानदार या अन्य कोई भी, इन सभी का देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान है। सरकारें आमजन को जितनी भी मुफ्त की सुविधाएं देती हैं वो भी इन्हीं करदाताओं की बदौलत हैं। देश की आर्थिक व्यवस्था को सुधारने में टैक्स प्रणाली का बहुत बड़ा योगदान होता है। कर देने वालों का सम्मान जरूरी है, ताकि देश में विकास कार्य न रुकें।

*- सुनील गुप्ता,* रोहतक

## करंट अफेयर

# भारत एनआईडी को वैध यात्रा दस्तावेज की मान्यता दे



नेपाल ने भारत की यात्रा पर आने वाले नेपाली नागरिकों के लिए राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईडी) को वैध यात्रा दस्तावेज के रूप में मान्यता देने का अनुरोध किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। इस कदम के लागू होने पर नागरिकता प्रमाणपत्र और पासपोर्ट के साथ-साथ राष्ट्रीय पहचान पत्र का भी यात्रा दस्तावेज के रूप में इस्तेमाल किया जा सकेगा। आव्रजन विभाग के प्रवक्ता टीका राम ढकाल ने बताया कि विभाग ने राजनयिक माध्यमों से यह प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा है और भारत की यात्रा के लिए राष्ट्रीय पहचान पत्र को मान्यता देने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा, 'हमने गृह मंत्रालय के माध्यम से यह प्रस्ताव पहले ही विदेश मंत्रालय को भेज दिया था और विदेश मंत्रालय ने इसे भारत के संबंधित अधिकारियों को अग्रेषित कर दिया है।' ढकाल ने कहा, ' 'हम इस मामले में काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं और भारत की ओर से औपचारिक जवाब की प्रतीक्षा कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि यदि इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाती है तो राष्ट्रीय पहचान पत्र हवाई और सड़क, दोनों मार्गों से भारत की यात्रा करने वाले नेपाली नागरिकों के लिए नागरिकता प्रमाणपत्र और पासपोर्ट के साथ तीसरा वैध पहचान दस्तावेज बन जाएगा।

## ऑफ बीट

# रेन कोट की पानी से बचाव की क्षमता घटने के कारण

तेज बारिश में बाहर निकलने के कुछ ही समय बाद यदि रेन कोट के अंदर कपड़े भीगने लगें, तो अक्सर लगता है कि 'वाटरप्रूफ' कोट ने काम करना बंद कर दिया। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि आमतौर पर रेन कोट अचानक खराब नहीं होता, बल्कि उसकी बाहरी परत, गंदगी और लंबे उपयोग का असर धीरे-धीरे उसकी क्षमता कम करता है। अधिकतर गुणवत्तापूर्ण रेन कोट के भीतर एक विशेष वाटरप्रूफ मेम्ब्रेन लगी होती है। गोर-टेक्स जैसी तकनीक में पीटीएफई या ईपीटीएफई की अत्यंत पतली परत होती है, जिसमें सूक्ष्म छिद्र बने होते हैं। ये छिद्र पानी की बूंदों को भीतर आने से रोकते हैं, लेकिन शरीर से निकलने वाली जलवाष्प को बाहर जाने देते हैं। कुछ अन्य कोट ठोस, गैर-छिद्रयुक्त मेम्ब्रेन का उपयोग करते हैं, जो नमी को अवशोषित कर अणु-दर-अणु बाहर निकालती हैं। रेन कोट के बाहरी कपड़े पर 'ड्यूरेबल वाटर रिपेलेंट' (डीडब्ल्यूआर) नामक रासायनिक परत लगाई जाती है, जिससे पानी बूंदों के रूप में फिसल जाता है। पहले इन परतों में पीएफएएस जैसे 'फॉरएवर केमिकल्स' का इस्तेमाल होता था, लेकिन पर्यावरणीय चिंताओं के कारण अब सिलिकॉन या हाइड्रोकार्बन आधारित विकल्प अपनाए जा रहे हैं।



## ट्रेंड

### अनाहत सिंह पर गर्व



2026 वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि। गोल्ड मेडल जीतने और वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी बनने पर अनाहत सिंह पर गर्व है।

- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### निष्पक्षता की मांग



दिल्ली में शांतिपूर्ण विरोध कर रहे छात्रों पर पैलेट गन, लाठी और आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया। मैं 19 साल के साहिल लोचब से मिला। पैलेट लगने से उनकी एक आंख जा सकती है। उनका "गुनाह" क्या था? पेपर लीक को खत्म करने और भविष्य के लिए निष्पक्षता की मांग करना।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### राष्ट्र हित सर्वोपरि



भारतीय सेना की अद्वितीय वीरता, अटूट संकल्प और सर्वोच्च बलिदान राष्ट्र को सदा गौरवान्वित करता रहेगा। हमारे नायकों का साहस, अनुशासन और मातृभूमि के प्रति समर्पण हम सभी को राष्ट्र हितों को सर्वोपरि रखने के लिए सदा प्रेरित करता रहेगा।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### सीआईडी की विश्वसनीयता



शराब घोटाले, जेएसएससी और ट्रेजरी घोटाले की जांच में सीआईडी के कामकाज को लेकर गंभीर सवाल उठते रहे हैं। अब जेपीएससी मामले में भी वैसी ही आशंकाएं सामने आ रही हैं। जनता के बीच सीआईडी की विश्वसनीयता लगभग खत्म हो चुकी है।

- **बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

### यशवंत एक्सप्रेस ट्रेन में सवार महिला यात्री का पर्स झपटा था, मौसी के घर छिपा दिए थे जेवरात

# झपटमारी के बाद चलती ट्रेन से कूदकर भागने वाला मथुरा से गिरफ्तार, 7 लाख रुपए के जेवरात बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीआरपी भोपाल ने पचामा सीहोर के पास महिला यात्री का जेवरात से भरा पर्स झपटकर चलती ट्रेन से कूदकर भागने वाले बदमाश संजय प्रजापति उर्फ कमांडो (22) को दो महीने बाद मथुरा से गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी की तलाश करते हुए उसके निवास बैरागढ़ तक पहुंच चुकी थी। इधर, भनक लगते ही आरोपी फरार हो गया। करीब डेढ़ महीने तक जीआरपी की टीम उसकी तलाश करती रही और मथुरा से उसे दबोच लिया। उसके कब्जे से करीब सात लाख रुपए के सोने के जेवरात बरामद किए हैं। जीआरपी ने बताया कि आशा नागेश ने 28 मई 2026 को उज्जैन जीआरपी में जीरो पर प्रकरण दर्ज कराया था।


जीआरपी की गिरफ्त में आरोपी।

#### सीसीटीवी फुटेज से रूटमैप बनाकर पहुंची जीआरपी

जीआरपी ने घटनास्थल पचामा सीहोर से करीब 100 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए। फुटेज का रूटमैप तैयार कर जीआरपी की टीम संजय प्रजापति के किराए का मकान ओल्ड डेयरी फार्म बैरागढ़ पहुंची। इस दौरान पता चला कि वह घर से कुछ समय पहले ही निकला है।

### महिला की एक्टिवा को ओवरटेक करने को लेकर हो रहा था विवाद

# सगे बहन-भाइयों ने युवक पर डंडे से किया जानलेवा हमला

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित रत्नागिरी चौराहे का मामला


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित रत्नागिरी चौराहा पर ओवरटेक करने को लेकर एक्टिवा सवार महिला का ऑटो चालक और उसके भाई व बहन से विवाद हो गया। महिला के परिचित व उसके दोस्त ने ऑटो चालक समेत तीनों को समझाइश देकर अलग कर दिया। यह बात आरोपियों को नागवार गुजरी और तीनों सगे बहन-भाइयों ने समझाइश देने वाले युवक पर डंडों से प्राणघातक हमला कर दिया। सिर में आई गंभीर चोट के कारण युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपी बहन-भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार शनिवार 25 जुलाई को फरियादी सुनील साहू रत्नागिरी चौराहे पर था। वहां ऑटो वाला राहुल, प्रशांत और उसकी बहन, बाल विहार आनंद नगर की परिचित पूजा सेन से आपस में बहस कर रहे थे। तब सुनील साहू और हीरेश बघेल ने समझाइश देकर बहस खत्म करा दी। इसके बाद सुनील व हीरेश आनंद नगर बिजली कॉलोनी की घाटी के पास आकर खड़े हो गए। तभी सवारी ऑटो से राहुल, प्रशांत और एक लडकी उनके पास आक रुके। तब सुनील साहू ने कहा कि अब क्या हो गया। इतना सुनते ही तीनों गाली-गलौज करने लगे। राहुल और प्रशांत ने ऑटो से डंडे निकाले और हीरेश पर हमला कर दिया। राहुल और प्रशांत ने उसे जमीन पर पटक दिया और जान से मारने की नीयत से सिर पर डंडे से वार किया। हीरेश का सिर फूटा और खून बहने लगा। राहुल और प्रशांत के साथ आई लडकी ने भी ऑटो से डंडा निकालकर नीचे पड़े हीरेश के पैरों व छाती पर वार किए। इस बीच सुनील साहू ने अपने साथी को बचाने के लिए शोर मचा दिया। आसपास के ठेले वाले उसे बचाने दौड़े और बीच-बचाव किया। घटना के बाद आरोपी ऑटो में सवार होकर वहां से भाग निकले। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल हीरेश को अस्पताल में भर्ती कराया और उसके बाद घेराबंदी कर तीनों आरोपियों प्रशांत ठाकुर (35), राहुल ठाकुर (32) व पिंकी सोलंकी (33) तीनों निवासी छावनी झुग्गी झिरिया खेड़ा रोड बिलखिरिया को गिरफ्तार कर लिया।

## खबर संक्षेप

### विश्वशांति के लिए की विशाल शांतिधारा



**औबेदुल्लागंज।** अष्टानिका पर्व का छठवें दिन 264 अर्घ्य चढ़ाए। विश्व शांति एवं सुख-समृद्धि के लिए विशाल शांति धारा की। पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में डॉ. मीना जैन सुनील तामोट ने नंदिश्वर विधान किया। मुख्य रोड पर पुराने मंदिर में नीति अनुराग जैन सिद्ध चक्र महामंडल विधान भक्ति भाव से कर रहे हैं। तामोट में प्रातः काल से ही धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। सोमवार भोजपुर की तरफ से एलक श्री दया सागर महाराज चौमासे के लिए औबेदुल्लागंज पधार रहे हैं, जिनकी अगवानी औबेदुल्लागंज में सोमवार को प्रातः काल में होगी।

### अशोक के मार्गदर्शन में कार्य करें व्यापार महासंघ

**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ के जनक अशोक मित्तल, संरक्षक अशोक सेठी, अशोक कामरा ने व्यापार महासंघ को मजबूत एवं प्रभावशाली बनाया। व्यापार महासंघ का नाम नगर के विकास व उन्नति में आगे बढ़ाया। किराना व्यापार संघ के अध्यक्ष विक्रम धाड़ी, व्यापारी संघ के मीडिया प्रभारी नीरज चावला, विवेक मित्तल, गिरीश चावला, रमेश सेठी शंकर सेठी, सिद्धार्थ मित्तल, सुनील वर्धमान श्याम आदि ने बताया कि व्यापार संघ को नई ऊंचाइयां देने वाले मित्तल, कामरा, सेठी के मार्गदर्शन में व्यापार संघ को काम करना चाहिए एवं उनके मार्गदर्शन से काम करना चाहिए।

### छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर फेस टू की घटना, मां की साड़ी से बनाया फांसी का फंदा

# मां-पिता ने पचमढ़ी जाने से किया मना, दुखी होकर 15 साल के बेटे ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर फेस टू में शनिवार को दसवीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह पचमढ़ी जाने की जिद कर रहा था, लेकिन मां-पिता ने उसे जाने नहीं दिया। पचमढ़ी नहीं जाने देने से दुखी बेटे ने मां से मोबाइल की मांग की, लेकिन मां ने मोबाइल भी देने से मना कर दिया। इस बात से नाराज होकर उसने मां की साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार शिव नगर फेस टू निवासी बृजभान कुशवाह रेलवे स्टेशन पर स्टाल लगाते हैं। वह सुबह पांच बजे काम पर चले जाते हैं। शनिवार तड़के भी वह काम पर जाने के लिए जाग गए थे। उनके साथ पत्नी व बच्चे भी जग गए। इस बीच उनके इकलौते बेटे कृष्णा कुशवाह (15) ने दोस्तों के साथ पमचढ़ी जाने की जिद की। उसका कहना था कि शुक्रवार शाम को उसने दोस्तों से पचमढ़ी जाने का वादा कर लिया है। लेकिन माता-पिता ने उसे मना कर दिया। इसके बाद पिता काम पर चले गए। इस बीच कृष्णा अपनी बहन व मां से मोबाइल मांगने लगा।

मां ने मोबाइल देने से मना कर दिया और सभी लोग सो गए। इस बीच कृष्णा ने दूसरे कमरे में जाकर मां की साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। करीब साढ़े छह बजे मां उठीं और नहाने के लिए साड़ी लेने दूसरे कमरे में पहुंची। वहां उन्होंने बेटे को फंदे पर लटका देखा। पड़ोसियों की मदद से उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने बताया कि कृष्णा कुशवाह पढ़ाने में कमजोर था। वह चार बहनों का इकलौता भाई था। इस साल दसवीं में उसकी सप्लीमेंट्री आई थी। वह सप्लीमेंट्री परीक्षा भी पास नहीं कर सका था।

हबीबगंज में अलग-अलग घटनाओं में दो ने लगाई फांसी, तीसरे की करंट से झुलसकर मौत

## पीसी नगर मल्टी में फांसी के फंदे पर लटकी मिली युवक की लाश

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित पीसी नगर मल्टी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश घर बुलाने पहुंचे साथी ने फांसी के फंदे पर लटकी देख परिजन को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है। इसी थाना क्षेत्र के मीरा नगर में रहने वाली एक महिला ने फांसी लगा ली। फंदे से उतारकर पति उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचा था। वहां इलाज के दौरान रविवार सुबह महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिए है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



पुलिस के अनुसार पतिराम परिहार पिता देवकरण परिहार (30) पीसी नगर मल्टी में ग्राउंड फ्लोर पर अकेला रहता था। उसका भाई शाहपुरा में परिवार के साथ रहता है। पतिराम प्राइवेट काम करता था। उसका साथी विनोद उसे काम पर चलने के लिए घर बुलाने शनिवार सुबह करीब दस बजे पहुंचा। इस दौरान उसने देखा तो पतिराम फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। उसने पतिराम के भाई को घटना की जानकारी दी। इधर सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी पहुंच गई थी। पुलिस ने निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन परिजन और साथ काम करने वालों ने बताया कि कुछ दिन से पतिराम का मानसिक संतुलन बिगड़ गया था।

### करंट से झुलसकर मजदूर की मौत

इसी थाना क्षेत्र स्थित ई-थ्री अरेरा कॉलोनी में रविवार सुबह सोलर पैनल का पाइप उठाकर साइड में रखते समय पाइप सर्विस लाइन से टकरा गया। इस हादसे में मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार अशोक वर्मा (49) झुग्गी भीम नगर, थाना अरेरा हिल्स में रहता था और पुताई का काम करता था। रविवार सुबह वह ठेकेदार के साथ पुताई करने के लिए ई-थ्री अरेरा कॉलोनी में जैन के मकान पर गया था। पुताई से पहले मकान मालिक ने कहा कि सोलर पैनल का पाइप उठाकर साइड में रख दो। अशोक ने पाइप उठाया और उसे साइड में रख रहा था, तभी सामने से गुजरी सर्विस लाइन से लोहे का पाइप टकरा गया। पाइप टकराते ही अशोक को तगड़ा झटका लगा था। उसके हाथ और शरीर बुरी तरह से झुलस गया था। उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर प्राथमिक जांच में ही अशोक को मृत घोषित कर दिया।

### मीरा नगर में महिला ने लगाई फांसी

इसी थाना क्षेत्र के मीरा नगर में महिला ने फांसी लगा ली। फांसी के फंदे पर लटकता देख पति ने उसे तत्काल फंदे से नीचे उतारा और निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। सांसे चलने के कारण डॉक्टर ने उसे आईसीयू में भर्ती करा दिया। वहां चले इलाज के एक दिन बाद रविवार सुबह महिला की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ममता अहिरवार पति संदीप अहिरवार (28) मीरा नगर में रहती थी। वह गृहणी थी, जबकि पति संदीप मजदूरी करता है। संदीप ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे ममता ने अंदर वाले कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही वह फंदे से उतारकर पत्नी को निजी अस्पताल ले गया। वहां रविवार सुबह इलाज के दौरान ममता की मौत हो गई।

### युवक ने लगाई फांसी

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित गीता नगर में रविवार सुबह एक युवक की लाश फांसी के फंदे पर मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दी है। मृतक के मोबाइल पर इंस्टग्राम आईडी पर एक मैसेज टैग किया गया है, जिसमें मृतक ने मरने से पहले लिखा था कि मां मै अपनी मर्जी से जान दे रहा हूं। किसी का कोई कसूर नहीं है। मरने के बाद मेरा अंतिम संस्कार मेरे भाई से करवा देना। पुलिस ने मोबाइल बरामद कर लिया है। परिजन ने अभी पीएम कराने से इंकार किया है। परिजन का कहना है कि जेल में वह गुजारिश कर बेटे को अंतिम संस्कार के लिए बुलाना चाहते हैं। लिहाजा पुलिस ने पीएम नहीं कराया। पुलिस के अनुसार अभिषेक लोधी पिता स्वर्गीय छोटेलाल लोधी (24) पारसधाम कॉलोनी का गेट, गीता नगर भानपुर रोड पर रहता था। अभिषेक प्राइवेट काम करता था। उसका बड़ा भाई हत्या के मामले में जेल में है। परिवार में मां और बहने हैं।

■ जेल में हत्या के मामले में सजा काट रहे भाई से अंतिम संस्कार कराने की इच्छी का जाहिर

### फुफेरे भाई पर चाकू से किया जानलेवा हमला अस्पताल में मौत



**भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित अटल अय्यूब नगर में रविवार शाम मीट शॉप के सामने एक युवक ने अपने ही फुफेरे भाई पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हत्या की वजह मृतक के छोटे भाई से आरोपी की रंजिश की बात सामने आई है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार अटल अय्यूब नगर निवासी 26 वर्षीय सचिन पंथी मजदूरी करता था। उसका बुआ का बेटा राकेश पंथी, सचिन के छोटे भाई से विवाद को लेकर लंबे समय से रंजिश रखता था। रविवार शाम करीब 5 बजे राकेश अटल अय्यूब नगर में मीट शॉप के पास खड़ा था। तभी उसका सामना सचिन से हो गया। वहां दोनों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मारपीट होने लगी। राकेश ने चाकू निकालकर सचिन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पेट में चाकू के वार लगने से सचिन को गंभीर चोट आई थी। सूचना मिलते ही गौतम नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी राकेश पंथी का आपराधिक रिकॉर्ड है। वह हत्या सहित कई गंभीर मामलों में आरोपी रह चुका है और पूर्व में जेल भी जा चुका है।

### कांग्रेस नेता परेश ने बच्चों को कराई सड़क पार

## दिग्विजय कॉलोनी में बारिश से जलभराव, स्कूली बच्चे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर के वार्ड 2 स्थित दिग्विजय कॉलोनी में सड़क पर जलभराव होने से स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों का आना-जाना मुश्किल हो गया है।

ऐसे में कांग्रेस नेता परेश नागर ने मौके पर पहुंचकर बच्चों को गोद में उठाकर पानी से भरी सड़क पार कराई। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिग्विजय कॉलोनी की सड़क पर हर बारिश में पानी भर जाता है, जिससे छोटे-छोटे बच्चों और राहगीरों को दिक्कत होती है। अभिभावकों का कहना है कि जलभराव के कारण दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कांग्रेस नेता परेश नागर ने नगर परिषद से मांग की है कि दिग्विजय कॉलोनी की सड़क और जल निकासी की समस्या का स्थाई समाधान किया जाए, ताकि स्कूली बच्चों और क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। वहीं नागरिकों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर सड़क की मरम्मत एवं उचित जल निकासी व्यवस्था कराने की मांग की है।



### पहले 9 हजार रुपए ले चुका था आरोपी

## पेंशन प्रकरण में तीन हजार की रिश्वत लेते अमीन लोकायुक्त के हत्थे चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकायुक्त पुलिस रीवा ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जल संसाधन विभाग के अमीन रामबरण मिश्रा को 3 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी मृत कर्मचारी के परिवार का पेंशन प्रकरण तैयार करने के एवज में रिश्वत मांग रहा था।

शिकायतकर्ता मोनू नापित निवासी ग्राम चुनरी, तहसील त्योंथर ने 24 जुलाई को लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि उसके पिता रामसुचित नापित जल संसाधन विभाग में चौकीदार थे, जिनका 24 मार्च 2026 को सेवाकाल के दौरान निधन हो गया था। पिता की मृत्यु के बाद मां की पेंशन का प्रकरण तैयार कराने के लिए जब वह विभाग के अमीन रामबरण मिश्रा के पास पहुंचा तो आरोपी ने 12 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी पहले ही 5 हजार रुपए ले चुका था। लोकायुक्त द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोपी ने 4 हजार रुपए और ले लिए तथा शेष 3 हजार रुपए की मांग की। रविवार को लोकायुक्त की ट्रैप टीम ने बाणसागर कॉलोनी स्थित जल संसाधन कार्यालय की दूसरी मंजिल की गैलरी में जाल बिछाया। जैसे ही आरोपी ने शिकायतकर्ता से 3 हजार रुपए लिए, टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा-7 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

भाजपा मंडल की अर्जुन नगर शक्ति केंद्र की बैठक आयोजित

## भाजपा ने जनसंपर्क अभियानों को लेकर की चर्चा, संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान



संगठन की आगामी गतिविधियों पर भी हुआ विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भाजपा मंडल औबेदुल्लागंज के अर्जुन नगर शक्ति केंद्र की बैठक रविवार को माखन सेन के निवास पर हुई। बैठक में शक्ति केंद्र के प्रभारी, संयोजक, जनप्रतिनिधिगण एवं बूथ अध्यक्षों की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान संगठन की आगामी गतिविधियों, बूथ सशक्तिकरण एवं जनसंपर्क अभियानों को लेकर चर्चा की गई तथा कार्यकर्ताओं से संगठन को अधिक मजबूत बनाने के लिए समर्पण एवं सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, दीपू परमार, माखन सेन, रवि शंकर राय, वचन लोधी, कोमल चौहान, पदम चौहान, धर्मेंद्र चौरसिया, राहुल प्रजापति, सुनील सेरिया, पूजा लोधी आदि बैठक में शामिल हुए।

### बूथ 129 अर्जुन नगर में सुना 'मन की बात' कार्यक्रम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 136वें संस्करण का श्रवण भाजपा औबेदुल्लागंज मंडल के बूथ 129, अर्जुन नगर में कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के साथ किया गया।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विचार समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए हम सभी को निरंतर प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के संदेश हमें यह विश्वास दिलाते हैं कि प्रत्येक नागरिक के छोटे-छोटे प्रयास भी भारत को आत्मनिर्भर, विकसित एवं सशक्त राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना तथा उन्हें जन-जन तक पहुंचाने और समाज हित में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी दीपू परमार, धर्मेंद्र चौरसिया, राहुल प्रजापति, पार्षद प्रतिनिधि आमिर ममनून, वचन लोधी, रामदास शर्मा, पदम सिंह चौहान, इंग्लिश यादव, अरुण भावसार, माखन सेन, चंद्र प्रकाश मेहर आदि उपस्थित रहे।

## समाज हित राष्ट्रहित में लिया सहभागिता का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 136वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जय प्रकाश शर्मा मित्र मंडल के सहयोग से किया गया, जिसमें ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा उपस्थित रहे।

उपस्थितों ने प्रधानमंत्री के राष्ट्र निर्माण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत एवं जनभागीदारी से जुड़े प्रेरणादायक विचारों को सुना। कार्यक्रम के पश्चात लोगों ने समाजहित एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जय प्रकाश शर्मा ने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को प्रेरित करने और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम है।

### सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय एवं भोपाल उत्सव मेला समिति के सहयोग से आयोजन

# 176 लोगों की आंखों की जांच में 67 में मिला मोतियाबिंद, होंगे निःशुल्क ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय एवं भोपाल उत्सव मेला समिति के सहयोग से सोनागिरी क्षेत्र में बालाजी फ्रैक्चर हॉस्पिटल में निःशुल्क नेत्र रोग निदान एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाया गया। इसका शुभारंभ राज्य की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने किया।

शिविर में आयुष्मान भारत योजना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अरविंद शाह, एडीजी पुलिस रेल राजा बाबू सिंह, सीएमएचओ मनीष शर्मा एवं पदाधिकारियों एवं सेवा सदन के ट्रस्टी द्वारा देवी-देवताओं के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। राज्यमंत्री गौर ने शिविर में आंखों की जांच करवाने आए रोगियों से बातचीत की। शिविर में कुल 176 लोगों की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान 67 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया, जिन्हें एम्बुलेंस से सेवा सदन अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया।

यहां उनकी आंखों की जांच कर सोमवार को मोतियाबिंद ऑपरेशन किए जाएंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय शिविर संयोजक डॉ. महेश गुप्ता, संजय मेडतिया, कमलेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, अरविंद जैन, मेला समिति से अजय सोगानी, कमल जैन श्वेता, नारायण सिंह कुशवाह, डॉ. योगेन्द्र मुखरैया, वीरेन्द्र कुमार जैन श्रीजी, श्याम मंगल तथा सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के ट्रस्टी सुरेश आवतरामानी एवं चिकित्सालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

मंत्री कृष्णा एडीजी रेल राजाबाबू ने किया शिविर का शुभारंभ



### 160 बच्चों ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की प्रस्तुति देकर समां बांधा

संत नगर की अग्रणी राष्ट्रीय संस्था भारत विकास परिषद के द्वारा स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की प्रतियोगिता संत हिरदाराम ऑडिटोरियम में आयोजित की। इस राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम में स्थानीय आठ विद्यालयों ने भाग लिया। प्रत्येक विद्यालय की 20-20 छात्र छात्राएं थीं।

प्रथम स्थान नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की छात्राओं को प्राप्त हुआ, द्वितीय स्थान क्राइस्ट मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल एवं तृतीय स्थान मिठी गोविंदराम पब्लिक स्कूल के छात्रों को मिला। अन्य स्कूल जिन्होंने भाग लिया, वे हैं दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल, किशनचंद टी शाहानी स्कूल, अनन्दराम टी शाहानी हायर सेकेंडरी स्कूल, मुकिता इंटरनेशनल स्कूल एवं गांधीनगर से चिल्ड्रन'एस होप गर्ल्स हाई स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मैनिट के पूर्व प्रोफेसर सदानंद सप्रे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने कहा कि यह कार्यक्रम निश्चित ही युवाओं को राष्ट्र भाव से भर देगा। भारत विकास परिषद ने इस राष्ट्रगीत को युवाओं को याद कराने का बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य किया है। 8 स्कूलों के 160 बच्चों ने कंठस्थ सस्वर गीतों की प्रस्तुति दी, जो बहुत ही प्रेरक और आनंद से भरपूर थी। मुख्य अतिथि सप्रे ने विद्यार्थियों को कहा कि आपने बहुत सुंदर तरीके से इस गीत को गाया है, परंतु इसका अर्थ भी सभी को जानना चाहिए तो आपको और अधिक आनंद आएगा और भारत माता के प्रति आपका समर्पण और अधिक होगा जो कि देश के लिए बहुत अच्छा है।



## कायस्थम, एंजेल म्यूजिकल ग्रुप, आईएमए और बैठक में सजी संगीत की महफिल







# सुरमई सुर में डूबा रहा भोपाल का रविवार

*रिमझिम गिरे सावन 2.0 में मुकेश, किशोर, रफी के गीतों की बारिश*

*मुकेश के 103वें जन्मदिन पर चित्रांश गायकों ने गीतों से दी भावभीनी श्रद्धांजलि*

**मुकेश के गीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने बांधा समां**

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

कायस्थ समाज की अग्रणी संस्था कायस्थम मप्र ने पार्श्व गायक स्व. मुकेश चंद्र माथुर के 103वें जन्मदिवस के मौके पर रविवार को फिल्मी गीतों के कार्यक्रम रिमझिम गिरे सावन 2.0 में मुकेश सहित किशोर कुमार, मोहम्मद रफी, लता मंगेशकर, आशा भोसले के गीतों की जोरदार बारिश हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना, विशेष अतिथि मप्र कौंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के महानिदेशक अनिल कोठारी, वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव और भजन गायक रवि खरे थे।कान्वेंट स्कूल ईदगाह की छात्रा वंशिका श्रीवास्तव ने सरस्वती वंदना तो इटली से आई एक छात्रा रिया सक्सेना ने भगवान श्री चित्रगुप्त के मंत्र का वाचन किया। वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव ने स्व. मुकेश को स्वर सम्राट बताते हुए कहा कि गीत- संगीत की साधना के लिए कठिन तप करना पड़ता है। इसके बाद कायस्थम के 30 चित्रांश गायकों ने 42 लोकप्रिय फिल्मी गीत प्रस्तुत कर स्व. मुकेश को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके द्वारा गाए गए सावन का महीना पवन करे शोर...डॉ. यूडी सक्सेना और उनकी पत्नी डॉ. स्मिता सक्सेना ने प्रस्तुत किया। शैलेश श्रीवास्तव ने मुकेश द्वारा गाए जीना यहां, मरना यहां की प्रस्तुति दी, केके सहाय ने 1949 झूम झूम के नाचो आज..इप्तदाये इश्क में हम सारी रात जागे.. डॉ. राजेश ब्यौहार और डॉ. विजया ब्यौहार ने प्रस्तुत किया। इसी तरह मिलन फिल्म के हम तुम युग- युग स.. गाकर हर्षवर्धन श्रीवास्तव, डॉ. ज्योत्स्ना श्रीवास्तव ने मुकेश और लता मंगेशकर की याद ताजा कर दी।



अतिथियों के साथ कायस्थम के सभी सिंगर्स।

### इन्होंने भी छेड़े मधुर तराने

वहीं दूसरी तरफ राकेश श्रीवास्तव ने रात कली एक ख्वाब में आई"... गाकर तो सेहरा फिल्म के पंख होते तो उड़ आती रे...की धुन बांसुरी पर छेड़कर माहौल को रंगीन बना दिया। दूसरी तरफ नैनो में बदरा छाए रागिनी श्रीवास्तव ने तो संगीता सक्सेना ने बोले रे पपीहरा... प्रस्तुत गाना सावन के मौसम के अनुरूप रहा। एडवोकेट अनुराग श्रीवास्तव, निशि सक्सेना और विजय सक्सेना, सुनीता श्रीवास्तव, ऋतु सक्सेना, मुकुंद श्रीवास्तव, विजय सक्सेना, रत्ना खरे, राजीव श्रीवास्तव, बृजेश सक्सेना, कमोद और कविता सक्सेना ने समेत अनेक गायकों ने मुकेश को अपनी भावांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में शुभेन्दु शशांक श्रीवास्तव की ओर से सभी गायकों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

## रफ़ी साहब की याद में सदाबहार नगमों ने बांधा समां

**रवींद्र भवन में लाइव आर्केस्ट्रा पर सजी सुरों की शाम**




**भोपाल।** स्वर सम्राट मोहम्मद रफ़ी साहब की 46वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एंजेल म्यूजिकल ग्रुप एवं महर्षि दयानंद जन कल्याण संस्था के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रवीन्द्र भवन के अंजनी ऑडिटोरियम में यादें रफ़ी साहब-एक एहसास श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अनुज सक्सेना ने मैं जट यमला पगला दीवाना से की। इसके बाद सनी कपूर एवं शिवानी ने दीवाना मस्ताना हुआ दिल, विपिन शर्मा ने कह दो कोई ना करे यहां प्यार, अंजली एवं प्रदीप शर्मा ने पत्ता-पत्ता बूटा-बूटा, मनोहर चाबड़िया ने ऐ गुलबदन, आनंद एवं शेफाली ने तेरे हाथों में पहना के चूड़ियां तथा सुनील सोनहिया ने मुझे इश्क है तुझी से प्रस्तुत कर श्रोताओं की सराहना बटोरीं। आयोजन की जिम्मेदारी इंजीनियर आशु खान, प्रदीप शर्मा, विपिन शर्मा एवं राजीव शर्मा ने संभाली। लाइव संगीत संयोजन केदार सिंह चौहान का रहा। लीड गिटार पर संजीव झा, ढोलक पर प्रकाश कैमे, तबले पर शहनवाज़ हुसैन, ऑक्टापैड पर निखिल पालवी, बेस गिटार पर संदीप वर्मा तथा हैंड सोनिक पर राजकुमार सक्सेना ने कलाकारों का साथ दिया।

**इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने आयोजित की संगीत संध्या**

## सदाबहार गीत सुनाकर डॉक्टरों ने बिखेरा अपनी आवाज का जादू



**भोपाल।** जीना यहां, मरना यहां, इसके सिवा जाना कहां, जो तुमको हो पंसद वहीं बात करेंगे, दम मारो दम, मिट जाएं गम, बोलो सुबह शाम हरे कृष्णा हरे राम... कुछ ऐसे ही सदाबहार गीत सुनने को मिले शहर के जानेमाने विशेषज्ञ डॉक्टरों से। मौका था इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा आयोजित संगीत संध्या का। संगीत संध्या में शहर के 100 से अधिक डॉक्टरों ने प्रस्तुति दी तो उपस्थित श्रोताओं ने तालियों के साथ स्वागत किया। आईएमए के मीडिया प्रभारी डॉ आईके चुघ ने बताया कि कार्यक्रम में संगीत विशेषज्ञ डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। आईएमए के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ पीएस चंदेल ने संगीत संध्या की शुरूआत कर मेरा नाम जोकर फिल्म का गीत जीना यहां, मरना यहां, इसके सिवा जाना कहां सुनाया तो सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके बाद डॉ गोपाल भटनी ने फूलो के रंग से..., भवरें की गुजन है मेरा दिल..., ये राते ये मौसम, नदी का किनारा... की प्रस्तुति दी तो पूरा सभागार संगीतमय हो गया। डॉक्टरों की आवाज से सजी संगीत संध्या में डॉ स्मिता सक्सेना ने दम मारो दम, मिट जाएं गम, बोला सुबह शाम हरे कृष्णा हरे राम..., आईएमए के अध्यक्ष डॉ आरके सिंह, महामंत्री डॉ एमएम मलिक, डॉ उमेश दयाल सक्सेना, डॉ महेश दीक्षित, डॉ उमेंद्र मोहन शर्मा, डॉ सचदेव, डॉ अनिल अग्निहोत्री, डॉ विजया अग्निहोत्री, डॉ राजेश सिसोदिया आदि डॉक्टरों गाने से प्रस्तुति दी।

## 'बैठक' में सजी सदाबहार गीतों और ग़ज़लों की सुरमयी शाम

खुशी गुप्ता और अनमोल नगर की प्रस्तुतियों ने जीता श्रोताओं का दिल,पुराने गीतों की धुनों से देर तक गूंजता रहा माहौल



**भोपाल।** रविवार को ख़याल कलाप्रेमियों ने आयोजित संगीत संध्या "बैठक" ने संगीत प्रेमियों ने सदाबहार फिल्मी गीतों और ग़ज़लों का आनंद लिया। कार्यक्रम में खुशी गुप्ता और अनमोल नगर ने अपनी सुरीली और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया। शुरुआत मशहूर ग़ज़ल 'रंजिश ही सही' से हुई। इसके बाद 'ना जिया लागे ना' 'फिर छिड़ी रात' 'बाहों के दरमियां' 'रस्म-ए-उल्फ़त' 'चुपके चुपके रात दिन' 'आगे भी जाने ना तू' और 'पियू बोले' जैसे कई लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए गए। इन गीतों ने पूरे माहौल को मधुर संगीत से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रस्तुति 'तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे' के साथ हुआ, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। गायन के साथ नईम अल्लाहवाले ने तबले पर और स्पर्श दुबे ने कीबोर्ड पर शानदार संगत दी।

---

**भील और बुंदेलखंड की लोक परंपराओं से रूबरू हुए दर्शक**

## जनजातीय संग्रहालय में सजी लोक संस्कृति की रंगारंग शाम, भगोरिया और दिवारी नृत्य ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित संभावना का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रविवार को भील जनजातीय भगोरिया नृत्य प्रताप सिंह एवं साथी, धार और दिवारी नृत्य विक्रम सिंह बुन्देला एवं साथी, छतरपुर द्वारा प्रस्तुति दी।

झाबुआ और अलीराजपुर में निवास करने वाली भील जनजाति का भगोरिया नृत्य, भगोरिया हाट में होली और अन्य अवसरों पर किया जाता है। फागुन में होली से पहले भगोरिया हाटों का आयोजन होता है। भगोरिया नृत्य में विविध पदचाप समूहन पाली, चक्रीपाली और पिरामिड नृत्य मुद्राएं आकर्षण की केन्द्र होती हैं। रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजी-धजी युवतियों का श्रृंगार और हाथ में तीरकमान लिये नाचना ठेठ पारम्परिक व अलौकिक सरंचना है।



### दिवारी नृत्य...

दिवारी नृत्य बुंदेलखंड का प्रसिद्ध पारंपरिक लोकनृत्य और मार्शल आर्ट है, जो मुख्य रूप से दीपावली और गोवर्धन पूजा के अवसर पर किया जाता है। यह नृत्य भगवान श्री कृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाने और ग्वालों की परंपरा से जुड़ा हुआ है। इस नृत्य में लगभग ठोस बांस की लाठियों का उपयोग किया जाता है। नर्तक ढोल-नगाड़ों की थाप पर लाठियां आपस में भिड़ाते हुए अद्भुत और साहसी करतब दिखाते हैं। इस नृत्य की ऊर्जा मुख्य रूप से 'ढोलक' और 'नगरिया' (नगाड़े) की तेज थाप से निकलती है।

**मप्र लेखक संघ की प्रादेशिका लोकभाषा गोष्ठी**

## बच्चों से घर में लोकभाषा में बात करें: डॉ. किशन

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल



मप्र लेखक संघ की प्रादेशिक लोकभाषा पद्य/गद्य गोष्ठी रविवार को दुष्यंत संग्रहालय में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि, वरिष्ठ ग़ज़लकार डॉ. किशन तिवारी ने कहा कि बच्चों से घर में लोकभाषा में बात करनी चाहिए एवं बुंदेली में सुनाया, हो गई भौत ही जीभ चटोरी, बात सुनत नहीं मोरी।

प्रादेशिक अध्यक्ष राजेंद्र गट्टानी ने संघ की नवीन गतिविधियों पर प्रकाश डाला।पहले कवि के रूप में तराना के विक्रम विवेक ने मालवी में कविता सुनाई, वहीं खरगोन के छोगालाल कुमरावत 'सुजस' ने निमाड़ी ग़ज़ल सुनाई। भोपाल के राजेश तिवारी ने बुंदेली में सुनाया हड्डी जमा देय वो जाड़ो, भुनसारे आंगन में ठाड़ो, जाड़ो पर रओ भैया भारी, घर में ही है खैर तुम्हारी ने ख़ूब वाहवाही लूटी।

धामनोद के निर्मल शर्मा ने निमाड़ी में ग्वालियर की आशा पाण्डेय ने बुंदेली रचना में बेटियों की बिदाई का दृश्य दिखाकर माहौल मार्मिक कर दिया। वहीं भोपाल के सत्यदेव सोनी सत्य ने बघेली में अपनी रचना प्रस्तुत की। उज्जैन की संगीता तलेरा ने मालवी में जाड़े पर रचना सुना के ख़ूब गुदगुदाया। विशिष्ट अतिथि एवं मप्र लेखक संघ के संरक्षक डॉ. राम वल्लभ आचार्य ने सुनाया, अब तो गांव शहर में आ रओ, मोड़ा फिल्मी गानो गा रओ।

---

**3 दिनी कजरी झूला महोत्सव का समापन**

## बघेली और बुंदेली लोकधुनों का साक्षात्कार बना बहुकला केंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

भारत भवन के संगीत केंद्र अनहद द्वारा आयोजित तीन दिनी 'कजरी-झूला गायन महोत्सव' के अंतिम दिन रविवार की संध्या लोकसंगीत की रंग-बिरंगी छवियों से सराबोर रही। बघेलखंड और बुंदेलखंड की लोकपरंपराओं से सजे गीतों ने श्रोताओं को सावन, विरह, प्रकृति, अध्यात्म और ग्रामीण जीवन की संवेदनाओं से रूबरू कराया। कार्यक्रम का आरंभ अरविन्द कुमार एवं साथी कलाकारों ने बघेली लोकगायन से किया। इसके बाद प्रस्तुत कजरी में विरह की दोहरी अनुभूति ने श्रोताओं का मन मोह लिया। अरविन्द कुमार का साथ कोरस गायन में आकांक्षा गुप्ता, कुमारी राधा और किरण सिंह ने दिया, जबकि तबले पर रोहन वर्मा, ढोलक पर अमन साकेत तथा बांसुरी पर अमित और करणवीर सिंह ने प्रभावशाली संगत कर प्रस्तुति को और अधिक आकर्षक बना दिया।

### बुंदेली लोकधुनों की मनमोहक प्रस्तुति

संध्या के दूसरे सत्र में उर्मिला पांडेय एवं साथियों ने बुंदेली लोकधुनों की प्रस्तुति से वातावरण को सावन की मादकता से भर दिया। सहगायन में गायत्री द्विवेदी और अनामिका पाण्डेय ने प्रभावी साथ दिया। वहीं वीरेंद्र कोरे की बांसुरी, मधुरेंद्र आनंद का तबला, अमित गंगेले का कीबोर्ड, अंकित गंगेले की ढोलक और हर्ष लोधी के ऑक्टापैड ने लोकधुनों को मधुर संगीतात्मक विस्तार प्रदान किया।

**रोटरी क्लब स्मार्ट सिटी का इंस्टालेशन समारोह संपन्न**

## सिंह अध्यक्ष और पांडेय सचिव बने

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल



रोटरी क्लब भोपाल स्मार्ट सिटी का 10वां इंस्टॉलेशन समारोह कोलार में हुआ। इस अवसर पर वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी ने पदभार ग्रहण किया। रोटेरियन विक्रम सिंह ने क्लब के अध्यक्ष रो.रक्षा सुमित पांडे ने सचिव के रूप में पद ग्रहण किया। राजीव श्रीवास्तव को एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी का प्रभार विक्रम सिंह ने सौंपा। समारोह में अध्यक्ष असीम जिंदल, सचिव हरमिंदर सिंह, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो.संस्कार कोठारी, फर्स्ट लेडी रोटेरियन दीप्ति कोठारी, रोटेरियन मुकेश साहू, रोटेरियन पुनीत नागपाल सहित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## 'वन बीएनआई वन' थीम पर मनाया 7वां स्थापना दिवस

**150** उद्यमियों ने रैली में लिया हिस्सा, भोपाल को बिजनेस सिटी बनाने का लक्ष्य



हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल इंडिया (बीएनआई) चैप्टर का सातवां स्थापना दिवस रविवार को मनाया गया। कार्यक्रम की थीम वन बीएनआई, वन भोपाल रखी गई। इसमें उद्यमियों, उद्योगपतियों और व्यवसायियों ने भाग लिया। इसमें उद्यमिता, नेतृत्व, व्यावसायिक नेटवर्किंग, सड़क सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा की गई।

### सात टीमों में हुए प्रतिभागी शामिल

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सात टीमों में बांटा गया। बिजनेस प्रॉब्लम सॉल्विंग, बिजनेस आइडिया पिचिंग और नेटवर्किंग से जुड़े सत्र में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और नए व्यापारिक अवसरों पर चर्चा की। बीएनआई के ईडी प्रदीप करम्बेलकर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया। इस अवसर पर रोहित कोशल, कल्पना दिलौरी, जनक भट्ट सहित बड़ी संख्या में बीएनआई सदस्य और शहर के प्रमुख उद्यमी मौजूद रहे।

**अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर 'रन फॉर टाइगर' का आयोजन**

## बाघ संरक्षण के लिए पांच किमी दौड़े 600 लोग



हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल





अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर राजधानी में वन विभाग द्वारा 'रन फॉर टाइगर' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाघों, वन्यजीवों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ाना था। इस आयोजन में करीब 600 नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग 5 किमी लंबी इस दौड़ की शुरुआत वन भवन से हुई और निर्धारित मार्ग से होते हुए पुनः वन भवन पर इसका समापन हुआ। कार्यक्रम में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों की सहभागिता रही। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि बाघ केवल एक वन्यजीव नहीं, बल्कि स्वस्थ वन पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि बाघ बचेंगे तो जंगल बचेंगे और जंगल बचेंगे तो जीवन बचेगा।" इसलिए वन्यजीव संरक्षण में समाज की भागीदारी बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को प्रकृति संरक्षण, जैव विविधता और वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने तथा संरक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग देने का संदेश दिया गया।

### नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ी और प्रदर्शन ने नया राजनीतिक मोड़ ले लिया

# असम के मंत्री की बेटी भी प्रदर्शन में उतरी, सरकार के खिलाफ नारे लगाए

# पुलिस और पत्रकारों पर हिंसा में शामिल टीएमसी के 14 कार्यकर्ता गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के गुवाहाटी में नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन ने नया राजनीतिक मोड़ ले लिया है। इस प्रदर्शन में असम सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री और असम गण परिषद (एजीपी) नेता केशब महंता की बेटी दिबिसा भी शामिल हुईं। उनके प्रदर्शन में शामिल होने और प्रधानमंत्री के खिलाफ नारे लगाने के कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद राजनीतिक बहस तेज हो गई।सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिबिसा को प्रदर्शनकारियों के साथ नारे लगाते हुए और प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए दिखाया गया है। हालांकि, इन वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। इसके बाद विपक्ष और सत्तापक्ष के बीच चर्चा शुरू हो गई। इसी बीच सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने मंत्री केशब महंता का बचाव करते हुए कहा कि किसी पिता को उसकी वयस्क बेटी के राजनीतिक फैसलों के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए।



*दिबिसा के वीडियो की पुष्टि नहीं हुई*

**प्रदर्शन में हिंसा पर पुलिस का बड़ा एक्शन**

### तोड़फोड़ में शामिल टीएमसी की 'माफिया टीम' के आरोपी धराए




**कोलकाता।** नीट पेपर लीक के मामले में शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के धर्मतला में छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस और पत्रकारों के खिलाफ काफी हिंसा हुई थी। इस मामले में अब पुलिस ने 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें टीएमसी का एक कार्यकर्ता भी है।विरोध प्रदर्शन में हिंसा करने के मामले में गिरफ्तार हुए लोगों को लेकर पुलिस ने कहा, इनमें से कोई भी छात्र नहीं है। ये सभी उपद्रवी हैं जो सीजेपी की रैली में मौजूद थे और तोड़फोड़ में शामिल थे। पुलिस ने ये भी है किसीजेपीने ईमेल के माध्यम से ये भी बताया है कि ये आंदोलन से नहीं जुड़े थे।

**वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा**

### नतीजों के बाद इस्तीफा देकर प्रधान ने सही फैसला लिया, प्रदर्शन को नहीं रोका गया



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने कभी भी छात्रों के विरोध-प्रदर्शन को रोकने की कोशिश नहीं की। उन्होंने ये भी कहा कि प्रधान ने दोबारा परीक्षा के नतीजों के बाद इस्तीफे की पेशकश करके समझदारी भरा फैसला लिया। एक कार्यक्रम में सीतारमण ने ये बातें कहीं। सीतारमण ने छात्रों के विरोध-प्रदर्शन से निपटने के सरकार के तरीके का बचाव किया और कहा कि हमने किसी भी समय विरोध-प्रदर्शन को रोकने की कोशिश नहीं की। उन्होंने कहा कि हर पीढ़ी युवावस्था में विरोध-प्रदर्शन करती है।

**शिक्षामंत्री का चार्ज लेते ही एक्शन**

### रविवार को भी बुलाई अधिकारियों की बैठक, कामों की समीक्षा की



देशभर में 26 दिनों तक चले छात्र आंदोलन, संसद में लगातार हंगामे और आखिरकार केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान के इस्तीफे के बाद अब शिक्षा मंत्रालय की कमान प्रह्लाद जोशी के हाथों में आ गई है। जिम्मेदारी संभालते ही उन्होंने यह संकेत देने की कोशिश की कि मंत्रालय अब इंतजार के मूड में नहीं है। रविवार जैसे अवकाश वाले दिन भी उन्होंने मंत्रालय पहुंचकर अधिकारियों के साथ बैठक की।

**रविशंकर की प्रेस कॉन्फ्रेंस**

### राहुल का बिना अनुमति धरना निंदनीय-शर्मनाक



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने हालिया प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी के विरोध प्रदर्शन और नीट पेपर लीक के राजनीतिकरण पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने राहुल पर हमला बोला। प्रधानमंत्री आवास के सामने बिना अनुमति के धरना देने और गरिमा का उल्लंघन करने को शर्मनाक बताया।

**राहुल ने शाह को लिखा पत्र**

### छात्रों को पीटने का आदेश किसने दिया?



*लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर दिल्ली में 20 जुलाई को हुए छात्र प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा बलों की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए। राहुल ने एक्स पर यह पत्र साझा करते हुए लिखा कि छात्रों को मारने का आदेश किसने दिया? उन्होंने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बर्बर तरीके से बल प्रयोग किया गया और इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। राहुल ने लिखा कि छात्र एक निष्पक्ष और जवाबदेह शिक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे थे। लेकिन उनकी बात सुनने के बजाए सुरक्षा बलों ने उन पर अंधाधुंध बल प्रयोग किया। इससे सैकड़ों छात्र घायल हुए। महिला छात्रों के साथ पुलिसकर्मियों ने मारपीट की और उनके निजी अंगों को भी निशाना बनाया गया।*

**तहसीन ने किया ऐलान**

### अब सड़क पर ई-20 के खिलाफ होगा आंदोलन



*नीट पेपर लीक के मुद्दे पर हुए आंदोलन के बाद अब टीम भारत के संस्थापक तहसीन पूनावाला ने ई-20 ईंधन नीति के खिलाफ नया आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है। उन्होंने दावा किया कि ई20 नीति सबसे खराब तरीके से लागू की गई नीतियों में से एक है। उनका कहना है कि अगर इस नीति में सही सुधार किए जाएं तो लोगों को 80 से 90 रुपए प्रति लीटर के बीच शुद्ध और बिना मिलावट वाला पेट्रोल मिल सकता है। इसी मांग को लेकर उन्होंने 31 जुलाई को दिल्ली में 'गाड़ी मार्च, गांधी मार्च' निकालने की घोषणा की है। तहसीन ने लोगों से इस आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह मार्च इंडिया गेट से शुरू होगा और संसद मार्ग होते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और हरदीप पुरी के कार्यालय तथा आवास के बाहर पहुंचेगा।*

**खबर संक्षेप**

### श्री प्रेमानंद के लिए खास मोती पोर्ट्रेट बनाया




**जमशेदपुर।** श्री प्रेमानंद महाराज के लिए जमशेदपुर के कलाकार विवेक मिश्रा ने भगवान श्री राधा-कृष्ण का 11गुणा 7 फीट का दुनिया का सबसे बड़ा मोती पोर्ट्रेट बनाया है। यह लगभग 4 लाख क्रिस्टल और मैट मोतियों से तैयार किया गया है। इसका आकार 11 गुणा 7 है। 3 माह से अधिक की मेहनत करके बनाया है। विश्व का सबसे बड़ा पोर्ट्रेट तैयार कर रिकार्ड बनाया है।

### असम की फैक्ट्री में धमाका, 4 की मौत



**दिसपुर।** असम के कछार जिले में रविवार सुबह एक फैक्ट्री में हुए भीषण धमाके में कम से कम 4 मजदूरों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह हादसा सुबह करीब 11:30 बजे उधारबंद थाना क्षेत्र के पंग्राम में स्थित काडे ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर एलएलपी नाम की रॉड बनाने वाली फैक्ट्री में हुआ। धमाका इतना तेज था कि फैक्ट्री के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए।

### हाथ मिला लो बाद में रोना नहीं: ओवैसी



**मुरादाबाद।** 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले सियासी बयानबाजी गर्माने लगी है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने मुरादाबाद में जनसभा के दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को मंच से गठबंधन का बड़ा ऑफर दिया है। ओवैसी ने कहा कि आप हाथ मिला लो फिर रोना नहीं। वे पार्टी का प्रचार कर रहे थे।

### 5 रुपए के नोट के फेर में युवक ने गंवाए 1.2 लाख



**फरीदाबाद।** फेसबुक पर पुराने नोट खरीदने का विज्ञापन देखकर संपर्क करना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। आरोपियों ने 5 रुपए के पुराने ट्रैक्टर छपे नोट के बदले एक करोड़ रुपए देने का झांसा देकर एयरपोर्ट फीस, कस्टम, जीएसटी और अन्य शुल्क के नाम पर 1.02 लाख रुपए ठग लिए। हरियाणा के फरीदाबाद सेक्टर-आठ निवासी सुनील कुमार जैन ने पुलिस को शिकायत दी है।

### 'मन की बात' में पीएम मोदी ने देशवासियों से किया आह्वान

# हर घर तिरंगा अभियान को आगे बढ़ाएं उत्साह से अभियान को बेमिसाल बनाएं

स्वतंत्रता दिवस स्पीच के लिए मांगे सुझाव

### रेडियो कार्यक्रम के 136वें एपिसोड को प्रधानमंत्री ने संबोधित किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस के करीब आते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण के लिए देशवासियों को विचार और सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने यह भी अपील की कि देशवासी इस साल भी 'हर घर तिरंगा' अभियान की भावना को बेमिसाल उत्साह और गर्व के साथ आगे बढ़ाएं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 136वें एपिसोड को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कुछ ही सप्ताह बाद हम अपनी स्वतंत्रता का महापर्व भी मनाएंगे।

15 अगस्त हर भारतीय के लिए गर्व का दिन है। ये उन असंख्य वीरों को याद करने का दिन है, जिन्होंने 'भारत माता' की स्वतंत्रता के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर दिया। उनके त्याग और तपस्या की वजह से आज हमारे हाथ में तिरंगा है। इस तिरंगे में हमारे संविधान के आदर्श हैं।

**सुझाव भी आमंत्रित किया**



### अपने घर पर पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फहराएं

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में अभियान ने पूरे देश को एक अद्भुत भावना से जोड़ा है। हर घर-हर गली में तिरंगे का उत्सव दिखाई देता है। इस साल भी हमें 'हर घर तिरंगा' अभियान को पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ाना है। अपने घर पर पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फहराना है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि हर वर्ष 15 अगस्त से पहले आप मुझे बहुत से विचार और सुझाव भेजते हैं। इस वर्ष भी आप अपने विचार 'माईगव' पर जरूर साझा कीजिए। मुझे आपके सुझावों का इंतजार है।

### डॉ. कलाम को याद किया

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को याद किया। उन्होंने कहा कि 27 जुलाई को, भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि है। डॉ. कलाम के व्यक्तित्व में कई प्रेरक रूप थे, लेकिन, उनके हृदय के सबसे करीब एक शिक्षक की भूमिका थी। वे बच्चों और युवाओं को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करते थे। उन्होंने कहा कि संयोग से, इसी हफ्ते हम 'गुरु पूर्णिमा' का पावन पर्व मनाएंगे। हमारे माता-पिता हमारे पहले गुरु होते हैं। स्कूल के शिक्षक हमें अक्षर ज्ञान देते हैं। मैं देश के सभी शिक्षकों और गुरुजनों को श्रद्धापूर्वक प्रणाम करता हूं।

**कश्मीर की पारंपरिक 'वगू' चटाई का किया जिक्र**

### हुसैन और तंजीला की सराहना की


प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में कश्मीर की पारंपरिक चटाई वगू पर चर्चा की। इसके साथ ही इस चटाई बनाने की परंपरा को पुनर्जीवित करने के लिए श्रीनगर के गुलाम हुसैन और उनकी बेटी की तारीफ की। जब हुनर भी हो और कुछ करने का जज्बा भी हो, तो हर राह आसान हो जाती है। कश्मीर की पारंपरिक चटाई 'वगू' को लेकर आज जो प्रयास हो रहे हैं, उसमें इसी की झलक मिलती है। इसे सरकंडे और धान के पुआल, घास से से तैयार किया जाता है। इस चटाई को बनाने की परंपरा बरसों पुरानी है। इसके लिए कश्मीर के दलदली इलाकों की घास और सरकंडे की कटाई की जाती है। धूप में सुखाने के बाद छंटाई होती है और फिर शुरू होता है हाथों से बुनाई का काम। दो कारीगरों को एक चटाई बनाने में करीब 4 दिन लगते हैं। यह चटाई अनूठी भी है और इकोफ्रेंडली भी है। एक बड़ी खासियत यह है कि आपको गर्मियों में इससे ठंडक और सर्दियों में गर्माहट मिलेगी।



### हुसैन का एक साधारण परिवार से ताल्लुकात रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले वगू चटाई हर घर में दिखती थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसका उपयोग कम होने लगा था। श्रीनगर के हुसैन और तंजीला ने एक संकल्प लिया। दोनों 'वगू' क्राफ्ट की परंपरा को एक नया जीवन देने में जुट गए। हुसैन बहुत ही साधारण परिवार से आते हैं, उनको इस काम में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा। लेकिन वगु के सरंक्षण का उनका संकल्प अडिग था।

### सीतामढ़ी 'वेस्ट टू वेल्थ' पहल को भी सराहा



प्रधानमंत्री ने बिहार के सीतामढ़ी जिले की एक अनूठी पहल की देशभर में सराहना की। उन्होंने प्लास्टिक प्रदूषण जैसी गंभीर वैश्विक पर्यावरणीय चुनौती का जिक्र करते हुए बताया कि सीतामढ़ी ने इसका एक आसान और प्रभावी समाधान पेश किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'वेस्ट टू वेल्थ' पहल के तहत जिले में सिंगल-यूज प्लास्टिक कचरे को रिसाइकिल कर मजबूत, टिकाऊ, आरामदायक और पर्यावरण अनुकूल बेंच तैयार की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि एक बेंच बनाने में करीब 40 किलोग्राम सिंगल-यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल होता है। ये बेंच आकर्षक होने के साथ-साथ लंबे समय तक उपयोग में रहने योग्य हैं और इन्हें सरकारी स्कूलों, पार्कों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगाया जा रहा है।

### 'रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल' का सिद्धांत अपनाया

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहल केवल लोगों को बैठने की सुविधा ही नहीं दे रही बल्कि छात्रों और आम नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रही है। बच्चे सीख रहे हैं कि जिस प्लास्टिक को वे पहले बेकार समझकर फेंक देते थे, वही सही तकनीक और बेहतर प्रबंधन के जरिए समाज के लिए उपयोगी संसाधन बन सकता है। उन्होंने कहा कि इससे 'रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल' का सिद्धांत अब केवल नारा नहीं, बल्कि लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनता जा रहा है।

### सिद्धारमैया का संन्यास, पार्टी पर 'बिफरे'

# आज की राजनीति पूरी तरह भ्रष्ट हो गई, चुनाव लड़ने के लिए भी पैसा देना पड़ रहा



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के सीनियर नेता सिद्धारमैया ने चुनावी राजनीति से संन्यास लेने का ऐलान किया है। रविवार को एक्स पर पोस्ट करके उन्होंने इसे लेकर अपनी नाराजगी भी जताई। सिद्धारमैया ने कहा कि आज राजनीति पूरी तरह भ्रष्ट हो चुकी है। इसलिए मैंने फैसला लिया कि मैं साल 2028 का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ूंगा। हालांकि, मैं राजनीति में सक्रिय रहूंगा और जनता के सुख-दुख की आवाज बनकर उनके लिए काम करता रहूंगा। सिद्धारमैया ने कहा कि वरुणा विधानसभा क्षेत्र के लोग एक बार फिर मुझसे चुनाव लड़ने का आग्रह कर रहे हैं, लेकिन मैंने तय कर लिया है कि अब मैं भविष्य में कोई भी चुनाव नहीं लड़ूंगा।

पहले जब मैं चुनाव लड़ता था, तब क्षेत्र की जनता ही हमारे लिए धन जुटाती थी और हमें जीत दिलाती थी। लेकिन आज परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। मेरी उम्र अब 79 वर्ष है। हमारी सरकार का कार्यकाल अभी करीब डेढ़ साल और बाकी है। दूसरी ओर, कर्नाटक में बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल विस्तार पर अंतिम फैसला लेने के लिए कांग्रेस आलाकमान पूरी तरह तैयार है और लगभग 20 मंत्री पदों के लिए कांग्रेस के 60 से अधिक विधायक होड़ में हैं।

**सिद्धारमैया ने उम्र का दिया हवाला**

कांग्रेस नेता ने कहा कि साल 2028 तक मेरी उम्र 82 वर्ष हो जाएगी और तब मेरे राजनीतिक जीवन के 50 वर्ष पूरे हो जाएंगे। अब मेरा स्वास्थ्य पहले जैसा नहीं रहा और न ही पहले जैसी ऊर्जा के साथ काम करना संभव है। उन्होंने कहा कि मैंने 1978 में तालुक बोर्ड के सदस्य के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। इन पांच दशकों में मैंने जीत और हार दोनों देखी हैं। लेकिन मुझे इस बात का संतोष है कि मैंने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और न ही अपनी अंतरात्मा के खिलाफ कोई काम किया।

### ईमानदार राजनीति के लिए कोई जगह नहीं

सिद्धारमैया ने कहा कि आज हालात ऐसे हो गए हैं कि चुनाव लड़ने के लिए नेताओं को जनता को पैसा देना पड़ता है। राजनीति पूरी तरह भ्रष्ट हो चुकी है और ईमानदार राजनीति के लिए कोई जगह नहीं बची है। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए मैंने भविष्य में चुनाव न लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच दशकों से राज्य की जनता ने मुझे अपना मानकर स्नेह और मार्गदर्शन दिया है। मैं इस कर्ज को कभी नहीं चुका सकता। इसलिए मेरा बाकी जीवन भी जनता की सेवा और उनके हितों के लिए समर्पित रहेगा। पोस्ट के अनुसार सिद्धारमैया ने शनिवार को मंड्या जिले पेट में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में ये बातें कही थीं।

### नए सांसदों को तकनीकी में होना होगा दक्ष

# डिजिटल संसद की ओर तेज कदम हरिवंश बोले-पेपरलेस हुई राज्यसभा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा है कि बड़े पैमाने पर डिजिटलीकरण के कारण राज्यसभा का कामकाज काफी हद तक पेपरलेस और अधिक कुशल हो गया है। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों को डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं और अब उनकी सुरक्षा तथा साइबर खतरों से बचाव प्रत्येक सांसद की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। रविवार को राज्यसभा के नवनिर्वाचित और मनोनीत सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय विषय बोध कार्यशाला 'प्रारंभ' के समापन सत्र को संबोधित करते हुए हरिवंश ने कहा कि संसद तभी प्रौद्योगिकी क्रांति का नेतृत्व कर सकती है, जब उसके सदस्य स्वयं नई तकनीकों और डिजिटल सुरक्षा के प्रति पूरी तरह जागरूक हों। उन्होंने लॉगिन क्रेडेंशियल को संसद की संपत्ति बताते हुए इसके सुरक्षित उपयोग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस विषय बोध कार्यक्रम का उद्देश्य नए सदस्यों को राज्यसभा के नियमों, प्रक्रियाओं, परंपराओं और सचिवालय की कार्यप्रणाली से परिचित कराना था, ताकि वे सदन में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकें। उन्होंने विश्वास जताया कि वरिष्ठ सांसदों और अधिकारियों के व्यावहारिक अनुभवों से नए सदस्यों को संसदीय कार्यप्रणाली की गहरी समझ मिली होगी। उपसभापति ने कहा कि राज्यसभा सचिवालय के अधिकारियों के पास संस्थागत कार्यप्रणाली का व्यापक अनुभव है और वे सदैव विनम्रता एवं पेशेवर ढंग से सदस्यों की सहायता के लिए उपलब्ध रहते हैं।

## प्रधानमंत्री ने 'विकसित वाइब्रेंट विलेज' में की प्रतिभागियों से बात


'माई भारत' के स्वयंसेवकों ने अनुभव साझा किया

# विकसित भारत की रोशनी देश के दूरदराज क्षेत्रों तक पहुंच रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम 2026 के प्रतिभागियों से बातचीत की। इस दौरान 'माई भारत' के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। एक 'माई भारत' स्वयंसेवक ने कहा कि इस कार्यक्रम ने उन्हें देश के सीमावर्ती गांवों का दौरा करने का अवसर दिया।

उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसे गांवों को देखने का मौका मिला, जहां जाने की उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। एक अन्य 'माई भारत' स्वयंसेवक ने कहा कि जब उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली, तब उन्हें महसूस हुआ कि विकसित भारत की रोशनी देश के दूरदराज के इलाकों तक पहुंच रही है। स्कूलों में भी विकसित भारत की सोच दिखाई दी।




### 245 जिलों के 5000 जेन जेड से एक साथ जुड़े

*इस खास कार्यक्रम में देश के 245 जिलों के 5000 से अधिक छात्र और युवा प्रतिनिधि एक साथ जुड़े। इस संवाद का मुख्य उद्देश्य भारत के सीमावर्ती गांवों को देश का अंतिम गांव न मानकर उन्हें पहला गांव स्वीकारना और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं को सक्रिय भागीदार बनाना है।*

### चांगो पहुंचकर पनिकिता ने कहा- सड़कें देखकर हैरान हूं

*प्रतिभागी निकिता ने बताया कि चांगो जाने से पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर देखे गए वीडियो के आधार पर यह मान लिया था कि वहां न मोबाइल नेटवर्क होगा और न ही बिजली की सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि जब वे वहां पहुंचीं और ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों के बीच बनी मजबूत सड़कों को देखा तो हैरान रह गईं।*

### दादर-नागर हवेली के दिव्यांश ने जताया आभार

कार्यक्रम के दौरान दादर-नागर हवेली के युवा प्रतिभागी दिव्यांश जोशी ने प्रधानमंत्री से कहा कि मेरे जैसे आम युवाओं को देश के दूरदराज और सीमावर्ती गांवों में जाने और वहां रहने का मौका दिया। इस अद्भुत और सीख देने वाले अनुभव के लिए मैं आपका और पूरी टीम का दिल से धन्यवाद करता हूं।

### ग्रामीणों ने कहा- सड़क, नलजल और नेटवर्क की सुविधा मिली

कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने कहा कि अब क्षेत्र में चौबीसों घंटे बिजली और मोबाइल नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के कारण स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उनका भरोसा बढ़ा है और उनका जीवन पहले की तुलना में अधिक आसान हुआ है। कई सुविधाएं अब ग्रामों में ही मिल रही हैं।

## एक सप्ताह में भारतीय नाविकों से जुड़ी दूसरी बड़ी त्रासदी

# काला सागर में व्यापारिक जहाज पर, एक हफ्ते बाद फिर हुआ हमला ओडेसा पोर्ट पर 2 भारतीय नागरिक हुए लापता, 2 को सुरक्षित निकाला

एजेंसी ▶▶ कीव

काला सागर के अशांत क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाए जाने का सिलसिला थम नहीं रहा है। यूक्रेन के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ओडेसा बंदरगाह पर हमले की चपेट में आए एक और मालवाहक जहाज एमवी एजीएन रैग्नर से दो भारतीय नागरिक लापता हो गए हैं। इस घटना ने क्षेत्र में काम कर रहे भारतीय समुद्री कर्मचारियों की सुरक्षा पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कीव स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि 25 जुलाई को हुए इस हमले के समय जहाज पर कुल चार भारतीय नागरिक मौजूद थे। स्थानीय अधिकारियों की मदद से चलाए गए राहत कार्य में दो भारतीयों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है, जबकि दो अन्य अब भी लापता हैं। भारतीय दूतावास ने स्पष्ट किया है कि वह लापता नाविकों की स्थिति का पता लगाने के लिए स्थानीय प्रशासन और संबंधित एजेंसियों के साथ लगातार संपर्क में है तथा खोज व बचाव अभियान तेज गति से जारी है। कीव में भारतीय दूतावास ने कहा है कि ब्लैक सी क्षेत्र में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। लापता नाविकों का सुराग लगाने के लिए हर संभव प्रयास और स्थानीय अधिकारियों से समन्वय किया जा रहा है। ब्लैक सी क्षेत्र में केवल एक सप्ताह के भीतर यह भारतीय नाविकों से जुड़ी दूसरी बड़ी घटना है। इससे पहले ओडेसा पोर्ट से ही रवाना हुए एक अन्य व्यापारिक जहाज एमवी गोल्डन लियो पर हमला हुआ था। नागरिक जहाजों और निर्दोष नाविकों पर हो रहे हमलों की भारत सरकार ने कड़े शब्दों में निंदा की है।

**4 में से 2 भारतीय सुरक्षित, बचाव अभियान जारी**

**जहाज पर 17 क्रू सदस्यों में 5 भारतीय शामिल थे**

**भारत सरकार का कड़ा रुख ,सुरक्षा के उपाय अपनाने को कहा**



### भारत ने जताई आपत्ति, कहा ये अस्वीकार

विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार को बाधित करना और नागरिकों की जान जोखिम में डालना पूरी तरह अस्वीकार्य है। ओडेसा, यूक्रेन का सबसे बड़ा बंदरगाह होने के कारण अक्सर मिसाइल और ड्रोन हमलों के सीधे निशाने पर रहता है। भारत सरकार ने दोहराया है कि वह प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और क्षेत्र में मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है।

**सरकार ने उठाए बड़े कदम**

### नई सुरक्षा एडवाइजरी कर दी जारी

ब्लैक सी क्षेत्र में बढ़ते खतरों को देखते हुए विदेश मंत्रालय ने नई एडवाइजरी जारी की है। इसमें सलाह दी है कि इस क्षेत्र में नौकरी का कोई भी प्रस्ताव स्वीकार करने या यात्रा करने से पहले वे वहां की सुरक्षा स्थिति का आकलन कर लें।

### नाविकों और कंपनियों के लिए कड़े निर्देश

भारत सरकार ने भारतीय नाविकों और शिपिंग कंपनियों को स्पष्ट हिदायत दी है कि वे किसी भी जहाज पर नियुक्ति से पहले सभी सुरक्षा पहलुओं की जांच करें। इसमें रूट, सुरक्षा, बीमा और सुविधाओं की पूरी जानकारी लें।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुरक्षा की अपील

व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाए जाने की कड़ी निंदा करते हुए भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि निर्दोष नाविकों की जान जोखिम में डालना स्वीकार्य नहीं है और सभी पक्षों को समुद्री व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करना चाहिए।

**खबर संक्षेप**

### कजाकिस्तान में सुरक्षित उतरा अंतरिक्ष दल

**मॉस्को।** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर आठ महीने बिताने के बाद अमेरिका और





रूस के अंतरिक्ष यात्रियों का एक दल रविवार को कजाकिस्तान के विशाल मैदानी क्षेत्र में सुरक्षित रूप से उतर गया। नासा के अंतरिक्ष यात्री क्रिस विलियम्स और रूसी दल के सदस्यों-सर्गेई कुद-स्वेर्चकोव तथा सर्गेई मिकायेव अपने सोयुज एमएस-28 अंतरिक्ष यान से धरती पर लौटे। यह यान पैराशूट की मदद से सुरक्षित रूप से दक्षिण-पूर्व में निर्धारित क्षेत्र में उतरा।

### नेपाल ने मान्यता का किया अनुरोध

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने भारत यात्रा पर जाने वाले अपने नागरिकों के लिए राष्ट्रीय पहचान पत्र को तीसरे वैध यात्रा दस्तावेज के रूप



में मान्यता देने का अनुरोध भारत से किया है। आव्रजन विभाग के प्रवक्ता टीका राम ढकाल के अनुसार, यह प्रस्ताव राजनयिक माध्यमों से भारत सरकार को भेजा गया है। वर्तमान में नेपाली नागरिकों को हवाई यात्रा के लिए पासपोर्ट या नागरिकता प्रमाणपत्र की जरूरत होती है। मंजूरी दे देता है, तो मार्गों के लिए एनआईडी भी मान्य होगा।

## रक्षा मंत्री ने पड़ोसी मुल्क को खूब सुनाई खरी-खरी

# कारगिल विजय दिवस: राजनाथ बोले- अब पाकिस्तान से पीओके पर बात होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान पर करारा अटैक करते हुए कहा कि पड़ोसी मुल्क आतंकवाद को अपनी सरकारी नीति का हिस्सा बना चुका है। कारगिल विजय दिवस के मौके पर राजनाथ सिंह ने दो टूक कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर यानी पीओके के अलावा किसी अन्य मुद्दे पर उसके साथ कोई बातचीत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पीओके भारत का अभिन्न हिस्सा है, जिस पर पाकिस्तान ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। राजनाथ सिंह ने द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर अपने संबोधन में कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने यह दिखाया है कि आतंकवाद के जरिए भारत को धमकाने की कोशिश करने वालों का क्या हश्र होगा।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत, पाकिस्तान की हर दुस्साहसपूर्ण हरकत का ऐसे तरीके से जवाब देने में सक्षम है जो उसकी कल्पना से भी परे है। उन्होंने कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ पर 1999 के कारगिल युद्ध में भारत की जीत को भारत माता के मुकुट में जड़ा हीरा बताया। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में मई 2025 में चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने आतंकवाद के आकाओं और उनके समर्थकों को करारा झटका दिया। राजनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दिखा दिया कि आतंकवाद के जरिए भारत को धमकाने की कोशिश करने वालों का क्या हश्र होगा।

**ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र कर पाकिस्तान को सुना दिया**

**कारगिल युद्ध के समय भारतीय जवानों की वीरता ने इतिहास रचा था**

### सैनिकों का अदम्य साहस दिखा था कारगिल में




भारत और उसकी सशस्त्र सेनाएं पाकिस्तान की हर दुस्साहसपूर्ण हरकत का ऐसे तरीके से जवाब देने में सक्षम हैं जो उसकी कल्पना से भी परे है। उन्होंने कहा कि भारत की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ उठाया गया कोई भी दुर्भावनापूर्ण कदम उसी अंजाम तक पहुंचेगा। कारगिल विजय दिवस भारत के 'ऑपरेशन विजय' की सफलता की स्मृति में मनाया जाता है। यह वह सैन्य अभियान था, जिसे पाकिस्तान की घुसपैठ के बाद कारगिल की रणनीतिक चोटियों पर दोबारा नियंत्रण लेने के लिए चलाया गया था और जिसका सफल समापन 1999 में आज के दिन हुआ था। रक्षा मंत्री ने कहा कि कारगिल में मिली विजय केवल सैन्य या कूटनीतिक सफलता नहीं थी, बल्कि हमारे सैनिकों ने अदम्य साहस और अद्वितीय वीरता का परिचय दिया था। मैं 27वें कारगिल विजय दिवस पर अपने वीर जवानों और उनके शौर्य को नमन करता हूं।

### भारत डेटा सेंटर बन रहा, पाकिस्तान कट्टरपंथ का केंद्र

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा इरादा साफ है कि अब पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं होगी। अगर कोई बातचीत होगी भी, तो सिर्फ पीओके पर होगी, जो भारत का हिस्सा है जिसपर पाकिस्तान ने अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है। पड़ोसी देश पर निशाना साधते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि जब भारत जहाजों का डिजाइन तैयार करने में जुटा है, तब पाकिस्तान आतंकवाद की रूपरेखा बनाने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि जहां हम मॉडर्न और नए-नए रास्ते तलाश रहे हैं, वहीं पाकिस्तान घुसपैठ के नए तरीके खोजने में जुटा हुआ है। आज भारत डेटा सेंटर बना रहा है, जबकि पाकिस्तान कट्टरपंथ के केंद्र बनाने में लगा हुआ है।

### सेना प्रमुख सेठ ने दी श्रद्धांजलि




इससे पहले थलसेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ, लद्दाख के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना और उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने यहां कारगिल युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एक उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) की अगुवाई में 'एरोहेड' (तीर के आकार) की संरचना में उड़ान भर रहे तीन हेलीकॉप्टरों ने युद्ध स्मारक पर आसमान से पुष्पवर्षा कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। शनिवार को यहां पहुंचे रक्षा मंत्री 'श्रद्धांजलि समारोह' के मुख्य अतिथि रहे।

## लंबे समय बाद समझे राष्ट्रपति ट्रंप

# 13 दिन की बमबारी रोकी बोले- बातचीत ही... ठीक

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लगातार 13 दिनों तक चले भीषण हवाई हमलों के बाद ईरान पर नए सैन्य हमले फिलहाल रोक दिए हैं। साथ ही दावा करते हुए कहा कि जंग से कोई समाधान नहीं होता है बल्कि बातचीत ही बेहतर समाधान हो सकता है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इस फैसले के पीछे कूटनीतिक प्रयासों को मौका देना, अमेरिका के मिसाइल डिफेंस स्टॉक में आ रही कमी और एक बड़े क्षेत्रीय युद्ध का खतरा मुख्य कारण रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सेना द्वारा नए हमलों की रूपरेखा तैयार किए जाने के बावजूद ट्रंप ने फिलहाल कोई नई सैन्य कार्रवाई न करने का आदेश दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप का मानना है कि मौजूदा सैन्य दबाव अपनी प्रभावी सीमा तक पहुंच चुका है और आगे की कार्रवाई एक विनाशकारी युद्ध को जन्म दे सकती है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि अमेरिका पूरी तरह तैयार है, लेकिन इस समय ईरान के साथ कूटनीतिक समझौता करना अधिक समझदारी भरा रास्ता होगा। हालांकि, व्हाइट हाउस ने स्पष्ट किया है कि यह केवल एक अस्थायी विराम है और जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई दोबारा शुरू की जा सकती है। व्हाइट हाउस के संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने कहा कि यदि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बाधित करता है।

### ईरान के साथ समझौता करना ज्यादा समझदारी

ट्रंप का मानना है कि बड़े पैमाने पर युद्ध शुरू किए बिना सैन्य कार्रवाई अपनी हद तक पहुंच गई थी। वो कूटनीति के लिए रास्ता बनाना चाहते हैं, ताकि अगर बातचीत नाकाम हो तो कम समय में दोबारा हमले शुरू किए जा सकें। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका पूरी तरह से तैयार है, लेकिन उनका मानना है कि ईरान के साथ समझौता करना ज्यादा समझदारी होगी उन्होंने कहा, हम इस समय उनसे बात कर रहे हैं। मुझे लगता है कि जैसे-जैसे दिन बीत रहे हैं, वो इसे लेकर ज्यादा गंभीर होते जा रहे हैं। हालांकि व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन के डिनर में ट्रंप ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि ईरान तुरंत समझौता करने के लिए तैयार है, लेकिन वो बातचीत जारी रखना चाहते हैं।

## अब देने होंगे 166 अरब डॉलर

# अमेरिका को लौटानी पड़ रही है अवैध टैरिफ की बड़ी राशि

एजेंसी ▶▶ वॉलोन्गॉन्ग (ऑस्ट्रेलिया)



अमेरिकी उच्चतम न्यायालय द्वारा डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए आयात शुल्क (टैरिफ) को असंवैधानिक करार दिए जाने के बाद, अमेरिका अब विभिन्न वैश्विक कारोबारियों को 166 अरब डॉलर (लगभग 13.8 लाख करोड़ रुपये) की राशि 6 प्रतिशत ब्याज के साथ वापस लौटा रहा है। इसमें से 85 अरब डॉलर से अधिक की राशि कंपनियों को पहले ही लौटाई जा चुकी है। फरवरी 2026 में उच्चतम न्यायालय ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा था कि अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम के तहत राष्ट्रपति को टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं है, क्योंकि कर और सीमा शुल्क तय करने का अधिकार केवल अमेरिकी संसद (कांग्रेस) के पास है।हालांकि, रकम की वापसी से कारोबारियों को हुई व्यापारिक क्षति और अनिश्चितता की भरपाई नहीं हो पा रही है। छोटे आयातक बुरी तरह प्रभावित हुए, जिन्हें औसतन 3,06,000 डॉलर का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ा था।

## ब्रिटेन की पूर्व गृहमंत्री प्रीति बोलीं-

# नीरव मोदी को अब तक तो भारत की जेल में होना था

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन की पूर्व गृहमंत्री प्रीति पटेल ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के 14,000 करोड़ से अधिक के घोटाले के मुख्य आरोपी नीरव मोदी के अब तक भारत न भेजे जाने पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि वह इस बात से स्तब्ध और बेहद चिंतित हैं कि भारत के सबसे बड़े बैंकिंग घोटालों में से एक का वांछित अपराधी अब भी ब्रिटेन में ही बना हुआ है। एक पॉडकास्ट में प्रीति पटेल ने कहा कि अप्रैल 2021 में उन्होंने स्वयं गृहमंत्री रहते हुए नीरव मोदी के प्रत्यर्पण आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। यदि ब्रिटिश व्यवस्था प्रक्रियाओं और बहानों में उलझने के बजाय विवेक से काम लेती, तो नीरव मोदी को अब तक भारत में अपनी सजा काट कर होते। उन्होंने माना कि इस देरी की वजह से भारत



सरकार ब्रिटेन से काफी निराश और नाराज है। नीरव मोदी (55) इस समय लंदन की पेंटनविल जेल में बंद है। वह ब्रिटेन की अदालत से लेकर यूरोपीय मानवाधिकार अदालत तक अपनी सभी कानूनी और शरण संबंधी अपीलें हार चुका है। प्रीति पटेल ने कहा कि ब्रिटेन की व्यवस्था का यह खुला दुरुपयोग भारतीय न्यायिक प्रक्रिया और करदाताओं, दोनों का अपमान है।

**पड़ोसी देशों में भी गूंजा आंदोलन**

# भारत के जेन-जेड को पाकिस्तान ने किया सैल्यूट कहा- यहां तो एक प्लेट बिरयानी में ही बिकते हैं

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

भारत के जेन-जेड (युवाओं) को अब तक सिर्फ मोबाइल, मीम्स और कम ध्यान देने वाली पीढ़ी माना जाता था, लेकिन हालिया छात्र आंदोलनों ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया। पेपर लीक के मामलों को लेकर हुए देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के आगे केंद्र सरकार को झुकना पड़ा और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपना इस्तीफा देना पड़ा। इस पूरे आंदोलन में पारंपरिक नारों की जगह मीम्स, इंस्टा रील्स और छोटे वीडियो ही युवाओं के सबसे बड़े हथियार और सबूत बने। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नाम से प्रसिद्ध हुए इस आंदोलन की गूंज सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि पड़ोसी देश पाकिस्तान और श्रीलंका के युवाओं को भी इसने गहराई से प्रभावित किया। पाकिस्तान के लोगों ने कहा कि हमारे यहां तो युवा एक प्लेट बिरयानी पर बिक जाते हैं।

**पाकिस्तान ने कहा-हमें अपना देश चलाना मुश्किल हो रहा है ऐसे में हम फंडिंग कहां से कर पाएंगे?**

### जाति- धर्म से ऊपर उठकर चलाया गया आंदोलन

पाकिस्तान में इस आंदोलन की साहस और एकजुटता की जमकर तारीफ हुई। वहां के युवाओं ने माना कि भारतीय जेन-जेड ने जाति और धर्म से ऊपर उठकर लड़ाई लड़ी, जो काबिल-ए-तारीफ है। पाकिस्तानी कॉन्टेंट क्रिएटर बिलाल हसन ने भारत में लगे पाकिस्तानी फंडिंग' के आरोपों पर तंज कसते हुए कहा, हमारे पास अपना देश चलाने के पैसे नहीं हैं, हम भारत का आंदोलन क्या फंड करेंगे? वहीं, पाकिस्तानी अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून और स्थानीय युवाओं का मानना था कि 1980 के दशक में सैन्य तानाशाही द्वारा छात्र संघों पर लगाए गए बैन के कारण पाकिस्तान में ऐसा एकजुट आंदोलन खड़ा होना मुश्किल है। दूसरी ओर, 2022 में जन-आंदोलन देख चुके श्रीलंका में भी भारतीय युवाओं के इस जोश का स्वागत किया गया। चर्चित कार्टूनिस्ट अवंता आर्टिगाला ने सरकार और



'कॉकरोचों' पर व्यंग्य चित्र बनाए, तो वहीं मुंबई की रिया अहीर की पुलिस वैन के सामने खड़ी तस्वीर (जिसकी तुलना तियानआनमेन स्क्वायर के टैंक मैन से हुई) श्रीलंका के सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई। इस आंदोलन ने साबित कर दिया कि आज की डिजिटल पीढ़ी सिर्फ सोशल मीडिया पर वक्त नहीं बिताती, बल्कि अपने अधिकारों के लिए इतिहास भी रच सकती है।

## सेना की छापेमारी, हथियार जब्ती और गिरफ्तारियों के आदेश दिए

# नेतन्याहू ने कहा- वेस्ट बैंक में कार्रवाई के लिए तैयार


एजेंसी ▶▶ तेलअवीव

इजराइल और फिलिस्तीन के बीच जारी तनाव के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का एक बड़ा और सख्त बयान सामने आया है। नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश कब्जे वाले वेस्ट बैंक में बड़े स्तर पर सैन्य कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उनके इस बयान को क्षेत्र में चल रहे सैन्य अभियानों को और अधिक तेज करने के स्पष्ट संकेत के रूप में देखा जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, पत्रकारों से बात करते हुए नेतन्याहू ने जानकारी दी कि सुरक्षा बलों को गांवों में घुसने, व्यापक तलाशी लेने, अवैध हथियारों को जब्त करने और संदिग्धों को गिरफ्तार करने के सख्त निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'आतंकी ठिकानों' के खिलाफ इजरायल व्यापक और कड़े कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा। इस समय सेना का पूरा ध्यान क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने पर है। नेतन्याहू का यह आक्रामक बयान ऐसे समय आया है जब वेस्ट बैंक में इजराइली सेना की छापेमारी पहले से जारी है और इस दौरान इजराइली बस्तियों के लोगों द्वारा भी फिलिस्तीनियों पर हमलों की खबरें आ रही हैं। दूसरी ओर, जमीनी हकीकत बयां करते हुए यूथ अगेंस्ट सेटलमेंट्स के संस्थापक ईसा अमरो ने कहा कि कब्जे वाले इलाकों में रहने वाले फिलिस्तीनी नागरिक हर दिन हिंसा का सामना कर रहे हैं। जब भी कोई नागरिक अपने घर, परिवार या संपत्ति का बचाव करने की कोशिश करता है, तो उसे निशाना बनाया जाता है या हिरासत में ले लिया जाता है।

**विरोध करने पर आम नागरिकों को निशाना बनाया**

**आतंकी ठिकानों को नष्ट कर इलाके पर नियंत्रण कसना है**

### सैकड़ों परिवार बेघर होने को मजबूर



अमरो ने चिंता जताते हुए दावा किया कि लगातार बढ़ते हमलों के डर से हाल के वर्षों में 20 से अधिक फिलिस्तीनी समुदाय अपने गांवों को पूरी तरह छोड़ चुके हैं और सैकड़ों परिवार बेघर होने पर मजबूर हुए हैं, जिसे उन्होंने 'जातीय सफाए' जैसा करार दिया। फिलहाल वेस्ट बैंक में स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है। एक तरफ जहां इजरायली सेना अपनी कार्रवाई को और कड़ा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है, वहीं दूसरी तरफ स्थानीय आबादी की परेशानियां लगातार गहराती जा रही हैं। नेतन्याहू की इस ताजा चेतावनी के बाद अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि आने वाले दिनों में यह संघर्ष क्या नया मोड़ लेता है।

## आईईडी के साथ मुख्य आरोपी गिरफ्तार

# जालंधर में विदेशी हैंडलर्स से जुड़ा बड़ा आतंकी मॉड्यूल ध्वस्त,विस्फोटक जब्त

**विदेशी संपर्कों का पर्दाफाश करने के लिए जांच जारी**

एजेंसी ▶▶ जालंधर

पंजाब पुलिस के काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) जालंधर और जालंधर देहात पुलिस ने एक संयुक्त अभियान चलाकर विदेशी आकाओं के इशारे पर काम करने वाले आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने आदमपुर के पड़ियाना गांव निवासी मुख्य आरोपी सतबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। इस सफलता की जानकारी देते हुए पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि पुलिस की सतर्कता से राज्य में एक



बड़ा आतंकी खतरा टल गया है।

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने ढंडौर गांव के पास नाकाबंदी कर संदिग्ध सतबीर सिंह को मोटरसाइकिल समेत रोका। जब उसके बैग की तलाशी ली गई, तो उसमें से 1.3 किलोग्राम वजनी एक खतरनाक आईईडी (विस्फोटक) बरामद हुआ। अधिक से अधिक नुकसान पहुंचाने के मकसद से इस आईईडी में छर्रे और बॉल बेयरिंग भी लगाए गए थे। आरोपी अपनी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल की जा रही काले रंग की प्लेटिना मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी प्रतिबंधित बीकेआई (बब्बर खालसा इंटरनेशनल) मॉड्यूल से जुड़ा है और उसे विदेशी हैंडलर्स से यह विस्फोटक खेप मिली थी। इस वारदात के पीछे छिपे पूरे आतंकी नेटवर्क, स्थानीय मददगारों और विदेशी संपर्कों का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस गहन जांच कर रही है। इस संबंध में थाना पतारा में भारतीय न्याय संहिता विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।







# भारतीय भारोत्तोलकों का दबदबा, मीराबाई ने तीसरी बार जीता गोल्ड, ऋषिकांत को रजत

एजेंसी ▸▸ ग्लासगो

ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू ने रविवार को राष्ट्रमंडल खेलों में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय भारोत्तोलन में अपनी बादशाहत एक बार फिर साबित कर दी तो वहीं, चोट से जूझने के बावजूद ऋषिकांत सिंह ने ऐतिहासिक रजत पदक जीतकर भारत के लिए दिन को यादगार बनाया। महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में मीराबाई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 190 किलोग्राम (स्नैच में 85 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 105 किग्रा) वजन उठाया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों के कई रिकॉर्ड भी तोड़ दिए। यह मौजूदा राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का पहला स्वर्ण पदक और कुल तीसरा पदक है। इससे पहले शुक्रवार को पैरा पावरलिफ्टर झंडू कुमार ने पुरुषों के हेवीवेट वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला था।

### मीराबाई की शानदार वापसी

मणिपुर की 31 वर्षीय दिग्गज भारोत्तोलक ने स्नैच और क्लीन एवं जर्क, दोनों में पहला प्रयास असफल रहने के बावजूद शानदार वापसी की और 22 किलोग्राम के बड़े अंतर से स्वर्ण पदक अपने नाम किया। नाइजीरिया की रूथ असुक्वो न्योंग 168 किलोग्राम के साथ रजत पदक जीता। स्वर्ण पदक सुनिश्चित करने और एशियाई खेलों में दो महीने से भी कम समय शेष होने के कारण मीराबाई ने क्लीन एवं जर्क का अपना अंतिम प्रयास नहीं किया।




### भारत ने किया तैराकी में तीसरा स्थान हासिल

भारतीय पुरुष चार गुणा 200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले टीम ने तैराकी स्पर्धा में अपनी हीट में तीसरा स्थान हासिल कर फाइनल में प्रवेश कर पदक जीतने की उम्मीद कायम रखी है। धक्षण शशिकुमार, अनीश सुनील कुमार गौड़ा, आर्यन नेहरा और श्रीहरि नटराज की भारतीय चौकड़ी ने सात मिनट 39.48 सेकंड का समय निकाला। टीम अपनी हीट में तैराकी की मजबूत टीमों ऑस्ट्रेलिया (7:08.66) और इंग्लैंड (7:18.13) के बाद तीसरे स्थान पर रही।

### ऋषिकांत ने चोट के बावजूद जीता सिल्वर

इससे पहले पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग में ऋषिकांत सिंह चोट के बावजूद रजत पदक जीतने में सफल रहे। घुटने की चोट के कारण वह स्वर्ण पदक की दौड़ में अपनी बढ़त बरकरार नहीं रख सके। मणिपुर के 28 वर्षीय भारोत्तोलक ने स्नैच में 121 किलोग्राम वजन उठाकर राष्ट्रमंडल खेलों के रिकॉर्ड की बराबरी की और क्लीन एवं जर्क से पहले शीर्ष स्थान पर थे। वह हालांकि क्लीन एंड जर्क में 143 किलोग्राम ही उठा सके। अंतिम दो प्रयास असफल रहने से उनका कुल वजन 264 किलोग्राम रहा और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मलेशिया के मोहम्मद अनीक कसदान ने क्लीन एवं जर्क में 152 किलोग्राम का इन खेलों का नया रिकॉर्ड बनाते हुए कुल 273 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि केन्या के जोशुआ अमुंगा म्बोया 260 किलोग्राम के साथ कांस्य पदक विजेता रहे।



## खबर संक्षेप



### अब्दुल्ला शफीक पाकिस्तानी टेस्ट टीम में शामिल

**कराची।** पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही टेस्ट श्रृंखला और उसके बाद इंग्लैंड दौरे में होने वाले तीन टेस्ट मैचों के लिए सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक और सऊद शकील को अपनी राष्ट्रीय टीम में शामिल किया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि शफीक को चोटिल अब्दुल्ला फजल के स्थान पर टीम में शामिल किया गया है, जबकि शकील को विदेशी दौरों पर पाकिस्तान की बल्लेबाजी को मजबूती देने के लिए टीम में जोड़ा गया है। शफीक वेस्टइंडीज में टीम से जुड़ गए हैं। वह गयाना में ग्लोबल टी20 लीग में खेल रहे थे।

### स्कॉटिश ओपन: शीर्ष 10 में जगह बनाने के करीब दीक्षा



**डुनडोनाल्ड लिंक्स।** गोल्फर दीक्षा डागर तीसरे दौर में दो अंडर 70 के स्कोर से महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर हैं। तीन दौर के बाद दीक्षा का कुल स्कोर एक ओवर है। लेडीज यूरोपीय टूर पर दो बार की विजेता दीक्षा ने बारिश और तेज हवाओं के बीच 18वें होल में बर्डी का मौका गंवा दिया लेकिन इसके बावजूद अंडर पार का स्कोर बनाने में सफल रहीं। इससे पहले भारत की अवनि प्रशांत और प्रणवी उर्स कट हासिल करने में नाकाम रहीं। कोरिया की जेनी शिन 12 अंडर के कुल स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं। उन्होंने तीसरे दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाया।

### निशानेबाजी विश्व कप: पदक से चूके ऐश्वर्य, नीरज



**हांगझोउ।** भारत के दो निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और नीरज कुमार आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल, पिस्टल, शॉटगन) में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने के बावजूद पदक जीतने में नाकाम रहे, जिससे देश केवल एक रजत पदक के साथ तालिका में संयुक्त सातवें स्थान पर बना हुआ है। भारतीय राइफल निशानेबाजों की किस्मत एक बार फिर उनका साथ नहीं दे सकी। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ऐश्वर्य और एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता नीरज दोनों आठ निशानेबाजों के फाइनल में पहुंचे, लेकिन क्वालीफिकेशन में शानदार प्रदर्शन को पदक में नहीं बदल सके। ऐश्वर्य ने 314.3 अंकों के साथ छठा स्थान हासिल किया जबकि नीरज 303.4 अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहे।

## वैभव की विस्फोटक पारी और मयंक की घातक गेंदबाजी

# टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे को किया क्लीन स्वीप

एजेंसी ▸▸ हरारे

भारत ने 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की परिस्थितियों के अनुरूप खेली गई 81 रन की शानदार पारी और तेज गेंदबाज मयंक यादव (29 रन देकर 3 विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन बदौलत रविवार को तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जिम्बाब्वे को 35 रन से हराकर श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की। इंग्लैंड से 0-4 से और आयरलैंड से 0-2 से श्रृंखला गंवाने के बाद यह भारत की शानदार वापसी रही। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद भारत ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 192 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम को धीमी पिच पर बेहद संयमित बल्लेबाजी की जरूरत थी, लेकिन उसके बल्लेबाज ऐसा नहीं कर सके और टीम 7 विकेट पर 157 रन ही बना सकी। रेयान बर्ल ने नाबाद 54 रन की जुझारू पारी खेली लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके।



### वैभव बने प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज

वैभव सूर्यवंशी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे मैच में 81 रन की पारी खेली और टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई। वैभव की इस पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया और वो पुरुष क्रिकेट में भारत की तरफ से किसी भी प्रारुप में सबसे कम उम्र प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बने और सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। यही नहीं वैभव को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया और वो सबसे कम उम्र में प्लेयर ऑफ द सीरीज जीतने वाले भारतीय पुरुष क्रिकेटर भी बने।

### मयंक यादव ने की भुवनेश्वर की बराबरी

जिम्बाब्वे दौरे पर दो साल बाद वापसी करने वाले मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से बवाल मचा दिया। मयंक ने तीसरे टी20 मैच की पहली गेंद पर फिर से ब्रायन बेनेट का शिकार किया। इसके साथ ही वह भारत के लिए किसी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पारी की पहली गेंद पर तीन बार विकेट हासिल करने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने भुवनेश्वर कुमार की बराबरी कर ली है।




### प्लेयर ऑफ द मैच जीतने वाले कम उम्र के भारतीय

15 साल 121 दिन – वैभव सूर्यवंशी (बनाम जिम्बाब्वे)
17 साल 112 दिन – सचिन तेंदुलकर (बनाम इंग्लैंड)
18 साल 295 दिन – रवि शास्त्री (बनाम न्यूजीलैंड)
18 साल 300 दिन – युवराज सिंह (बनाम ऑस्ट्रेलिया)
18 साल 331 दिन – पृथ्वी शॉ (बनाम वेस्टइंडीज)

### सपना सच होने जैसा : वैभव

वैभव सूर्यवंशी ने कहा, यह सपना सच होने जैसा पल है। अपना पहला मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज अवॉर्ड पाकर मैं बहुत खुश हूं।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सूर्यवंशी का इवांस बो माधेवेरे | 81 | 49 | 8 | 4 |
| अभिषेक का मारुमणी बो मुजरबानी | 02 | 4 | 0 | 0 |
| ईशान बो सिकंदर रजा | 29 | 26 | 4 | 0 |
| अय्यर का माधेवेरे बो इवांस | 27 | 18 | 2 | 0 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 11 | 9 | 1 | 0 |
| रिंकू सिंह का माधेवेरे बो इवांस | 25 | 14 | 2 | 1 |

अतिरिक्त: 17, कुल योग: 20 ओवर में 192/5 रन
गेंदबाजी: सिकंदर रजा 4-0-40-1, ब्लेसिंग मुजरबानी 4-0-33-1 , न्यूमैन न्यामुरी 2-0-18-0, ब्रैड इवांस 4-0-41-2, वेलिंगटन मास्काद्जा 1-0-14-0, वेस्ले माधेवेरे 4-0-37-1, ब्रायन बेनेट 1-0-7-0

| जिम्बाब्वे पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| बेनेट का सूर्यवंशी बो मयंक यादव | 00 | 1 | 0 | 0 |
| कुरन का मयंक बो रवि बिश्नोई | 20 | 9 | 2 | 0 |
| मायर्स का अय्यर बो यश ठाकुर | 19 | 15 | 1 | 1 |
| सिकंदर का एवं बो यश ठाकुर | 00 | 1 | 0 | 0 |
| रेयान बर्ल नाबाद | 54 | 43 | 5 | 0 |
| माधेवेरे का तिलक बो मयंक यादव | 28 | 25 | 1 | 2 |
| मारुमणी बो अशोक शर्मा | 01 | 3 | 0 | 0 |
| इवांस का रिंकू सिंह बो मयंक यादव | 14 | 13 | 0 | 1 |
| न्यूमैन न्यामुरी नाबाद | 01 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 20, कुल योग: 20 ओवर में 157 रन/7
गेंदबाजी: मयंक यादव 4-0-29-3, यश ठाकुर 4-0-45-2, अशोक शर्मा 4-0-20-1, रवि बिश्नोई 4-0-24-1, सूर्यांश शेडगे 2-0-15-1, अभिषेक शर्मा 2-0-18-0.

## आईसीसी रैंकिंग

# भारत फिर बना टी20 क्रिकेट किंग, इंग्लैंड की बादशाहत खत्म




एजेंसी ▸▸ दुबई

भारत ने हरारे में चल रही तीन मैच की श्रृंखला में जिम्बाब्वे के खिलाफ 2-0 की विजयी बढ़त बनाकर रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की पुरुषों की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में फिर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। मौजूदा टी20 विश्व चैंपियन भारत ने इंग्लैंड को पछाड़ा, जिसने हाल ही में श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम को 0-4 से हराकर पांच मैच की श्रृंखला जीती थी। इससे पहले भारत को आयरलैंड के खिलाफ भी 0-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

### भारतीय टीम की जीत की राह पर वापसी

भारतीय टीम ने हालांकि जीत की राह पर वापसी करते हुए हरारे में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में जिम्बाब्वे को सात विकेट से हराया और फिर दूसरे मैच में 90 रन की जीत के साथ 2-0 की बढ़त बना ली। दूसरे टी20 में अर्धशतक जड़ने वाले भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज इशान किशन बल्लेबाजों की सूची में 892 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद अभिषेक शर्मा (858 अंक) का नंबर आता है। किशन की तरह दूसरे टी20 में अर्धशतक जड़ने वाले तिलक वर्मा 733 अंक के साथ आठवें पायदान पर बरकरार हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ श्रृंखला में नहीं खेल रहे स्पिनर वरुण चक्रवर्ती शीर्ष 10 में अकेले भारतीय गेंदबाज हैं। वह 683 अंक के साथ पांचवें स्थान पर बने हुए हैं।

## टेस्ट सीरीज

# श्रीलंका टेस्ट सीरीज से पहले टीम चयन में फिटनेस बनी बड़ी चुनौती



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय चयनकर्ता श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले चयन को लेकर दुविधा में हैं, क्योंकि वाशिंगटन सुंदर की 15 अगस्त से गॉल में होने वाले पहले मैच के लिए समय पर ठीक होने की संभावना नहीं है, जिससे रिजर्व स्पिनर का स्थान खाली हो जाएगा। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम की घोषणा मंगलवार को की जाएगी और अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति के लिए सबसे बड़ी चुनौती फिट टीम का चयन करना है क्योंकि कई खिलाड़ी फिटनेस संबंधी कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। सीनियर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी फिटनेस टेस्ट देना होगा। वह चोट लगने के कारण लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में नहीं खेल पाए थे।

### बीसीसीआई ने किया फिटनेस अपडेट जारी

बीसीसीआई के बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' ने फिटनेस संबंधी अपडेट जारी कर बताया है कि हर्षित राणा और नीतीश कुमार रेड्डी दोनों ही श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। यह दोनों खिलाड़ी मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या से जूझ रहे हैं और अभी फिट होने की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। चयन मामलों से परिचित बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'वाशिंगटन दूसरे टेस्ट तक ही फिट हो पाएंगे। यह देखना बाकी है कि चयनकर्ता उनकी फिटनेस के आधार पर उन्हें एक मैच के लिए चुनते हैं या नहीं। अगर ऐसा नहीं हो पता है तो उन्हें स्पिन विभाग में रविंद्र जडेजा, मानव सुथार और कुलदीप यादव के अलावा चौथे विकल्प की तलाश करनी होगी। अगर वे हर्ष दुबे का चयन करते हैं, तो तीन गेंदबाज एक जैसे कौशल के हो जाएंगे।' ऐसी परिस्थितियों में ऑफ-स्पिनर सारांश जैन को मौका मिल सकता है, जो निचले मध्य क्रम में एक उपयोगी बल्लेबाज भी हैं।

# विश्व चैंपियनशिप जीतना मायने रखता है : अनाहत



**नई दिल्ली।** भारत की नंबर एक खिलाड़ी अनाहत सिंह ने कहा कि विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप जीतना उनके लिए बहुत मायने रखता है। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। अनाहत ने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मुझे अब भी ऐसा लग रहा है जैसे मैं सपना देख रही हूं।'' दिल्ली की इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, 'पिछले चार वर्षों से मैं सेमीफाइनल और क्वार्टर फाइनल में हार रही थी। अगर कोई मुझसे पूछे तो मैं हमेशा यही कहती हूं, 'यह टूर्नामेंट मेरे लिए अभिशाप है' और मैं इस प्रतियोगिता में कभी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई हूं।' अनाहत ने कहा, 'जूनियर स्तर पर यह मेरा आखिरी साल है और इसे जीतने का यह मेरे पास आखिरी मौका था। इसलिए यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।' अनाहत ने कहा कि वह टूर्नामेंट के फाइनल में खेलने के अनुभव का आनंद लेना चाहती थीं।

# पाक-वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज : हॉज ने खेली नाबाद पारी, पहले दिन बने 194 रन



### उस्मान अली का 33 साल की उम्र में टेस्ट डेब्यू

पाकिस्तान की तरफ से अब्बास ने 44 रन देकर दो विकेट लिए हैं। पाकिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर उस्मान अली ने 33 साल की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों ने दिग्गज ऑलराउंडर गारफील्ड सोबर्स की याद में काली पट्टी पहनी, जिनका हाल में 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था।

एजेंसी ▸▸ तारौबा

कावेम हॉज की नाबाद 83 रन की पारी की मदद से वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के बारिश से प्रभावित शुरुआती दिन 3 विकेट पर 194 रन बनाए। बारिश और खराब रोशनी के कारण पहले दिन केवल 67 ओवर ही फेंके जा सके। पहले सत्र में केवल 14.1 ओवर फेंके गए। वेस्टइंडीज के टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के फैसले के बाद हॉज तीनों सत्र में बल्लेबाजी की। वह नौवें ओवर में क्रीज पर उतरे जब मोहम्मद अब्बास ने ब्रैंडन किंग (12) को आउट किया। जब खिलाड़ी लंच के बाद वापस लौटे बारिश के कारण पिच से गेंदबाजों को मदद मिलने लगी थी लेकिन हॉज डटे रहे। वेस्टइंडीज ने इस बीच सलामी बल्लेबाज तेगनारायण चंद्रपाल (21) और अमीर गांजू (21) के विकेट गंवाए। दिन का खेल समाप्त होने के समय हॉज के साथ शाई होप 39 रन बनाकर खेल रहे थे। यह दोनों चौथे विकेट के लिए अभी तक 88 रन जोड़ चुके हैं।

## यूथ हॉकी एशियन चैंपियनशिप में पाकिस्तान को दी मात

# एशियन चैंपियन बनी टीम इंडिया, महिला टीम को रजत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय सब-जूनियर पुरुष टीम ने मस्कट में खेली गई एफआईएच यूथ हॉकी फाइव्स एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 3-1 से हराकर खिताब जीता लेकिन महिला टीम को रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। भारत की दोनों टीम ने हालांकि पांच-पांच खिलाड़ियों के साथ खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचकर एफआईएच यूथ हॉकी फाइव्स विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। पुरुष वर्ग के फाइनल में भारत ने शुरू से ही पाकिस्तान पर दबदबा बनाए रखा तथा रोमित पाल (पांचवें), कप्तान केतन कुशवाहा (12वें) और शाहरुख अली (13वें मिनट) के गोल की मदद से भारत एशियाई चैंपियन बनने में सफल रहा। इस जीत के साथ ही भारतीय पुरुष टीम एलीट पूल तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई।



### फाइनल में चीन से हारी भारतीय महिला टीम

महिला वर्ग की प्रतियोगिता में भारतीय सब जूनियर टीम ने चीन के खिलाफ फाइनल में कड़े मुकाबले में 2-4 से हार झेलने के बाद रजत पदक जीता। इससे पहले दिन में भारत ने सेमीफाइनल में कजाकिस्तान को 8-1 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। फाइनल में चीन ने जोरदार शुरुआत करते हुए पहले ही मिनट में टोंगटोंग लू के गोल से बढ़त हासिल कर ली। भारत ने 13वें मिनट में नौशीन नाज के गोल से अंतर कम किया लेकिन चेन गे ने 19वें मिनट में चीन को फिर से तीन गोल की बढ़त दिला दी। पुष्पा मांझी ने 20वें मिनट में गोल करके भारत की उम्मीद जगाई लेकिन चीन ने अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए खिताब जीत लिया।




### मस्कट में फाइनल में 3-1 से दर्ज की शानदार जीत, मध्यप्रदेश के दो खिलाड़ियों ने दिलाई स्वर्णिम सफलता

# युवा हॉकी 5एस एशिया कप में मध्यप्रदेश के आयुष और करण ने रचा स्वर्णिम इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य पुरुष हॉकी अकादमी के खिलाड़ियों आयुष रजक और करण गौतम ने यूथ हॉकी5एस एशियन चैंपियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय पुरुष टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 20 से 25 जुलाई तक मस्कट (ओमान) में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में भारत ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 3-1 से पराजित कर एशिया का खिताब अपने नाम किया। इस शानदार जीत के साथ भारतीय टीम ने उद्घाटन एफआईएच यूथ हॉकी5एस वर्ल्ड कप के लिए भी अपना स्थान सुनिश्चित किया।




**फाइनल में भारत का दबदबा, पाकिस्तान पर 3-1 से ऐतिहासिक जीत**

खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। तेज़ आक्रमण, सटीक पासिंग और अनुशासित खेल के दम पर भारत ने पाकिस्तान को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। पूरे टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की।

**आयुष और करण ने निभाई अहम भूमिका**

भारतीय टीम में मध्यप्रदेश राज्य पुरुष हॉकी अकादमी के गोलकीपर आयुष रजक और फॉरवर्ड करण गौतम ने पूरे टूर्नामेंट में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। आयुष ने गोलपोस्ट पर कई महत्वपूर्ण बचाव कर टीम को मजबूती प्रदान की, वहीं करण ने अपने तेज़ आक्रमण और शानदार खेल से विपक्षी टीमों पर लगातार दबाव बनाए रखा। दोनों खिलाड़ियों का योगदान भारत के स्वर्णिम अभियान में महत्वपूर्ण रहा।

**विश्व कप में अब दिखेगा भारत का दम**

एशिया कप में स्वर्ण पदक जीतने के साथ भारतीय पुरुष टीम ने उद्घाटन एफआईएच यूथ हॉकी5एस वर्ल्ड कप के लिए भी सफलतापूर्वक क्वालिफाई कर लिया है। अब टीम का लक्ष्य विश्व मंच पर भी इसी लय को बरकरार रखते हुए देश के लिए नया इतिहास रचना होगा।

17 गोल के साथ टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर, भारत को दिलाया विश्व कप

## मप्र की नौशीन नाज़ बनीं सबसे बड़ी स्टार, भारत ने जीता रजत पदक






**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य महिला हॉकी अकादमी की बेटी नौशीन नाज़ ने यूथ हॉकी5एस एशियन चैंपियनशिप 2026 में अपने शानदार प्रदर्शन से पूरे एशिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। मस्कट (ओमान) में 20 से 25 जुलाई तक आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारतीय महिला टीम ने शानदार अभियान के साथ रजत पदक अपने नाम किया। पूरे टूर्नामेंट में नौशीन नाज़ ने 17 गोल दागकर 'बेस्ट स्कोरर ऑफ द टूर्नामेंट' का खिताब अपने नाम किया। भारतीय टीम ने इस शानदार प्रदर्शन के साथ एफआईएच के उद्घाटन यूथ हॉकी5एस वर्ल्ड कप के लिए भी सफलतापूर्वक क्वालिफाई कर लिया। भारतीय टीम का हिस्सा रहीं मध्यप्रदेश की गोलकीपर महक परिहार ने भी पूरे अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**महक परिहार ने गोलपोस्ट पर दिखाई मजबूती** -मध्यप्रदेश राज्य महिला हॉकी अकादमी की गोलकीपर महक परिहार ने भी पूरे टूर्नामेंट में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने कई महत्वपूर्ण मुकाबलों में बेहतरीन बचाव करते हुए भारतीय टीम के अभियान को मजबूती प्रदान की और फाइनल तक पहुंचने में अहम योगदान दिया।

**विश्व मंच पर अब नई चुनौती** -20 से 25 जुलाई तक मस्कट (ओमान) में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत सहित चीन, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, ईरान, उज़्बेकिस्तान और मेज़बान ओमान की टीमें शामिल हुईं। उपविजेता रहने के बावजूद भारतीय टीम ने अपने प्रदर्शन से यह साबित किया कि वह एशिया की मजबूत टीमों में शामिल है।

### योग शिक्षा की तैयारी पर फोकस

## आरएनटीयू और योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के बीच एमओयू



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) ने योगासन खेल को बढ़ावा देने की महत्वपूर्ण पहल की है। विश्वविद्यालय के योग विभाग और मध्य प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एमपीवाईएसए) के बीच एक समझौता (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य योग शिक्षा, योग अनुसंधान और खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराना है। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी और एमपीवाईएसए के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। दोनों संस्थाओं ने योगासन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने का लक्ष्य तय किया है।

**खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण...**

समझौते के तहत विद्यार्थियों और खिलाड़ियों के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, कार्यशालाएं, कार्यक्रम और संयुक्त शोध परियोजनाएं आयोजित की जाएंगी। जहां योगासन से जुड़े वैज्ञानिक अनुसंधान को भी बढ़ावा दिया जाएगा। वहीं विश्वविद्यालय का कहना है कि एमओयू योगासन खेल को संस्थागत स्तर पर मजबूत बनाने और प्रदेश के खिलाड़ियों को नई पहचान दिलाने की दिशा में अहम कदम साबित होगा।

### वेस्ट जोन तैराकी प्रतियोगिता

## कैंपियन स्कूल के ईशान सिंह ने जीते स्वर्ण और रजत पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीबीएसई द्वारा हाल ही में विदिशा के स्प्रिंफील्ड स्कूल में आयोजित सीबीएसई वेस्ट जोन तैराकी प्रतियोगिता में कैम्पियन स्कूल भोपाल के कक्षा सातवीं के छात्र ईशान सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 200 मी. ब्रेस्ट स्ट्रोक में 2.58.84 का सबसे कम समय निकालते हुए स्वर्ण पदक और 100 मी. ब्रेस्ट स्ट्रोक में 1.22.19 का समय लेते हुए रजत पदक जीता। सीबीएसई द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में म.प्र., राजस्थान, गुजरात के लगभग 800 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया था। ईशान की इस स्वर्णीम सफलता की बदौलत उसका चयन सितम्बर माह में सीबीएसई द्वारा भोपाल में अयोजित होने वाली नेशनल तैराकी प्रतियोगिता के लिए भी हो गया है। प्राचार्य फादर अमृतलाल टोप्पो एस.जे., उप प्राचार्य फादर फेबियानुस खलखो एस.जे., शारीरिक शिक्षा विभाग के एचओडी जोंसी कोशी और संजय मिश्रा समेत सभी ने ईशान की इस स्वर्णिम उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी और नेशनल प्रतियोगिता में उनके अच्छे प्रदर्शन करने के लिए कामना की।

### जिला स्तरीय बैडमिंटन में लिया 850 विद्यार्थियों ने भाग

## बिलाबोंग, आईवी ग्लोबल, एसपीएस स्कूल के बॉयज और गर्ल्स रहीं विजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सेज इंटरनेशनल स्कूल, अयोध्या नगर में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। विभिन्न विद्यालयों के लगभग 850 छात्र-छात्राओं ने अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग में उत्साहपूर्वक भाग लिया। खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए प्रतियोगिता को रोमांचक बना दिया। प्रतियोगिता का आयोजन एसजीएफआई के निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया गया।

प्रतियोगिता के दौरान बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तकनीक, आत्मविश्वास और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। पूरे आयोजन में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यालय प्रतिनिधियों का उत्साह देखने योग्य रहा। समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों, निर्णायकों, प्रशिक्षकों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

**प्रतियोगिता के प्रमुख परिणाम इस प्रकार रहे**

**बालक वर्ग**

**अंडर-14:** बिलाबोंग हाई इंटरनेशनल स्कूल विजेता एवं डीपीएस नीलबड़ उपविजेता।
**अंडर-17:** आईवी ग्लोबल स्कूल विजेता एवं जवाहर बीएचईएल स्कूल उपविजेता।
**अंडर-19:** एसपीएस स्कूल विजेता एवं जवाहर बीएचईएल स्कूल उपविजेता।

**बालिका वर्ग**

अंडर-14: एसपीएस स्कूल विजेता एवं डीपीएस उपविजेता।
अंडर-17: बिलाबोंग हाई इंटरनेशनल स्कूल विजेता एवं डीपीएस उपविजेता।

### 10 मीटर एयर पिस्टल (मास्टर वर्ग) स्पर्धा में प्रथम स्थान

## मप्र पुलिस के अधिकारी राकेश कुमार कुशवाह ने ओपन इंडिया प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक


पुलिस महानिदेशक ने 5 हजार रुपए के नगद पुरस्कार से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



पुलिस मुख्यालय, विसबल शाखा में पदस्थ सहायक पुलिस महानिरीक्षक, विसबल के निज सहायक,निरीक्षक (अ) राकेश कुमार कुशवाह (वरिष्ठ शीघ्रलेखक) ने ओपन इंडिया प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता-2026 की 10 मीटर एयर पिस्टल (मास्टर वर्ग) स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) अर्जित किया है। उनकी इस उपलब्धि से मध्यप्रदेश पुलिस का गौरव राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक बढ़ा है।

डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कुशवाह के उत्कृष्ट प्रदर्शन, खेल भावना एवं मनोबल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 5 हजार रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया है। डीजीपी ने कहा कि कुशवाह की सफलता उनके अनुशासन, कठिन परिश्रम, समर्पण एवं निरंतर अभ्यास का परिणाम है। राकेश इससे पूर्व भी मप्र पुलिस राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में रजत पदक (सिल्वर मेडल) अर्जित कर खेल प्रतिभा का परिचय दे चुके हैं। अब तक स्टेनो एवं लिपिकीय वर्ग के किसी अधिकारी की ओर से राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में सहभागिता कर इस प्रकार की उपलब्धि प्राप्त करने का उदाहरण सामने नहीं आया था। राकेश ने यह पहल कर न केवल स्वयं इतिहास रचा है, बल्कि पूरे स्टेनो एवं लिपिकीय वर्ग के लिए एक नई प्रेरणादायक राह भी प्रशस्त की है। उनकी यह सफलता इस संदेश को सशक्त करती है कि इच्छाशक्ति, समर्पण और निरंतर प्रयास से किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल की जा सकती है।



महर्षि महेश योगी संस्थान
द्विदिवसीय श्री गुरुपूर्णिमा महोत्सव
28 एवं 29 जुलाई 2026
-: सादर आमंत्रण :-

२८ जुलाई २०२६ समय: दोपहर ०२:०० से ०५:०० बजे तक


सुप्रसिद्ध भजन गायिका: डॉ. रिनदाना रहस्य एवं उनके साथीगण


शास्त्रीय नृत्य: सुश्री मुक्तिश्री एवं उनके साथीगण

२९ जुलाई २०२६ समय: प्रातः १०:३० से सायं ०५:०० बजे तक



वैदिक गुरु परम्परा एवं श्री गुरुदेव स्वामी ब्रह्मनन्द सरस्वती जी का पूजन तथा
श्री गुरुदेव व परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी के श्रीचरणों में वेद विद्या मार्तण्ड ब्रह्मचारी गिरीश जी द्वारा संस्थान की वार्षिक उपलब्धियों का अर्पण, भावी योजनाओं की प्रस्तुति और आशीर्वाद प्राप्ति

अन्य माननीय वक्ता
प्रो. भुवनेश शर्मा, पूर्व कुलगुरु
महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय
वैद्य श्री मधुसूदन देशपाण्डे, निदेशक
मल्टीस्पेशलिटी आयुर्वेद हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम (महा)
डॉ. प्रकाश जोशी, उपाध्यक्ष:
महर्षि शिक्षा संस्थान

स्थान: महर्षि उत्सव भवन, छान, भोजपुर मन्दिर मार्ग, भोपाल
सम्पर्क सूत्र: 9893700746, 9993099731 (प्रवेशाधिकार सुरक्षित)
May please also join on any of the following links at:
Website: www.ramrajtv.in YouTube: https://www.youtube.com/c/Ramrajtv/
Facebook: https://www.facebook.com/1Ramrajtv/

आयोजक
• महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह
• महर्षि वेद विज्ञान विश्व विद्यापीठम् • महर्षि विश्व शांति आन्दोलन

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930